जयपुर, सोमवार, 21 जुलाई, 2025
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 240

# जयपुर महानगर टाइम्स

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

(जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित)



# इंतजार खत्म... बीसलपुर बांध छलकने को तैयार

- **आज खोले जा सकते हैं गेट, रविवार को आया 37 सेंटीमीटर पानी**
- **315.04 आरएल मीटर पहुंचा गेज**

जयपुर। प्रदेश में लगातार हो रही तेज बारिश से अब खुशियां छलकने लगी हैं। पानी की आवक बढ़ने से कई बांध लबालब हो चुके हैं तो कुछ आगामी दिनों में पूरी तरह भर जाएंगे। बीसलपुर बांध भी लबालब होने को है। प्रशासन ने इसके गेट खोलने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। रविवार को बीसलपुर बांध में 37 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। बांध का जलस्तर बढ़कर 315.04 आरएल मीटर पहुंच गया। वर्तमान में त्रिवेणी 3.40 मीटर पर बह रही है। अगर बीसलपुर में पानी की आवक ऐसे ही बरकरार रहती है तो आगामी एक से दो दिन में बांध के गेट खोले जा सकते हैं।

# जोधपुर-जैसलमेर सहित कई जिलों में हुई बारिश

## बाड़मेर में कपड़ा व्यापारी की कुंड में डूबने से मौत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, डूंगरपुर, सिरोही, झुंझुनूं, राजसमंद, प्रतापगढ़, जालोर सहित कुछ अन्य स्थानों पर बारिश हुई। रविवार को जैसलमेर सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 34.8 और न्यूनतम 27.1 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर के दूदू में नरेना डैम की पाल टूटने से कई ढाणियों से संपर्क टूट गया है। कानोता डैम ओवरफ्लो हो गया है। नागौर के रियांबड़ी में तालाब भरने से सैकड़ों मछलियां सड़क पर तैरने लगीं। बूंदी में जगह-जगह जलजमाव होने के कारण गर्भवती महिला को जेसीबी से रास्ता पार कराया गया। केरल से अपने गांव आए बाड़मेर के कपड़ा व्यापारी की रविवार को कुंड में डूबने से मौत हो गई। टोंक के बरवास स्थित इस्लामपुरा बांध की पाल टूट गई। वहीं सबसे ज्यादा बारिश जोधपुर के बलेसर में 61 मिमी दर्ज की गई।



नागौर जिले के रियांबड़ी स्थित लाम्पोलाई तालाब से मछलियां बहकर सड़क पर आ गईं।



टोंक के बरवास स्थित इस्लामपुरा बांध की पाल टूट गई।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश माउंट आबू (सिरोही) में 145 मिमी दर्ज हुई। राज्य के ऊपर बना अवदाब कमजोर होकर डब्ल्यूएमएल में परिवर्तित हो चुका है तथा वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान एवं आसपास के पाकिस्तान क्षेत्र के ऊपर अवस्थित है।

### आज व कल हल्की-मध्यम बारिश की संभावना

मौसम केंद्र के अनुसार 21-22 जुलाई को उत्तरी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में हल्की-मध्यम बारिश की गतिविधियां दर्ज होने की संभावना है। राज्य के अधिकतर भागों में आगामी एक सप्ताह तक भारी बारिश की गतिविधियों में गिरावट रहेगी। हालांकि कुछ भागों में हल्की-मध्यम बारिश की गतिविधियां दर्ज होने की संभावना है। एक बार फिर 27-28 जुलाई से राज्य में तेज बारिश की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है।

## पीएम मोदी कल से करेंगे ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जाएंगे। जहां वे मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। मोदी यात्रा के पहले चरण में 23 जुलाई को दो दिन की ब्रिटेन यात्रा पर रवाना होंगे और इसके बाद दूसरे चरण में 25 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर मालदीव जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि ब्रिटेन में अपने समकक्ष के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं एवं मालदीव में प्रधानमंत्री डॉ. मुइज्जू से मुलाकात करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## पंजाब में बब्बर खालसा के 3 सदस्य गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**आईएसआई और आतंकी रिंदा से थे कनेक्शन, हथियार-हैंड ग्रेनेड बरामद**

**चंडीगढ़।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस पटियाला और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली की संयुक्त कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों पर 1 अप्रेल 2025 को पटियाला के बादशाहपुर और 6 अप्रेल 2025 को हरियाणा के अजीमगढ़ में पुलिस चौकियों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल होने का आरोप है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के अनुसार शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने दोनों हमले विदेश में बैठे बब्बर खालसा इंटरनेशनल के कार्यकर्ताओं मनु अगवान (ग्रीस) और मनिंदर बिल्ला (मलेशिया) के निर्देश पर किए थे। वे पाकिस्तान स्थित आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारों पर काम कर रहे थे।

## अहमदाबाद में एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, मौत

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद जिले के बगोदरा गांव में शनिवार रात एक ही परिवार के 5 लोगों ने जहरीली दवा पीकर आत्महत्या कर ली। मरने वालों में पति, पत्नी और उनके तीन छोटे बच्चे शामिल हैं। रविवार सुबह घटना का पता चला। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान विपुल वाघेला (32), उनकी पत्नी सोनल (26), बेटी करीना उर्फ सिमरन (11), बेटा मयूर (8) और बेटी प्रिंसी (5) के रूप में हुई है।

### बारिश-बाढ़ से हालात बिगड़े तो मुख्यमंत्री ने ली हाईलेवल समीक्षा बैठक

# एक्टिव मोड में आई भजनलाल सरकार, तीन आरएएस एपीओ

- **बारिश में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी**
- **हर जिले में कंट्रोल रूम एक्टिव, राहत कार्यों पर फोकस**
- **एसडीआरएफ-होमगार्ड्स को फील्ड में रहने के निर्देश**
- **बाढ़ राहत के लिए संभाग-जिला मुख्यालयों को सहायता राशि जारी**
- **नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि, हालात काबू में रखने के लिए अफसर रहें अलर्ट**

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** मानसून की बारिश ने राजस्थान के कई जिलों में कहर बरपाया तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कमान खुद संभाली और हाईलेवल बैठक कर हालात की समीक्षा की। बारिश से जलभराव, बांधों में पानी की बढ़ती आवक और कई जगह जनजीवन प्रभावित होने पर सीएम ने अफसरों को चेताया कि नागरिक सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे अलर्ट मोड पर रहें, हर छोटी-बड़ी जानकारी पर नजर रखें और फील्ड में जाकर काम करें। खासतौर पर निचले इलाकों और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी की जाए। इस बैठक में मिले फीडबैक के आधार पर तीन आरएएस अधिकारियों मांडल उपखंड अधिकारी छोटूलाल शर्मा, सवाई माधोपुर उपखंड अधिकारी अनूप सिंह एवं बागौड़ा उपखंड अधिकारी हीरसिंह चारण को एपीओ कर दिया गया।

बैठक में सीएम ने प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय रहें और हेल्पलाइन नंबरों का जमकर प्रचार हो, ताकि जरूरतमंद समय पर मदद मांग सकें। वहीं एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और होमगार्ड्स की टीमें पूरी तैयारी के साथ तैनात रहें। सीएम ने आगे कहा कि सभी जिले में जर्जर पुलों, टूटी सड़कों, जलभराव वाले इलाकों की विधानसभावार रिपोर्ट जल्द तैयार कर भेंजे। साथ ही चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा गया है।

### बांध और नहरें भी रडार पर

बारिश के चलते कई जगह नहरों और बांधों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ा है। सीएम ने अफसरों से कहा कि क्षतिग्रस्त बांधों, नहरों और जर्जर इमारतों पर लगातार नजर रखी जाए और जरूरी मरम्मत कार्य बिना देरी किए जाएं।

### 'हरियालो राजस्थान' और जल संरक्षण पर भी चर्चा

बारिश के बीच मुख्यमंत्री ने पर्यावरण को भी याद रखा। उन्होंने कहा कि इस बार हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान को और प्रभावी बनाते हुए स्कूलों, पंचायतों और अस्पतालों को इस मुहिम से जोड़ा जाएगा। साथ ही 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान' के तहत बनी रिचार्ज संरचनाओं की स्थिति का भी मूल्यांकन कर रिपोर्ट देने को कहा गया।

### इन बातों पर भी फोकस

**प्रशासन अलर्ट मोड में**

सभी जिलों के प्रशासन को अलर्ट रहने और नदियों, तालाबों, जलाशयों के जलस्तर की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा गया। बाढ़ संभावित इलाकों में सतत निगरानी का निर्देश।

**जलभराव व पेयजल की व्यवस्था**

सीएम ने निर्देश दिए कि जलभराव वाले इलाकों में लोगों को पेयजल, खाद्य सामग्री और जरूरी चीजों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। प्रदेश के कुल बांधों की भराव क्षमता का 67 फीसदी हिस्सा भर चुका है, जिससे आगे और अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**विद्यार्थियों की सुरक्षा**

प्रदेशभर के स्कूलों के संबंध में निर्णय स्थानीय परिस्थिति के अनुसार लिया जाए। साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### बाढ़ से निपटने के लिए पैसा भी जारी

सरकार ने राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए संभागीय मुख्यालयों को 20 लाख और अन्य जिलों को 10 लाख रुपए की मदद पहले ही जारी कर दी है। साथ ही स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर भी एक्टिव रखा है।

# संसद का मानसून सत्र आज से

### पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर मुद्दे पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

## भाजपा बोली- हर सवाल का जवाब देंगे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह 21 अगस्त तक चलेगा। पिछली बार संसद की कार्यवाही बजट सत्र के दौरान मार्च और अप्रेल में हुई थी। इसके बाद बीते 108 दिन में पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर से लेकर एअर इंडिया प्लेन क्रैश तक काफी कुछ घटा है। मानसून सत्र में इन्हीं मुद्दों पर हंगामा होना तय है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मानसून सत्र में जोरदार हंगामा हो सकता है। पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, रूस के साथ बिगड़ते संबंध, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सीजफायर के दावे, एअर इंडिया विमान हादसे जैसे मुद्दे हावी रह सकते हैं। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की विदेश नीति को लेकर भी कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए ऑल पार्टी डेलिगेशन अलग-अलग देशों में भेजे थे। वहीं सबकी नजरें बिहार से जुड़े मुद्दों पर भी रहेंगी। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले ये आखिरी संसद सत्र होगा।



## सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने कहा- सरकार दे मुद्दों पर जवाब

### संसद चलाना सबकी जिम्मेदारी : रिजिजू

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को सभी दलों की बैठक हुई। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम हमले, सीमाओं पर संघर्ष, ट्रंप का सीजफायर दावा, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दों को उठाएंगे। प्रधानमंत्री सरकार के प्रमुख होते हैं, उनकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे संसद के जरिए इन मुद्दों पर देश को जानकारी दें। वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन चलाना सभी की जिम्मेदारी है। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर पर किए दावों पर भी उचित जवाब देगी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे से ज्यादा चली मीटिंग में कई वरिष्ठ मंत्री, एनडीए और विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा और पास करने का काम किया जाएगा।

### सरकार पेश करेगी आठ बिल

केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 विधेयक (बिल) पेश करने जा रही है। इनमें देश की भू-विरासत और पुराने अवशेषों की सुरक्षा से जुड़ा एक अहम बिल भी शामिल है। जो विधेयक लाए जाएंगे, उनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक प्रमुख हैं।

### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग मुद्दे पर दोनों दल सहमत

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने दस्तखत किए हैं। जस्टिस वर्मा अपने घर पर जली हुई नकदी मिलने के बाद से मुश्किल में हैं। मानसून सत्र में इस मुद्दे पर सरकार विचार करेगी या नहीं, इस पर रिजिजू बोले कि यह प्रक्रिया सभी दल मिलकर करेंगे। यह अकेले सरकार का काम नहीं है।

**प्रोजेक्ट** | तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया जा रहा दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम, भारत की जल सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

# भारत की सीमा के पास तैयार हो रहा चीन का 'वाटर बम'

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी (चीन में यारलुंग सांगपो) पर दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बनाना शुरू कर दिया है। शनिवार को चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने इसकी शुरुआत की।

एक रिपोर्ट के अनुसार इस डैम प्रोजेक्ट को बीजिंग ने दिसंबर 2024 में मंजूरी दी थी। ये बांध अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटे चीन के न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसकी कुल लागत करीब 167.8 अरब डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपए) बताई गई इसे लेकर भारत और बांग्लादेश दोनों ने गहरी चिंता जताई है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस बांध को भारत के लिए 'वाटर बम' बताया था। गौरतलब है कि करीब 2900 किलोमीटर लंबी ब्रह्मपुत्र नदी हिमालय के उस पार तिब्बत के पठार पर 2057 किलोमीटर दूर तक पश्चिम की ओर बहती है और उसके बाद अरुणाचल प्रदेश से होकर भारत में प्रवेश करती है। भारत के बाद ये बांग्लादेश में जाती है और फिर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है, लेकिन भारत में प्रवेश से ठीक पहले ये नदी एक यू टर्न लेती है। यही वह इलाका है, जहां चीन दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बना रहा है।

अभी दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर स्टेशन 'थ्री गॉर्जेस' डैम चीन के हुबेई प्रांत में यांग्जी नदी पर बना हुआ है। इसकी सालाना क्षमता 88 अरब किलोवाट प्रति घंटा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक परियोजना में पांच सीढ़ीदार (कैस्केड) हाइड्रोपावर स्टेशन शामिल होंगे। ये डैम सालभर में 300 अरब यूनिट (किलोवाट-घंटे) से अधिक बिजली बनाएगा। इस बिजली से 30 करोड़ लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।



### भारत भी ब्रह्मपुत्र पर बना रहा डैम

भारत भी अरुणाचल प्रदेश में इसी नदी पर एक बड़ा डैम बना रहा है। ब्रह्मपुत्र और सतलुज पर जल-प्रवाह डेटा को लेकर भारत-चीन के बीच 2006 से एक्सपर्ट लेवल मैकेनिज्म चल रहा है। पिछले साल दिसंबर में एनएसए अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा था। 2015 में चीन ने तिब्बत में 1.5 अरब डॉलर की लागत वाला जम हाइड्रोपावर स्टेशन शुरू किया था। तब भी भारत ने चिंता जताई थी कि चीन धीरे-धीरे ब्रह्मपुत्र के जलस्तर और दिशा पर कब्जा कर सकता है।

### भारत बांध का विरोध क्यों कर रहा?

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसी साल 3 जनवरी को एक प्रेस ब्रीफिंग में इस बांध को लेकर आपत्ति जताई थी। भारत ने कहा था कि ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने से निचले राज्यों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

### ये हो सकता है नुकसान

- बांध से चीन को ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित करने की ताकत मिलेगी, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में सूखा या बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। यह भारत की जल सुरक्षा नीति के लिए रणनीतिक खतरा है।
- बांध भूकंप-प्रवण क्षेत्र में बन रहा है, जिससे नदी पारिस्थितिकी, जैव विविधता और गाद प्रवाह पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इससे भारत और बांग्लादेश में मछली पालन और खेती प्रभावित हो सकती है।
- ब्रह्मपुत्र पर निर्भर पूर्वोत्तर भारत के किसानों और मछुआरों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है, क्योंकि जल प्रवाह और गाद की कमी से मिट्टी की उर्वरता कम होगी।
- यह परियोजना भारत-चीन संबंधों में तनाव बढ़ा सकती है, खासकर अरुणाचल प्रदेश की सीमा के पास। जल डेटा साझा करने वाले समझौतों की समाप्ति ने स्थिति को और जटिल किया है।
- बांध का असर बांग्लादेश, नेपाल और भूटान जैसे अन्य निचले तटीय देशों पर भी पड़ेगा। दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग की कमी इसे और चुनौतीपूर्ण बनाती है।

## वर्ल्ड एक्सपो 2025 ओसाका : 'नमस्ते' अभिवादन से हर्षित हुए जापानी

# चिनाब ब्रिज से होकर गुजरती वंदे भारत एक्सप्रेस पर हुए मोहित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जापान के ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो-2025 के इंडिया पैवेलियन ने सबको मोहित कर लिया है। यहां भारत के चिनाब नदी पर बने पुल को आगंतुक निहारते रहते हैं। उनके लिए यह भारतीय इंजीनियरिंग और नवाचार के नया उत्सव दिखा, जिससे बढ़ते भारत की नई इंजीनियरिंग मिसाल को दुनिया के सामने रखा।

ओसाका के यूमेशिमा द्वीप में यह एक्सपो आयोजित किया गया, इसमें दुनिया के 150 देशों से अधिक के दर्शक पहुंच रहे हैं, विशेषकर जापानी जनमानस, जिन्होंने भारत पैवेलियन को और विशेष रूप से भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी को अपनी जरूरी यात्रा का हिस्सा बना लिया है।

इंडिया पैवेलियन में भारत में बहती ऊर्जा को नजरअंदाज करना असंभव है। वंदे भारत एक्सप्रेस के भव्य मॉडल के सामने से गुजरते हुए, जो सफेद और नीले रंगों की चमक में सजी है। यहां जापानी परिवार उल्लासपूर्वक सेल्फियां ले रहे हैं, बच्चे हाई-स्पीड ट्रेन के मॉडल को उत्सुकता से निहार रहे हैं और तकनीकी जानकार इसकी विशेषताओं को पुस्तक की तरह पढ़ रहे हैं।

ये सब कुछ शानदार है। यहां भारतीयों के अभिवादन 'नमस्ते' का जापानी लगातार जवाब दे रहे हैं। जापानी आगंतुक मुस्कान के साथ हाथ जोड़कर भारतीय वालंटियर्स और अधिकारियों का स्वागत करते हैं। यह केवल शिष्टाचार नहीं, बल्कि आपसी सम्मान का भाव है। ओसाका में रहने वाली विश्वविद्यालय की छात्रा अकीको तनाका ने वंदे भारत के सामने पोज देते हुए कहा कि 'मुझे नहीं पता था कि भारत में इतनी तेज ट्रेनें भी चलती हैं! यह बहुत सुंदर है।' थोड़ा आगे, लोगों की भीड़ उस मिनिएचर मॉडल के चारों ओर जमा है - जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब ब्रिज है। कुछ लोग तो इसकी अलग-अलग एंगल से फोटो खींचने के लिए नीचे झुक जाते हैं। नागोया के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर बताते हैं कि यह एक संरचनात्मक चमत्कार है और यह हिमालय में बना है, यह अविश्वसनीय है।



### गर्व और खोज की साझी अनुभूति

वर्ल्ड एक्सपो में, यह केवल अवसंरचना की प्रदर्शनी नहीं है, यह आपसी गर्व और खोज की एक साझी अनुभूति का क्षण है। जापानी परिवार, जिन्हें आमतौर पर शांत और संयमित माना जाता है, यहां खुल कर भाग ले रहे हैं। वे मॉडल्स के साथ पोज कर रहे हैं, भारतीय प्रतिनिधियों से बात कर रहे हैं और 'वंदे भारत' व 'चिनाब' जैसे शब्दों को बोलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर उत्साह साफ झलकता है। कुछ तो भारतीय वालंटियर्स के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। यहां आए स्कूली बच्चे भी झुक कर एकसाथ कहते हैं 'नमस्ते इंडिया'! और भारतीय रेल नेटवर्क के डिजिटल मानचित्र के सामने ग्रुप सेल्फी लेते हैं। एक स्थानीय निवासी कहते हैं 'यह केवल रेल नहीं, बल्कि भारत के दिल की बात है। यह सपनों की बात है, जो कहीं न कहीं जा रहे हैं।'









### लोहे में बुनी कहानियां, देश को एकसूत्र में पिरोती भारतीय रेल

भारत का रेलवे खंड केवल मशीनों की प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत कथानक है। यह उस सिस्टम की कहानी है, जो हर दिन 2.3 करोड़ लोगों को उनके गंतव्य तक ले जाती है और यह कहानी दिखती है ऑगमेंटेड रियलिटी, इमर्सिव प्रोजेक्शन और वर्चुअल टूर के जरिए, जो भारत के पहाड़ों, मैदानों, जंगलों और रेगिस्तानों से होकर गुजरती है।

इस कड़ी में, हिमालय की पहाड़ियों में एक उफनती नदी के ऊपर 359 मीटर ऊंचाई पर खड़ा चिनाब ब्रिज, केवल वास्तुकला का अजूबा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस प्रदर्शनी का एक और आकर्षण है-अंजी खड्ड ब्रिज-कश्मीर के कठिन भू-भाग में बना यह भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल है। पर्यटक शांत भाव से चुपचाप वीडियो कवरेज देखने को खड़े हैं, जिसमें कंस्ट्रक्शन वर्कर हिमपात और भूस्खलन के बीच जूझते हुए निर्माण कार्य को पूरा कर रहे हैं।

इन इंजीनियरिंग के चमत्कारों के बीच भी, भावनात्मक कथा ही सबसे अधिक प्रभाव डालती है। प्रदर्शनी का एक हिस्सा एक भारतीय रेलवे स्टेशन जैसा सजा है-हिंदी में उद्घोषणाएं, चायवाले की आवाजें, और इंजन की घरघराहट-जिससे कई जापानी दर्शक भावुक हो उठते हैं। यह तकनीकी से ज्यादा एक सांस्कृतिक क्षण था।

### अंतिम छाप-तकनीक, स्टील और मुस्कान

जैसे-जैसे सूर्यास्त होने लगता है, रेलवे सप्ताह के अंतिम दिन भी इंडिया पैवेलियन-भारत में भीड़ बनी रहती है। लोग प्रदर्शनियां देख रहे हैं, तस्वीरें ले रहे हैं, बातें कर रहे हैं और रेल थीम आधारित संग्रहालय का दौरा कर रहे हैं। पास की दुकान से मसाला चाय की खुशबू और दूर कहीं से आती ट्रेन की सीटी की ध्वनि संगीत के साथ घुलती जा रही है। यहां हर आगंतुक वंदे भारत के मॉडल के सामने ठिठकता है और एक फोटो लेता है।



### विश्व के साथ कदमताल

वर्ल्ड एक्सपो 2025 की थीम रही 'हमारे जीवन के लिए भविष्य के समाज का निर्माण', जिसमें 'जीवन को बचाना', 'जीवन को सशक्त बनाना' और 'जीवन को जोड़ना' जैसे उप-विषय हैं। यह थीम भारत की प्रस्तुति में स्पष्ट झलकती है। भारतीय रेलवे, जो स्मार्ट इंजीनियरिंग, हरित तकनीक और मानव-केन्द्रित गतिशीलता का उदाहरण है, बताता है कि कैसे बुनियादी ढांचे को लोगों के लिए बनाया जाना चाहिए, न कि केवल बाजार के लिए। सौर ऊर्जा से संचालित स्टेशन, एआई-आधारित ट्रैफिक कंट्रोल, जल-संरक्षण उपाय और 2030 तक पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य, यह सब इंटरेक्टिव टचस्क्रीन और डिजिटल टाइमलाइन में प्रदर्शित है, जिसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सहजता से समझ सकते हैं। जब दुनिया भर में टिकाऊ विकास की चर्चा हो रही है, तब भारत की रेल प्रणाली यह दिखाती है कि यह कैसे किया जा सकता है।

---

# अति. पुलिस अधीक्षक के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गायत्री शिक्षा समिति की ओर से रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के जन्मदिवस पर झालाना कच्ची बस्ती में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के सचिव रामनारायण ने बताया कि सिद्धांत शर्मा गत दो वर्षों से सामाजिक सरोकार के कार्यों में जुटे हुए हैं। इनमें विधवा और दिव्यांग माता-पिता के गरीब बच्चों की प्राइवेट स्कूलों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाना, महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण, बालिकाओं के लिए ब्यूटी पार्लर कोर्स, जरूरतमंद लोगों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन के लिए प्रमाण पत्रों की सहायता सहित अन्य कार्य शामिल हैं। सिद्धांत शर्मा के जन्मदिवस पर झालाना क्षेत्रवासियों, समग्र सेवा मिशन एवं युवा टीम ने रक्तदान कर मानवता व परोपकार का उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर में रामनारायण कुवाल, नरशी कुमार बैरवा, अशोक कुमार महावर, बलवीर सिंह राठौड़, प्रीतम प्रकाश वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, अनिल भारतीय, अमन कुवाल, महेन्द्र भंडाना अशोक कुमार उज्ज्वल, राकेश (एडवोकेट), मनोज बैरवा (एडवोकेट), सुनीता कुवाल, राजेश्वरी, आशा बैरवा, हर्षिता प्रजापत, पारस कुवाल, सुरेश कुमार आलोरिया, विजय आलोरिया, गणेश कुमार (एडवोकेट), संजीव, आरिश खान, करतार, सुरेश कुवाल आदि मौजूद रहे।

# केकेएमएसएस की ओर से सामूहिक गोठ का आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कुम्हार कुमावत मेडिको सोशयल सोसाइटी (केकेएमएसएस) जयपुर टीम ने रविवार को सामोद हनुमानजी की जेडीए धर्मशाला 8ए में सामूहिक गोठ का आयोजन किया। इसमें जयपुर, सीकर एवं अन्य प्रदेशों के कुम्हार कुमावत समाज के मेडिकल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समाज के सभी लोगों बालाजी महाराज के दर्शन किए और पौधरोपण किया। साथ ही महिलाओं ने सावन के झूलों का आनंद भी उठाया। बाद में सभी ने दाल-बाटी, चूरमा का प्रसाद जीमा। गोठ में व्यवस्था का जिम्मा विशेष रूप से एसएमएस अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर भवानी शंकर एवं सुभाष ने संभाला। कार्यक्रम में

कांवटिया हॉस्पिटल के नर्सिंग ऑफिसर बंशीधर कुम्हार, वी 8एलिट हॉस्पिटल के डॉ. अमित, कांवटिया अस्पताल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. हरफूल चेजारा, एसएमएस के डॉ. रामसहाय, एसएमएस अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र राजोरिया, नर्सिंग ऑफिसर मुकेश, सीताराम, दिनेश, सुभिता, संतोष, दिव्या बालाजी, प्रवीण, ओमप्रकाश, नर्सिंग ट्यूटर शिशुपाल सहित सीकर एवं अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।

---

## सड़क पर गड्ढों और जलभराव से जनता परेशान, किया प्रदर्शन

# पानी में होकर गुजरने को मजबूर स्कूली बच्चे और बुजुर्ग

**जेडीए, नगर निगम व जनप्रतिनिधियों को कई बार समस्या से अवगत कराया**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बारिश से शहर की सड़कों के हाल बेहाल हैं। इसके अलावा ड्रेनेज सहित अन्य सुविधाओं के अभाव के चलते कॉलोनियों में बारिश का पानी भरा हुआ है। ऐसे में अब आमजन में सरकार के प्रति आक्रोश हो गया है। लोग सुनवाई नहीं होने से अब सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

सांगानेर में देव नगर मंगलम आनंद रोड पर बारिश से बने गहरे गड्ढों से स्थानीय जनता परेशान है। बच्चे कीचड़ और पानी में होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री कार्यालय, जेडीए, नगर निगम व जनप्रतिनिधियों को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस है। बिगड़ते हालात के चलते जनता में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने रविवार को जेडीए और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम मुर्दाबाद, जेडीए मुर्दाबाद व सरकार होश में आओ के नारे लगाए।

प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पूर्व पार्षद एवं निगम चेयरमैन कमल वाल्मीकि मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से गहरे गड्ढों में मलबा डालकर उन्हें भरा, ताकि आमजन तो थोड़ी राहत मिल सके। गौरतलब है कि सांगानेर में पिछले 20-25 वर्षों से भाजपा के विधायक रहे हैं, लगातार नगर निगम बोर्ड भी भाजपा का रहा है और इस बार तो मुख्यमंत्री भी सांगानेर विधानसभा से हैं, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इसलिए जनता के साथ मिलकर सरकारी सिस्टम की लापरवाही से बने गड्ढे अपने स्तर पर भरे जा रहे हैं।



### आधा दर्जन कॉलोनियों के लोगों ने किया प्रदर्शन

बारिश के बाद सड़कों पर भरे पानी से जनता परेशान हो गई है। इस समस्या को लेकर रविवार को जयपुर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 68 की आधा दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों ने गंदे पानी में उतरकर जेडीए के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

### मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा, हर अधिकारी तक गुहार, लेकिन सुनवाई नहीं



स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 15 साल से इस क्षेत्र की यही समस्या है। हर बार मानसून के दौरान पूरी कॉलोनी में पानी भर जाता है। इससे पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। वाहनों का चलाना भी मुश्किल हो गया है। पानी भरा होने से यहां मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इस समस्या के समाधान को लेकर क्षेत्रीय पार्षद विधायक से लेकर सरकार के हर अधिकारी तक गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। जेडीए के अधिकारी भी आंखों पर पट्टी बांध बैठे हुए हैं। इसकी वजह से आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनी में रहने के बावजूद हमारे इलाके में सीवरेज जैसी मूलभूत समस्या है। इससे सीवरेज का पानी घरों के बाहर जमा होने से गदंगी का आलम है। पूरे क्षेत्र की सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। बच्चों के ऑटो और वैन वालों ने गली में आना बंद कर दिया है। बच्चे पैदल स्कूल जाते हैं। इससे उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। अगर अगले 7 दिन में हमारी मांगों को पूरा कर बदहाल सड़क को दुरुस्त नहीं किया गया तो हम यहीं गंदे पानी में बैठ जल समाधि ले लेंगे। रविवार को ज्योति विहार, ज्योति विहार विस्तार, शिव विहार विस्तार बी, शिव विहार सी, बालाजी अपार्टमेंट ज्योति विहार विस्तार, वाई ब्लॉक इंजीनियर्स कॉलोनी, टी ब्लॉक इंजीनियर्स कॉलोनी और सोहन नगर ए के लोगों ने बारिश के बाद बदहाल सड़क, सीवरेज के पानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया।

---

# राजधानी में प्रथम युवा सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस आज

- **मंत्री संजय शर्मा, मंजू बाघमार होंगे अतिथि**
- **जलपुरुष राजेंद्र सिंह होंगे मुख्य वक्ता**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जलवायु कार्रवाई के लिए राजधानी में 'ग्रीन इंडिया के लिए सस्टेनेबिलिटी स्टोरीटेलिंग' कॉन्फ्रेंस का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वॉयसेज ऑफ भारत 'युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी' की ओर से आयोजित किया जाता है।

कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री संजय शर्मा करेंगे। कॉन्फ्रेंस में विशेष संबोधन प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री डॉ. मंजू बाघमार देंगी, जबकि मुख्य वक्तव्य जल पुरुष के रूप में पहचाने जाने वाले राजेंद्र सिंह देंगे, जो मैग्सेसे पुरस्कार एवं स्टॉकहोम वाटर प्राइज से सम्मानित हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस वर्ष 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर वॉयसेज ऑफ भारत- युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी पहल का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह राष्ट्रव्यापी पहल छात्रों को स्टोरीटेलिंग के माध्यम से जन-संवेदनशीलता और पर्यावरणीय कार्रवाई के लिए सक्षम बनाएगी। इस सम्मेलन का आयोजन सस्टेनेबिलिटी कर्मा की ओर से किया जा रहा है और लोक संवाद संस्थान इसका कार्यान्वयन सहयोगी है। कॉन्फ्रेंस में कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय आयोजन भागीदार के रूप में सम्मिलित हैं।

### 'युवा परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाएं'

सम्मेलन से पहले संजय शर्मा ने आधिकारिक न्यूजलेटर का विमोचन करते हुए कहा था कि आइए हम युवा परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाएं और हरित भारत का निर्माण करें, जबकि डॉ. मंजू बाघमार ने पूर्व में सम्मेलन के पोस्टर का अनावरण करते हुए कहा कि हमारे दादा-दादी, नाना-नानी अनुभव और मूल्यों की जीवंत पुस्तकालय हैं। उनकी कहानियां, जो गांवों और प्रकृति से जुड़ी होती हैं, युवाओं को पर्यावरण के प्रति पुनः जोड़ने की कुंजी बन सकती हैं। लोक संवाद संस्थान के सचिव और सह संयोजक कल्याण सिंह कोठारी ने कहा कि भारत के हरित भविष्य के लिए लाखों युवाओं को सस्टेनेबिलिटी के प्रति संवेदनशील बनाना अत्यंत आवश्यक है।

---

# लापरवाही : यात्रियों के लिए बनाए 100 से ज्यादा स्मार्ट क्यू शेल्टर्स हुए कबाड़, अतिक्रमियों की मौज

**करोड़ों रुपए खर्च हुए थे, ताकि यात्री बारिश-धूप में खड़े हो सकें, लेकिन बसें यहां रुक ही नहीं रहीं**

- **शेल्टर्स में नशेड़ियों और अतिक्रमियों का रहता है हर समय जमावड़ा**
- **शेल्टर से दूर या फिर बीच सड़क पर बस रोक कर हादसों को न्योता दे रहे बस चालक**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद में जेसीटीएल ने करोड़ों रुपए खर्च कर स्मार्ट क्यू शेल्टर तैयार किए थे। बिना किसी योजना के जल्दबाजी में बनाए गए इन शेल्टर्स पर बसें रुक ही नहीं रही हैं। इस कारण यात्रियों को शेल्टर से दूर या बीच सड़क पर बस से उतरना पड़ रहा है। एक आंकलन के मुताबिक शहर में 180 लो फ्लोर और 1200 मिनी बसों के माध्यम से रोजाना करीब 5 लाख से ज्यादा यात्री बसों से सफर करते हैं। सरकार की मंशा के अनुरूप जेसीटीएल ने शहर के विभिन्न स्थानों पर बसों के रुकने के स्थानों पर इन शेल्टर्स को लगाया था, लेकिन शहर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में चल रही लो फ्लोर और सिटी मिनी बसें निर्धारित शेल्टर्स पर रुक नहीं रहीं। इस कारण इन शेल्टर्स का औचित्य गर्त में चला गया है। शेल्टर से दूर या फिर बीच सड़क पर बसें रुकने पर हादसों का अंदेशा बना रहता है। राजधानी में करीब 100 से ज्यादा बस क्यू शेल्टर्स पूरी तरह से कबाड़ में बदल गए हैं। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए इन शेल्टर्स के पीछे जेसीटीएल का मकसद था कि यात्री बारिश-धूप में इनके नीचे खड़े हो सकें, लेकिन बस चालक निर्धारित जगह पर बसें नहीं रोक रहे हैं। अब जेसीटीएल का मानना है कि शहर में जिन स्थानों पर शेल्टर्स बनाए गए हैं, वहां बसों के ठहरने का कोई रूट प्लान तैयार नही किया गया, जिससे कारण इन्हें जल्द हटाया जाएगा।



वैशाली नगर के क्वींस रोड पर लगा बस शेल्टर हुआ कबाड़।

### करीब 145 शेल्टरों में से आधे से ज्यादा हुए बेकार

जेसीटीएल की अनुशंसा पर जेडीए की ओर से बनाए गए इन शेल्टर्स को अब हटाकर पुनः व्यवस्थित किया जाएगा। जेडीए के रिकॉर्ड में जयपुर में करीब 145 बस क्यू शेल्टर बने हैं, इनमें से 73 कबाड़ हालत में हैं। मात्र 70 शेल्टर सही हालत में हैं। अधिकतर शेल्टर की छत गायब हो चुकी है। रंग-रोगन नहीं होने से जंग लग चुका है। आसपास गंदगी के ढेर लगे हैं। कई शेल्टर पर अतिक्रमण हो गया है। कई में नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है।

### इन जगहों पर कबाड़ हुए शेल्टर्स

शहर के क्वींस रोड, खातीपुरा रोड, चौमूं पुलिया, अंबाबाड़ी, न्यू सांगानेर, भांकरोटा, कालवाड़, निवारू रोड, बस्सी, कानोता, वैशाली नगर, झाड़खंड मोड़, सांगानेर, प्रताप नगर और चांदपोल सहित अन्य जगह बने बस क्यू शेल्टर कबाड़ स्थिति में हैं। सीकर रोड और विद्याधर नगर में बने शेल्टर्स से यात्रियों के बैठने की सीट तक नहीं हैं। नाड़ी का फाटक अजमेर-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के पास के बस शेल्टर्स से कुर्सियां गायब हैं।

### बस स्टैंड समझकर खड़े रहते हैं यात्री

यात्री बसों में बैठने के लिए इन बस क्यू शेल्टर पर खड़े हो जाते हैं, लेकिन बसों के बीच रास्ते में रुकने पर उन्हें दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार भीड़ की वजह से यात्रियों की बस छूट जाती है। कई बार बस पीछे दौड़ने से सड़क पर गिर जाते हैं। जिससे कई बार हादसे तक हो चुके हैं।

# राजस्थान का 'बिहारी, चुनावों में पड़ेगा 'भारी'

## बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर 'प्रवासियों' को खंगाल रही भाजपा

## माइक्रो सियासी ऑपरेशनः सरल एप बना डिजिटल हथियार, हर वोटर की जानकारी भाजपा के पास

## भाजपा का मिशन-वोट से पहले जोड़ो दिल से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बिहार में चुनाव और तैयारी राजस्थान में, जी हां! भाजपा ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के नाम पर ऐसा सियासी पासा फेंका है, जो सीधे बिहार की सियासत को साधने वाला है। प्रदेश में रह रहे लगभग 6 लाख बिहारी वोटरों को भाजपा घर-घर खंगाल रही है, उनका डाटा जुटा रही है और संगठन से जोड़ने में जुटी है। इस अभियान के जरिए भाजपा उन प्रवासी बिहारी मतदाताओं तक पहुंच रही है, जो राजस्थान में रहते हैं, लेकिन वोटर आज भी बिहार के हैं। उनका पूरा डेटा फॉर्म भरवाकर पार्टी के आंतरिक सरल एप पर अपलोड किया जा रहा है।

इस चुनावी ऑपरेशन की कमान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी और पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन शर्मा को सौंपी गई है। इन दोनों के नेतृत्व में राजस्थान के हर जिले, हर विधानसभा और हर मोहल्ले में बिहारी वोटर की पहचान और जोड़-तोड़ की रणनीति पर काम हो रहा है। मकसद साफ है यहां रह रहे बिहारी वोटरों को भाजपा से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर बिहार में वोट डलवाना।




### कितने वोटर टारगेट पर?

राजस्थान में करीब 6 लाख प्रवासी बिहारी वोटर हैं, जिनमें बड़ी संख्या में बिहार में ही पंजीकृत मतदाता हैं। भाजपा इन्हें खंगाल रही है। इसे लेकर हर जिले में 1 संयोजक, 3 सहसंयोजक और हर विधानसभा पर प्रभारी लगाए गए हैं।

### कल्चर से कनेक्शनः हमारा त्यौहार, भाषा और गौरव एक हैं

अभियान के दौरान मंचों से यही बताया जा रहा है कि छठ महापर्व हो या खाटू श्याम की यात्रा, भोजपुरी बोलने वाले हों या मैथिली, सब राजस्थान में समानता के साथ रहते हैं। यह सांस्कृतिक एकता भाजपा के लिए सियासी एकता में तब्दील हो रही है। कई जिलों में संवाद सभाएं रखी गई, जहां स्थानीय बिहारी वोटरों को ये नेता अपने ही घर के सदस्य की तरह संबोधित करते हैं।

### बिहारी नेता समझा रहे हैं, 'हम-तुम एक हैं'

भाजपा ने एक नई रणनीति के तहत राजस्थान में रहने वाले बिहारी मूल के मतदाताओं से सीधा संवाद शुरू किया है। पहले यह मुहिम मार्च 2025 में जयपुर, जोधपुर, गंगानगर, अलवर, कोटा और जयपुर दक्षिण जैसे छह जिलों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे पूरे 44 संगठनात्मक जिलों में फैलाया गया है। शुरुआत बिहार दिवस से की गई। दिलचस्प बात यह है कि इस अभियान में बिहार से एमएलसी, विधायक, समाजसेवी, पत्रकार, इनफ्लुएंसर और छठ पूजा समितियों के अनुभवी लोग बुलाए जा रहे हैं। ये बिहारी मतदाताओं को समझा रहे हैं कि कैसे बिहार और राजस्थान एक-दूसरे की अर्थव्यवस्था के पूरक बनते जा रहे हैं। वे बताते हैं कि कैसे बिहारी मजदूर, कारोबारी और प्रोफेशनल राजस्थान की अर्थव्यवस्था में मेनपावर का रोल निभा रहे हैं और बदले में यहां से सीख कर बिहार में भी विकास को रफ्तार दे रहे हैं।



### सरल एपः हर बिहारी परिवार से जुड़ने की डिजिटल मुहिम

भाजपा का सरल एप यानी संपर्क और रजिस्ट्रेशन लिंक एक खास डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके जरिए राजस्थान में रहने वाले हर बिहारी मूल के परिवार का डेटा इकट्ठा किया जा रहा है। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, पेशा, मूल जिला, बिहार का विधानसभा क्षेत्र, यहां की गतिविधियां जैसी जानकारी दर्ज की जा रही है। यह ऐप केंद्र से संचालित हो रहा है और दो राष्ट्रीय महामंत्री इसकी निगरानी कर रहे हैं। हर जिले में भाजपा की आईटी टीम इसे अपडेट कर रही है। यह डेटा आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव और राजस्थान 2028 की तैयारियों में भाजपा के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है। पार्टी को पता चल रहा है कि कौन वोटर कहां है और किससे जुड़ा है।

### इनका कहना है...



"भाजपा सिर्फ वोट नहीं, भावनात्मक जुड़ाव भी चाहती है, पूरे राजस्थान में इस अभियान से अन्य राज्यों के मूल निवासी से जुड़ा जा रहा है, लेकिन प्रथम चरण में बिहार राज्य के लोगों पर काम हो रहा है। भाजपा का मिशन है कि वोट से पहले दिल से जोड़ो, इसलिए हर बिहारी मतदाता से पहले पार्टी की रीति-नीति से सीधा जुड़ने का काम हो रहा है। जयपुर में सांगानेर, सिविल लाइंस, आदर्श नगर, मालवीय नगर में बड़ी तादात में बिहार के लोग रहते हैं।

**सुमन शर्मा,** सह संयोजक,
एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान

### ऐसे हो रही तैयारियां

- प्रवासी बिहारी परिवारों से संपर्क
- फॉर्म भरवाकर सरल ऐप पर डेटा अपलोड
- हर जिले में टीमें बनाकर 'डोर टू डोर' अभियान
- बिहार से नेताओं को बुलाकर संवाद व कार्यशालाएं
- दोनों राज्यों की संस्कृति का आदान-प्रदान।

### भाजपा को क्यों है भरोसा?

भाजपा का मानना है कि देशभर में 2 करोड़ बिहारी प्रवासी हैं, जिनमें से 1.3 करोड़ अब भी बिहार के मतदाता हैं। ये साइलेंट वोटर बनकर बड़ा फर्क डाल सकते हैं। इन वोटरों में बड़ी तादाद दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में रहती है। इसी वर्ग को टारगेट कर भाजपा 'घर का कनेक्शन और वोट का निर्देशन' की नीति पर चल रही है।

### पहले भी हुआ प्रयोग...

हरियाणा और महाराष्ट्र में भाजपा ने प्रवासी वोटरों पर छोटे स्तर पर काम किया था, लेकिन बिहार पहला राज्य है, जहां ये रणनीति फुल स्केल पर लागू हो रही है।

# ओउमाश्रय सेवाधाम में शराबबंदी आंदोलन पर किया मंथन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शिव विहार कॉलोनी मुहाना स्थित ओउमाश्रय सेवा धाम में रविवार को शराबबंदी के लिए जनजागरण अभियान एवं आन्दोलन की रूपरेखा पर मंथन हुआ। संस्थापक यशपाल यश ने बताया कि नशाखोरी एक सामाजिक बुराई है। इसके लिए राजस्थान में पूर्ण शराबबदी के लिए जनजागरण अभियान एवं आन्दोलन की रूपरेखा तैया की गई। इस अवसर पर केदार गुर्जर हॉकी खिलाड़ी, शारीरिक शिक्षा टीचर सरोज, भोलूराम चौधरी, रामरतन गुर्जर, पवन आर्य, संजय शर्मा, शुचि शर्मा, अदिति, सूरज खटाना आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली में आदिवासी संस्थान के ब्लॉक-ए का लोकार्पण



## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने गिनाईं शिक्षा और विकास की योजनाएं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को अखिल भारतीय जनजाति विकास संघ द्वारा दिल्ली में निर्मित आदिवासी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान के ब्लॉक-ए के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी मौजूद रहे। यादव ने लोकसभा चुनाव में मीणा समाज से मिले समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद राजगढ़ रेलवे स्टेशन का विकास कराया, ईआरसीपी योजना में राजगढ़ को जोड़ा और ग्राम बजेड़ा में केंद्रीय विद्यालय शुरू कराया है। बालिकाओं की शिक्षा के लिए यादव ने कहा कि अलवर में मीणा छात्रावास निर्माण के लिए संसद कोष से 1 करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की समाज सेवा और संघर्षशील स्वभाव की सराहना की।

# बच्चों को मिलीं 7 व्हीलचेयर प्रतिभा प्रदर्शनी ने मोहा मन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र के रंगायन थिएटर में प्रयास वोकेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मेंटली हैंडीकैप्ड का 29वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रयास के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य जीएस पुरी ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया, जबकि संजय जैन ने प्रयास के लगभग तीन दशकों के प्रेरणादायक इतिहास पर प्रकाश डाला। समारोह के विशिष्ट अतिथि जयपुर फुट के निर्माता डॉ. डीआर मेहता रहे। कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों, सामान्य बच्चों और डिप्लोमा अनुभाग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग नृत्य, योग प्रदर्शन और जागरूकता संदेशों से भरी मनोरंजक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक छात्रों को सरस्वती परमेश्वरन मेमोरियल ट्रॉफीज और अन्य पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर डॉ. मेहता ने सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त बच्चों के लिए 7 व्हीलचेयर प्रदान कीं, जो इन बच्चों के लिए एक बड़ा सहारा बनेंगी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भविष्य में प्रयास के साथ फिजियोथैरेपी संबंधित सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी दिया।



# शिक्षक राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विद्यार्थी तैयार करने के लिए करें कार्यः जुगल किशोर

## शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रांतीय कार्यालय में लिफ्ट व नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के लाल कोठी जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में नवनिर्मित मीटिंग हॉल व लिफ्ट का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य जुगल किशोर ने मौली बंधन खोलकर किया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि समारोह को संबोधित करते हुए जुगल किशोर ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) शिक्षा व शिक्षार्थियों के हित में कार्य करने वाला प्रमुख संघर्षशील संगठन है। संगठन के पदाधिकारी व शिक्षक राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत विद्यार्थी तैयार करने के लिए कार्य करें। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में संगठन द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों, रक्तदान शिविर, हरित पखवाड़े, पॉलीथिन मुक्त राजस्थान जैसे सामाजिक सरोकारों की प्रशंसा की। मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने संगठन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र व सामाजिक सरोकारों को लेकर संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। संगठन द्वारा चयनित पदाधिकारियों की कार्यशाला में तैयार की गई शिक्षक स्व आचार संहिता के बारे में बताते हुए सभी शिक्षकों से इस पर अपील करने की बात कही।




प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कुमार मीणा के अनुसार समारोह में संरक्षक रामेश्वर दयाल सैनी, सावित्री शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीना, महामंत्री नवीन शर्मा, मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, कोषाध्यक्ष बनवारीलाल गौतम, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा, राजेंद्र पारीक, राजकुमार मुंड प्रदेश सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# जयपुर को मिला जैनेश्वरी दीक्षाओं का सौभाग्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर स्थित चित्रकूट कॉलोनी के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास प्रवास में रविवार को आचार्य दिव्या तपस्वी सुंदर सागर महाराज ने दीक्षा जयपुर में करने की अनुमति प्रदान की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल जैन काशीपुरा व मंत्री मूलचंद पाटनी ने बताया कि सकल जैन समाज जयपुर की ओर से आचार्य सुंदर सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर जयपुर की पुण्य धरा पर दीक्षाएं करवाने का निवेदन किया गया जिसे आचार्य ने स्वीकार कर स्वीकृति प्रदान की।



आयोजन के लिए एक समिति बनाई गई जिसमें आचार्य के आशीर्वाद से राजीव जैन गाजियाबाद को मुख्य संयोजक एवं जितेंद्र जैन जीतू को सह संयोजक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर आचार्य ने प्रवचन करते हुए कहा कि जैनेश्वरी दीक्षा का कार्यक्रम पंचकल्याणक कार्यक्रम से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पंच कल्याण में तो पाषाण से भगवान बनाया जाता है जबकि दीक्षा के अंदर एक जीवंत आत्मा को मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ने के लिए मुनि बनाया जाता है, जिससे वह अपने तपस्या व साधना से असंख्यक लोगों को आत्म कल्याण के मार्ग पर अगर्सित होने को प्रेरित करेंगे। आचार्य ने कहा कि यह सौभाग्य की बात ही है या कोई संयोग है कि मुनि दीक्षा का कार्यक्रम जयपुर में होने जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि जैनेश्वरी दीक्षा के इस महान आयोजन में तन मन धन से सहयोग कर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं। कोषाध्यक्ष महेंद्र सोगानी ने बताया कि दीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

# सभी डाकघरों में कल से लागू होगा आईटी-2.0 सॉफ्टवेयर

## आज डाकघरों में नहीं होगा लेन-देन का कार्य

**जयपुर (मसं)।** भारतीय डाक विभाग का राजस्थान परिमंडल भी डिजिटल होकर समय के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान परिमंडल अब एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन पर 22 जुलाई से कार्य करना शुरू कर देगा। यह टेक्नोलॉजी राजस्थान के सभी डाकघरों में लागू हो जाएगी। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित परिवर्तन को सक्षम बनाने के लिए सोमवार को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस कारण सोमवार को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाया जा रहा है। नई टेक्नोलॉजी के तहत एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन को बेहतर यूजर फ्रेंडली, तेज सेवा वितरण और अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। राजस्थान डाक परिमंडल ने अपने मूल्यवान ग्राहकों से अपील की है कि वे विभाग में हो रहे इस परिवर्तन से हो रही असुविधा से बचने के लिए अपनी योजना इस सूचना के अनुसार ही बनाएं।

# जवाहर कला केन्द्र में 23 को होगा परंपरा और नवाचारों का अनूठा संगम

## ध्रुवपद गायन प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन पर गुरु के सबक का प्रदर्शन करेंगे प्रतिभागी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 7 जुलाई से ध्रुवपद-गायन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन समारोह 23 जुलाई को सायं 3 बजे कृष्णयन सभागार में होगा, जिसमें विद्यार्थी अपने सीखे हुए सबक का प्रदर्शन करेंगे। इसमें इस बार ध्रुवपद के घरानेदारी के साथ कार्यशाला की विशेषज्ञ गुरु विदुषी प्रोफेसर डॉ. मधु भट्ट तैलंग एवं उनके गुरु पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग द्वारा सृजित रचनाओं के नवाचार खास होंगे। साथ ही वर्षा ऋतु पर भारतीय परम्परानुसार शिव की वंदना के लिए शिव पर आधारित रागें एवं रचनाओं का प्रदर्शन भी होगा। कार्यशाला में वैदिक ओमकार-साधना, गणपति, शारदा एवं गुरू स्तोत्र, कोमल, शुद्ध एवं तीव्र स्वर-साधना के लिए 10 थाटों का अभ्यास, ध्रुवपद में प्रयुक्त सभी प्रचलित और साथ ही कुछ अप्रचलित रूद्र आदि तालों को हाथ से लगाने के कुछ खेल-खेल में तरीके सिखाए गए। वर्षा ऋतु में भारतीय सनातन संस्कृति में शिव की आराधना का विशेष महत्व होता है इसलिए विशेष रूप से शिव से जुड़ी कुछ प्रचलित-अप्रचलित रागों का प्रदर्शन होगा। तानपुरे पर आचुकी सागर, पखावज पर प्रतीश रावत एवं सारंगी पर अमरुद्दीन संगत करेंगे।

# राजकीय मंदिरों में देवस्थान विभाग की ओर से रुद्राभिषेक का आयोजन

## प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि की होगी कामना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्रावण माह में प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं अनुकूल वर्षा की मंगल कामना के लिए देवस्थान विभाग की ओर से रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। चांदनी चौक स्थित त्रिपोलिया बाजार के राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री प्रतापेश्वर जी महाराज में सोमवार को देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत रुद्राभिषेक करेंगे।

इस अवसर पर जोराराम कुमावत ने बताया कि विभाग की ओर से राज्य के मंदिरों में रुद्राभिषेक करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सिर्फ उन्हीं मंदिरों में होंगे जो प्रत्यक्ष रूप से देवस्थान विभाग के अधीन हैं। मंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रदेशवासियों के कल्याण और धार्मिक भावना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे समाज में धार्मिक चेतना के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि श्रावण मास भगवान शिव का प्रिय मास है और सोमवार के दिन भगवान शिव का पूजन विशेष फलदायी माना जाता है। इसलिए विभाग ने यह निर्णय लिया है कि श्रावण के प्रत्येक सोमवार को राज्य के 80 विभागीय मंदिरों में रुद्राभिषेक और शिव पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में आम श्रद्धालु भी मंदिर में उपस्थित रहकर भगवान शिव का पूजन कर सकेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।



## रोटरी क्लब के सदस्यों ने किया झालाना लेपर्ड रिजर्व का भ्रमण

**जयपुर (मसं)।** रोटरी क्लब जयपुर साउथ के सदस्यों ने रविवार को झालाना लेपर्ड रिजर्व का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने हरियाली की चादर ओढ़े पहाड़ों के साथ ही विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों को भी निहारा। अध्यक्ष रोटेरियन पायल चौधरी और सचिव रोटेरियन शुक्ला ने बताया कि सदस्यों ने सफारी से पहले यहां इंटरप्रिटेशन सेंटर देखा। जहां बघेरे, हाइना, जैकोल, नीलगाय सहित अन्य प्रजातियों के वन्यजीवों की फोटोज को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेन्द्र सिंह शेखावत और रोहित गंगवाल ने क्लब की अध्यक्ष पायल चौधरी को झालाना लेपर्ड रिजर्व पर प्रकाशित एक पुस्तक भेंट की।

# समर्पण संस्था ने सेक्टर-26 में पौधरोपण कर किए पौधे वितरित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर सेक्टर-26 के जोन 265 स्थित पार्क में समर्पण संस्था की ओर से रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त अनिल कुमार जैन रहे। अध्यक्षता संस्था सचिव कमल नयन खण्डेलवाल ने की।




अनिल कुमार जैन ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत है। वृक्षारोपण को गंभीरता से लेकर नियमित पेड़ लगाने चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल ने समर्पण प्रार्थना के साथ की। संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने संस्था गतिविधियों की जानकारी दी। संस्था सदस्यों ने पार्क में व बाहर खुले स्थान पर कुल 60 बड़े पेड़ लगाए। साथ ही छोटे पौधे उपस्थित नागरिकों को अपने घरों में लगाने के लिए वितरित किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता राकेश जिन्दल व समाजसेवी शंकर लाल शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नागरिक विकास समिति की अध्यक्ष माया देवी व समाजसेवी जयन्त कुमार शर्मा, हेमन्त शर्मा, जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

# 191 प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेरी गेट के पास स्थित अग्रवाल कॉलेज परिसर के ऑडिटोरियम में सिंधी समाज के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

सिंधी एकता मंच समिति के तत्वावधान में आयोजित समारोह में 191 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक तुलसी त्रिलोकानी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायाधीश एवं राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जी.आर. मूलचंदानी ने की।



इस मौके पर 2025 की नीट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सिंधी समाज के होनहार छात्र महेश कुमार पेशवानी के साथ जयपुर जिले में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड की परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 191 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ समाज के गणमान्य एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर एवं एसपी ने बड़े नाले के निर्माण का किया निरीक्षण

## बाबा बावड़ी के बाशिंदों को जल भराव से मिलेगी निजात

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** जिला कलेक्टर प्रताप सिंह जिला एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने रविवार को जोधपुर रोड स्थित बाबा बावड़ी के सामने नगरपरिषद द्वारा बनाए गए पर्याप्त चौड़ाई के बड़े नाले का अवलोकन किया एवं अत्यधिक मात्रा में बरसाती पानी की निकासी की स्थिति को भी देखा।

बड़े नाले के निर्माण होने से बाबा बावड़ी में पानी के भराव की स्थिति नहीं रहेगी एवं यहां के बांशिदों को पूर्व में छोटे नाले के निर्माण से बरसाती पानी के ओवरफ्लो होने से कॉलोनी में होने वाली बाढ़ की स्थिति से भी निजात मिलेगी। जिला कलेक्टर ने नाले के निर्माण एवं उसमें होने वाली पानी निकासी का भी अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त नगरपरिषद लजपालसिंह सोढ़ा भी उपस्थित रहे।

### उपखंड अधिकारी भणियाणा ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षणः अवरोध हटाने के दिए निर्देश

## जलभराव और डायवर्जन चैनल निर्माण कार्यों का लिया जायजा





**जैसलमेर।** जिला कलेक्टर प्रताप सिंह के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी भणियाणा महेशचंद्र मान ने रविवार को बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत रातडिया की रतिया नाडा में जलभराव की स्थिति का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने भूरासर गांव में प्रारंभ हो रहे डायवर्जन चैनल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, दिशा और बहाव के सुचारू संचालन की तकनीकी व्यवस्था का अवलोकन करते हुए कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, फलसूंड क्षेत्र में लिक नदी पर बन रहे डायवर्जन चैनल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य की गति तेज करने और अवरोधों को दूर करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने उपखंड क्षेत्र में संभावित डूब क्षेत्र राटेरिया नाडा, फुलसर गांव एवं फलसूंड में लिक नदी के संपूर्ण बहाव क्षेत्र का निरीक्षण कर जहां-जहां जल प्रवाह में अवरोध पाए गए, वहां ग्राम विकास अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए अवरोध हटाने के निर्देश प्रदान किए।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ सभा आज नीमकाथाना में

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** मिलन मैरिज गार्डन, नीमकाथाना में सोमवार को प्रातः 10 बजे देश व प्रदेश में संविधान एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हो रहे हमलों के विरोध में संविधान बचाओ सभा होगी।



सभा को राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश, राजस्थान सहप्रभारी चिरंजीव राव, सीकर जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला, जिला प्रभारी विशाल जांगिड़, विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र बेनीवाल सहित अनेक नेता संबोधित करेंगे। स्थानीय नेताओं ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा हमारे संभाग व जिले को समाप्त करना, नगरपरिषद को तोड़कर नगरपालिका बनाना, पंचायती राज व नगर निकाय के चुनाव संविधान के अनुसार समय पर नहीं करवाना, यह लोकतंत्र व संविधान पर सीधा हमला है। संविधान की भावना के खिलाफ जनता की आवाज को दबाया जा रहा है।

## ब्राह्मण समाज ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष का किया अभिनंदन

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को आयोजित समारोह में श्री परशुराम मंदिर परिसर में भाजपा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष पं. लालचंद गौतम का समाज बंधुओ द्वारा माला व साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को संगठित रहना चाहिए। साथ ही एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने भाजपा के विकास कार्य का जन-जन में प्रचार करने का आह्वान भी किया गया एवं जिला उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। समारोह में मौजूद महासभा के जिला अध्यक्ष खेमराज गौतम, पं. रवि शास्त्री, पं. भुनेश्वर शर्मा, मुकेश गौतम, दीपक गौतम, राजेंद्र शर्मा, हनुमानप्रसाद शर्मा, अनिल शर्मा, मदन मोहन शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, अनूप शर्मा, लोकेंद्र शर्मा, बल्लू गौतम, सुरेश गौतम आदि ने 108 पौधे लगाने का संकल्प भी लिया।



# बैनाड़ा धाम पर आयोजित शिविर में 366 यूनिट रक्त एकत्रित

### वरिष्ठ जन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

महानगर संवाददाता




**बस्सी।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश बसवाला दुर्गापुरा के जन्म दिवस पर श्री जी बैनाड़ा धाम बस्सी में समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बैनाड़ा धाम सिद्धीपीठ कल्याण जी मंदिर के महंत रामदयाल दास महाराज ने दीप प्रज्वलन कर की। साथ ही महाराज श्री का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश बसवाला दुर्गापुरा ने बताया कि जन्मदिन आमतौर पर सभी लोग मनाते हैं, लेकिन जन्मदिन का मतलब मैं अपने मन की भावना से यह समझता हूं कि जन्मदिन के अवसर पर फिजूल खर्ची ना करके जनसेवा और वरिष्ठ जनों का सम्मान करके रक्तदान शिविर सहित भूखे को खाना खिलाएं और गौशाला में अपनी यथाशक्ति के अनुसार चारा डलवाएं, जिससे देश और प्रदेश में कोई भूखा ना रह सके।

इस अवसर पर सर्व समाज की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं की ओर से 366 यूनिट रक्त दान किया गया।



शिविर में सर्व समाज के युवाओं सहित महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर के अलावा आंखों की जांच भी की गई। कई लोगों का आंखों के निशुल्क ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया। निशुल्क ब्लड एवं घुटने व दांतों की जांच की गई। इस अवसर पर 300 लोगों ने घुटनों की समस्या बताई, जिनमें से 25 लोग ऑपरेशन क़े लिए चिन्हित किए गए हैं। 308 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमे 40 लोगो के ऑपरेशन होंगे। वहीं 895 साधारण जांच की गई। हृदय रोग की 86 जांच की गई। 180 लोगों के दांतों की जांच की गई।

राकेश शर्मा चौमूं ने बताया कि कार्यक्रम में 735 वरिष्ठ जनों व वृद्धजनों का सम्मान किया गया, इस अवसर पर दौसा पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा, जलदाय मंत्री कैलाश चौधरी, विधायक बाल मुकुंदाचार्य, विधायक कैलाश वर्मा, महेंद्रपाल मीणा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, कन्हैयालाल मीणा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व आईईएस अफसर चन्द्रमोहन मीणा, समाजसेवी प्रकाश गोगोरिया, प्रकाश, शंकर, मुकेश, राजेश भाजुपुरा, रामावतार, सोहन, अरुण ब्रह्मपुरी, बद्रीनारायण कालवानिया, सूरज कालवानिया बस्सी, रविशंकर बोहरा, अनुज बसवाला, हरिनारायण पंचोली चौमूं, रामप्रसाद ड्योडाचोड, सत्यनारायण, रामस्वरूप, लक्ष्मी नारायण, महिला शक्ति ममता शर्मा, विद्या शर्मा, संतोष शर्मा, पिंकी शर्मा, आशा शर्मा सहित सर्व समाज के सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।

## 'जिनवाणी सुनकर पुण्यशाली जीव मोक्ष की ओर होता है अग्रसर'



महानगर संवाददाता

**फागी।** कस्बे के पार्श्वनाथ चैत्याल्य में विराजमान आर्यिका सुरम्यमति माताजी ससंघ वर्षायोग वाचना में धर्म की प्रवाहना बढ़ाते हुए ज्ञान की गंगा बहा रही हैं। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि रविवार को जैन धर्म के 17वें तीर्थंकर कुन्थूनाथ भगवान के गर्भ कल्याणक का सामूहिक रूप से अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की गई।

इसके बाद आर्यिका ने प्रवचन श्रृंखला में श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए पुण्यवान जीवों पर जानकारी देते हुए कहा कि आचार्य भगवान कहते हैं कि भव्य पुण्यशाली जीव जिनवाणी सुनकर मोक्ष की अग्रसर होता है। आर्यिका ने बताया कि आप सभी पुण्यशाली हैं, जो यह संयोग बना पाए कि समय निकालकर जिनवाणी का आश्रव करने यहां पहुंच पाए अर्थात शुभ वचनों को सुनने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है एवं अशुभ वचनों के सुनने से पाप का बंध होता है। माताजी ने कहा कि गुरु आचार्यों का काम संयम जगाना होता है, लेकिन संयम पालन करना हमारा काम होता है।

वह मां की कोख धन्य हो जाती है, जिनकी कोख से कोई संत बन जाता है और मोक्ष मार्ग पर निकल जाता है। यदि हमें मनुष्य पर्याय मिली है तो हमें इसे भोगों में न खोकर पुण्य कार्य करते हुए पुण्य को और बढ़ाना चाहिए।

## प्रकृति संरक्षण एवं जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने लगाए पौधे

**सवाई माधोपुर (मसं)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वृहद पौधरोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रकृति संरक्षण एवं जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों में भी पौधे लगाए। समिति के कोषाध्यक्ष अजय गौतम ने बताया कि वृहद पौधरोपण के लक्ष्य को पूरा करने के क्रम में समिति के सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर पौधरोपण किया और उसके देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी।




## ओवरफ्लो होने के बाद गोलीराव तालाब की चली चादर

### क्षेत्र के किसानों के खिले चेहरे

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** इस बार क्षेत्र में अच्छी बारिश का दौर जारी होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इस बार क्षेत्र के अधिकांश ताल-तलैया तालाब लबालब हो चुके हैं। नदी-नाले उफान पर हैं। वहीं चाकसू की लाइफ लाइन कहा जाने वाला विशाल गोलीराव तालाब लबालब भर चुका है। रविवार से तालाब के उत्तर और दक्षिण दिशा में स्थित दोनों एनीकट से चादर चल पड़ी है। तालाब के चारों तरफ के कुएं, बावड़ी सहित हैंडपंप का एकाएक जल स्तर बढ़ गया है, जिससे किसानों की रबी और खरीफ की फसलों की बंपर पैदावार होने की संभावना है। किसान सहित आमजन चाकसू की लाइफ लाइन गोलीराव तालाब के ओवरफ्लो होने से फूले नहीं समा रहे हैं। कस्बे वासियों सहित किसानों को दो साल तक पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।



## निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का 118 मरीजों ने उठाया लाभ



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से रविवार को 460वां निशुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया, जिसमें श्रीमाथोपुर के अलावा नांगल, नाथुसर, कंचनपुर, होलियावास, लोग, कांवट, खंडेला, होद, खेडी-जाजोद के 118 मरीजों ने लाभ उठाया। क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार शिविर में डॉ. एस.एल. चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इंफेक्शन, जोड़ों का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। शिविर में क्लब के चार्टर अध्यक्ष राजेन्द्रप्रसाद कसेरा, पूर्व सह-प्रांतपाल डॉ. माधव सिंह, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के अन्य सदस्यों ने सेवाएं दी।

### मऊ ग्राम में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 आयोजित

## 'प्रतिभाओं के सम्मान से नए वातावरण का निर्माण'

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम मऊ में रविवार को 'प्रतिभा सम्मान समारोह 2025' का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता भामाशाह भूदरमल ठेकेदार ने की।

अतिथि के रूप वीरांगना भंवर कंवर, संत मुकेशदास, नरेन्द्र मोहन दास ब्राह्मण महासभा के डॉ. विजय जोशी, प्राचार्य हरिराम यादव, रामसुख शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार, नानूराम यादव आदि उपस्थित रहे। विप्र सेना के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि पवन तिवारी की टीम द्वारा गांव की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाकर सम्मान करने की परंपरा का शुभारंभ ग्राम में एक नए वातावरण का निर्माण करेगा। कार्यक्रम के संयोजक पवन तिवाड़ी ने कहा कि गांव की प्रतिभा का सम्मान करना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो न केवल उन व्यक्तियों को प्रोत्साहित करता है जिन्होंने कुछ विशिष्ट हासिल किया है, बल्कि पूरे समुदाय को प्रेरित करता है। समारोह को गांव के निवासी व साहित्यकार मानसिंह शेखावत, युवा साहित्यकार मायड़ भाषा कवि सांवरमल कुमावत, सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष तिवाड़ी ने भी संबोधित किया।

इससे पहले सन 1971 के शहीद बद्री सिंह शेखावत के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गांव की वीरांगना भंवर कंवर सहित लगभग 72 रिटायर्ड कर्मचारी एवं अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले ग्राम की प्रतिभाओं के साथ-साथ श्रीमाधोपुर के विशाल बोहरा का सम्मान किया गया। पवन तिवाड़ी ने बताया कि अब प्रतिवर्ष 10 जुलाई को गांव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नानुराम यादव, नागरमल तिवाडी, रतन चुलेट, दयालराम कुमावत, शंकर शास्त्री, समाजसेवी महेश सेन आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमाधोपुर आयुष चिकित्सालय का हुआ पौधों से श्रृंगार, संघ ने किया पौधरोपण

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** हाथों में पौधे, आंखों में हरियाली के सपने और हर दिल में श्रीमाधोपुर को हरा-भरा बनाने का संकल्प। यह नजारा दिखाई दिया श्रीमाधोपुर के नवीन आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में। हरियालो राजस्थान तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण गतिविधि द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



डॉ. चंद्रप्रकाश व्यास ने बताया कि ऐसे सामूहिक प्रयासों व पर्यावरण संरक्षण भावना के साथ लगभग सौ पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. महेश सोनी एवं समाजसेवी डॉ. माधवसिंह ने की।

डॉ. माधवसिंह ने कहा कि ये कार्यक्रम जन सहभागिता का अद्भुत उदाहरण है। केजीआई संस्थान के दिलीप शर्मा ने बताया कि ग्रीन श्रीमाधोपुर थीम पर हुए कार्यक्रम में औषधीय महत्व के पौधे रोपे गए। 22-23जुलाई को बालाजी विहार श्रीमाधोपुर में भी औषधीय पौधों का वितरण किया जाएगा। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों, नागरिकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया।

संघ पर्यावरण गतिविधि के सह जिला प्रमुख शिवपाल सिंह शेखावत ने बताया कि पौधरोपण अभियान अंतर्गत जिले भर में नवग्रह वाटिकाएं तैयार की जा रही हैं। सीकर विभाग प्रमुख सत्यप्रकाश चौधरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है। इसके दुष्परिणाम अत्यधिक गर्मी, बाढ़, सूखा आदि दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ऐसे अभियानों की बहुत जरूरत है।

कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. सत्यनारायण राव, डॉ. विनय खंडेलवाल, डॉ. नीरु पारीक, भगवान सहाय महर्षि ने संचालन किया। डा मनोहर पारीक ने नगरपालिका प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## लालपुरा विद्यालय में 18 कर्मचारियों ने एक साथ लगाए 18 पौधे

**लालसोट।** हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुरा में पौधरोपण किया गया। संस्था प्रधान चौथमल मीणा के नेतृत्व में 18 कर्मचारियों ने एक साथ 18 पौधे लगाते हुए पौधों के ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया गया। वहीं पौधों में नियमित पानी एवं देखभाल करने का संकल्प लिया। दूसरी ओर हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों को पौधा वितरण कर लगाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं को पौधरोपण का महत्व बताया। भगवान सहाय बैरवा ने हरियालो राजस्थान वेबसाइट के माध्यम से जिओ टैग कर प्रशस्ति प्रमाण पत्र डाउनलोड करने की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पंचायत शिक्षक धर्मेंद्र तिवाड़ी, बाबूलाल मीणा, जितेंद्र जांगिड़, विकास शर्मा, भौरीलाल बैरवा, पप्पूसिंह बंजारा, जितेंद्र सैनी, रामफूल बैरवा, हरिप्रकाश जांगिड़, व्याख्याता रामभजन मीणा, रामरूप मीना, माया मीणा, आशा मीणा, सुनीता मीणा, राकेश जांगिड़ उपस्थित रहे।



## सघन पौधरोपण एवं प्रेरणा अभियान का शुभारंभ

**नवलगढ़।** दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज तथा अन्य पोदार शिक्षण संस्थानों एवं कंगारू माइंड्स के संयुक्त तत्वावधान में सघन पौधरोपण एवं प्रेरणा अभियान-2025 का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विक्रमसिंह जाखल रहे, जिन्होंने कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर इस पर्यावरणीय पहल में अपना योगदान दिया। एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों, पोदार कॉलेज और पोदार टी.टी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने परिसर में पौधे रोपित किए। कार्यक्रम संयोजक प्रो. संदीप कुमार जांगिड़ ने जानकारी दी कि यह अभियान पूरे सप्ताह चलेगा।



विधायक जाखल ने पोदार ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि पोदार शिक्षण संस्थान सामाजिक सरोकार, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, खेल और रोजगार के क्षेत्र में नवाचार की प्रेरणास्रोत संस्था है। कॉलेज का स्वच्छ, हराभरा परिसर पर्यावरण जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण है।

पोदार ट्रस्ट के अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग, निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# उत्तराखंड सभा ने मोक्षधाम में किया पौधरोपण



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान उत्तराखंड सभा ने प्रदेश स्तरीय पौधरोपण अभियान के तहत जयपुर के निमेडा मोक्षधाम में पौधारोपण कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम के अतिथि बिंदायका थाना एसएचओ गोवर्धन सिंह, समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच रामकरण लाम्बा, समाजसेवी राजू चोपड़ा ने भी सभा पदाधिकारियों के साथ पौधे लगाए।

सभा प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावत और संरक्षक टीसी पाठक ने सामाजिक कार्यों की चर्चा करते हुए अभियान के तहत हजारों पेड़ लगाने को कहा। प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने कहा कि जहां होती है हरियाली, वहां आती है खुशहाली। इसी भाव से यहां पौधरोपण किया गया है।

संगठन मंत्री, प्रवक्ता आनन्द पांडे ने बताया कि सभा द्वारा जयपुर के निमेडा मोक्षधाम में 10 से 15 फीट के करीब 100 छायादार पेड़ लगाए गए। साथ ही सभा के अन्य जिले गंगानर, हनुमानगढ़, अलवर, उदयपुर, झुंझुनू, कोटा आदि में भी पौधरोपण कार्यक्रम के तहत हजारों पेड़ लगाए गए। साथ ही इन पेड़ों की अगले तीन साल तक देखरेख, पानी डालने आदि की जिम्मेदारी भी तय की गई। सभा की महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष बीना पंत, गोदावरी कांडपाल, रीता पांडे, साधना ध्यानी, आरती ढूंढियाल, प्रीति भट्ट, बीना ध्यानी, जयपुर जिला प्रकोष्ठ से कुलदीप सिंह नेगी, दुर्गा सिंह अधिकारी, मोहन ध्यानी, अंजुल नेगी, हरबंश नेगी, परमेश चौहान, दयाकृष्ण कांडपाल, बसंत भट्ट आदि ने मोक्षधाम में पेड़ लगाए साथ ही मोक्षधाम की साफ सफाई की गई।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए बीटू बाईपास पर किया पौधरोपण

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** राजस्थान नागरिक मंच के तत्वावधान में टोंक रोड पर जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित किए जा रहे मेट्रो एनक्लेव, बी टु बाईपास के नजदीक के क्षेत्र में प्लाट नम्बर 137 से लेकर 150 और उसके पीछे पार्क के भीतर 10 -10 फुट लम्बे 25 पेड़ों के साथ 15 पेड़ तरुछाया पार्क में रविवार सुबह लगाए गए। कार्यक्रम में राजस्थान नागरिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के साथ पूर्व बैंक अधिकारी जगदीश नारायण मीणा, सुशील शर्मा, नथूराम भूकर, दीनदयाल, प्रकाश, पप्पू मीणा आदि शामिल थे। वहीं तरुछाया पार्क में किए गए पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी डायरेक्टर पीआरओ देवदत्त शर्मा, सरस डेयरी के सत्यनारायण शर्मा, कपड़ा छपाई व्यवसायी चेतन, शीलू आदि समाजसेवी शामिल रहे।

## सावन में झूले में झूले सिया संग रघुनंदन

# समाज श्री सीताराम जी का झूला महोत्सव सम्पन्न

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** सावन महा की भक्ति-भावना से सराबोर वातावरण में रविवार को नेहरू नगर पानीपेच स्थित राधा गोपाल जी झालाणी निवास पर समाज श्री सीताराम द्वारा झूला महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। श्री सीताराम जी को रेशमी डोरी, चांदी के पाटे और मोतियों से सजे झूले में विराजमान किया गया।



झूले की सजावट में मोतियों का मुकुट, झालरदार झरोखे और रंगबिरंगे अलंकरणों से अनुपम झांकी सजाई गई, जिसका भक्तों ने दर्शन कर भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डुबकी लगाई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य रामशरण हल्दिया, अवधेश पोद्दार, मगन जी दूसाद, नारायण अग्रवाल, रामप्रसाद अग्रवाल, केशव अग्रवाल, ब्रजमोहन अग्रवाल व लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने ठाकुर जी को पद गाकर झूले में झुलाया। वहीं समाज की महिला सदस्य राजकुमारी अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल व उर्मिला झालाणी ने नृत्य व भजनों के माध्यम से ठाकुर जी को रिझाया। अयोध्या से आए भजन गायक सिता शरण ने हारमोनियम पर मधुर भजन प्रस्तुत किए और सीताराम जी ने नगाड़ा बजाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति मंत्री रामबाबू झालाणी ने बताया कि समाज श्री सीताराम जी मंदिर, छोटी चौपड़ से 24 अगस्त को भव्य परिक्रमा निकाली जाएगी।

# 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम, ताड़क बम' से गूंज उठी छोटी काशी

## 11 हजार शिवभक्तों ने निकाली विशाल कावड़ यात्रा

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** राधे-राधे क्लब नंदपुरी सिविल लाइंस की ओर से रविवार को 15वीं विशाल कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। विधायक गोपाल शर्मा टीम की ओर सिविल लाइंस में पहुंचने पर कावड़ यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

राधे राधे क्लब अध्यक्ष मनोज बंसल ने बताया कि 11000 कावड़ियों के साथ विशाल कावड़ यात्रा पवित्र तीर्थस्थल गलता जी से प्रारंभ होकर नंदपुरी स्थित श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। हजारों की संख्या में कावड़िए हर हर महादेव, बोल बम, ताड़क बम के जयघोष करते हुए चल रहे थे। गलता तीर्थ से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। महादेव जी, पार्वती और शिव गणों की सजीव झांकी के साथ भगवा वेशभूषा में कांवड़िए हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए बढ़ रहे थे। मंदिर महंत के सान्निध्य में जयपुर वासियों के कल्याण की कामना के साथ महादेव जी का जलाभिषेक किया गया। भोले नाथ का का चंदन, इत्र और फूलों से शृंगार कर महाआरती की गई।

कावड़ यात्रा का सिद्धेश्वर हनुमान के महंत जगतगुरु दिवाकर द्वराचार्य अवधेशाचार्य महाराज, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व विधायक अरुण चतुर्वेदी, अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा नं कावड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि राधे-राधे क्लब के तत्वाधान में हर साल रक्तदान शिविर, जन्माष्टमी महोत्सव जैसे बड़े आयोजन किए जाते हैं।

### शाही लवाजमे के साथ डीजे की धूम

राधे-राधे क्लब के संरक्षक राजेश बंसल ने बताया कि सुबह चार बजे नंदपुरी स्वेज फार्म सिद्धश्वर हनुमान मंदिर से कावड़िए बसों से गलता के लिए रवाना हुए। गलता पहुंचकर स्नान और पूजा-अर्चना की। गलता से कावड़ लेकर सोडाला के लिए रवाना हुए। सोडाला में हाथी, घोड़े, ऊंट, शाही लवाजमे के साथ डीजे की धुन पर कावड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते भक्ति नृत्य करते चल रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। जगह-जगह रास्ते में कावड़ियों के लिए क्लब की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई।

### ये रहे उपस्थित

यात्रा में क्लब के सरंक्षक गौरी शंकर जांगिड़, आनंद शर्मा, सचिव एडवोकेट जितेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष अंशुम खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमावत, कमल शर्मा, मीडिया संयोजक कृष्ण मुरारी, प्रमोद भारद्वाज, समाज सेवी जितेंद्र कुलश्रेष्ठ, राजा हाड़ा, संजीव शर्मा, राजेंद्र जांगिड़, अशोक पेंट वाले, कपिल सिंह, जितेंद्र सिंह, पिंटू शर्मा, लोकेश शर्मा, बिट्टू यादव, सौरभ कटारिया आदि शामिल रहे।



# गोविंददेवजी मंदिर में 25 हजार श्रद्धालुओं ने किया द्वादश ज्योतिर्लिंग का रुद्राभिषेक

## शिव-पार्वती की झांकी और भस्म आरती रही मुख्य आकर्षण

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** सावन माह के दूसरे सोमवार की पूर्व संध्या पर रविवार को गोविंददेवजी मंदिर शिवमय हो उठा। महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में आयोजित हुए महाकाल महाभिषेक, द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन और पंच कुंडीय शिव-गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में राधे-राधे और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल व बूरा से द्वादश ज्योतिर्लिंगों का रुद्राभिषेक किया।



कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने आराध्य गोविंददेवजी, सनातन बोर्ड संघर्ष समिति के संयोजक राहुल द्विवेदी, मंदिर एवं प्रतिमा निर्माण की विशेषज्ञ आचार्या हिमानी शास्त्री, आचार्य अनुपम जोली, वेद माता गायत्री और गुरुसत्ता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। पार्थिव शिवलिंग पूजन के साथ महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की गायत्री कचोलिया और गायत्री तोमर ने कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने महामृत्युंजय और गायत्री मंत्रों की आहुतियां देते हुए विश्व कल्याण की कामना की।



### शिव तांडव स्त्रोत ने भक्तों को भक्ति रस में डुबोया

कार्यक्रम में भजन गायकों दिनेश आचार्य और आशुतोष भट्ट ने भोलेनाथ की महिमा का गुणगान किया, वहीं कुसुम सिंघल द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव स्तोत्र ने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। शिव-पार्वती की झांकी, अघोरी रूप और उज्जैन महाकाल की तर्ज पर की गई भस्म आरती आयोजन के विशेष आकर्षण रहे।

कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा, सनातन बोर्ड संघर्ष समिति के सर्वेश्वर शर्मा और कुलदीप सुलोनिया, गुर्जर समाज के युवा अध्यक्ष गौरव गुर्जर, बीसलपुर ऑर्गेनिक फॉर्म एंड रिजॉर्ट के राजेश सैनी, गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्था मणिशंकर पाटीदार, कैलाश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# आज सजेगी भूले-बिसरे नगमों की महफिल

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** पांचजन्य संगीत फाउंडेशन समिति के तत्वावधान में सूफी संगीत, गजल और पुराने नगमों की एक सुरमयी शाम का आयोजन सोमवार को होटल रुद्र विलास के सभागार में किया जाएगा।

यह आयोजन शाम 6से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें देश के सुप्रसिद्ध गायक व स्व. रवीन्द्र जैन के शिष्य सुशील बावेजा (धनबाद) और इंडियन आइडियल फेम अतुल राव (जयपुर) अपनी स्वर प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में संगीत को जीवंत करने के लिए सुप्रसिद्ध वायलिन वादक महावीर रावल, की-बोर्ड प्लेयर आकाश, गिटार वादक रवि कुमार और तबला वादक विनय राव संगत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक विमल कुमार सोनी ने बताया कि पुराने भारतीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से शास्त्रीय और मधुर संगीत का स्थान शोरगुल वाले संगीत ने ले लिया है, ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाएं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से न सिर्फ श्रोताओं को सुकून मिलता है बल्कि युवा प्रतिभाओं को मंच भी मिलता है।

# दृष्टिहीन छात्रों ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संवर्धन का लिया संकल्प



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** ब्रेल लुइस दृष्टिहीन विकास समिति की ओर से संचालित आवासीय विद्यालय के दृष्टिहीन छात्रों ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए पौधरोपण किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के प्लांटेशन बोर्ड के तत्वावधान में रोड नंबर 15, वी.के.आई. क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्लांटेशन बोर्ड चेयरमैन सर्वेश्वर शर्मा ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। चिरायु हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. मोहित चौधरी ने दृष्टिहीन छात्रों का निशुल्क इलाज की घोषणा की। परिषद ने छात्रों को गमले व पौधे भी प्रदान किए। इसके लिए विद्यालय समिति के सचिव ओम अग्रवाल ने आभार जताया। इस अवसर पर परिषद के उप निदेशक प्रवीण शर्मा, जयपुर जिला प्रमुख विजेंद्र सिंह, स्टाफ, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 'हमारे राम' के कलाकारों ने गुप्त वृन्दावन धाम में लिया आशीर्वाद

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** जयपुर में गुप्त वृन्दावन धाम में रविवार को नाटक 'हमारे राम' के कालाकारों ने श्री कृष्ण बलराम के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। गौरतलब है की जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में प्रसिद्ध नाटक' हमारे राम' मंचन हुआ जिसमे बॉलीवुड कलाकार आशुतोष राणा रावण की भूमिका में हैं, यह नाटक दर्शकों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है, इसके पहले दो सीजन हाउसफुल रहे हैं। 'हमारे राम' के तीसरे सीजन के लिए आए कलाकारों में करन शर्मा (सूर्य देव), तरुण खन्ना (शिव), भानु प्रताप (लक्ष्मण) और दानिश अख्तर (हनुमान) ने जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में भगवान का आशीर्वाद लिया।

# प्रियंका जोधावत ने किया औचक निरीक्षण



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य स्तरीय दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिन आयुक्त संस्कृत शिक्षा प्रियंका जोधावत द्वारा औचक निरीक्षण किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा 1 से 8 तक लिखित संस्कृत विषय की पुस्तकों में निहित विषयवस्तु का छात्रों को सम्यक बोध कराने के निर्देश प्रदान किए।

उल्लेखनीय है कि संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत विषय की कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकों का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में निर्णय किया गया है। ये पुस्तकें भारतीय सनातनी परम्परा, नैतिक मूल्य, एवं समसामयिक विषयों से सुसज्जित है इन बहुरंगी पुस्तकों का प्रत्येक छात्र को सरल एवं सरस रीति से अवबोध हो सके, इस के लिए मुख्य संरक्षक व्यक्ति केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. वाई. एस. रमेश द्वारा दक्ष प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी गोपाललाल जाट, दक्ष प्रशिक्षक रामानुज पाण्डेय, डॉ. अनिल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन संभाग कार्यालय के उपनिरीक्षक डॉ. दुर्गाप्रसाद शर्मा ने किया।

इस मौके पर आयुक्त संस्कृत शिक्षा ने हरियालो राजस्थान 2.0 के तहत एक पेड़ मां के नाम रोपित किया।

# तीन दिवसीय मीरा चरित्र कथा का हुआ विश्राम



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्री लाडली जी में ठाकुर श्री किशोरी रमण एवं श्री चारभुजा नाथ जी के आशीर्वाद से चल रही तीन दिवसीय मीरा चरित्र कथा का रविवार को भव्य समापन हुआ। कथा का वाचन परम श्रद्धेय श्री राधा शरण महाराज ने किया।

कथावाचक ने कहा कि जीवन की सफलता का सर्वोत्कृष्ट मार्ग सत्संग है और यह मीरा के जीवन से स्पष्ट होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा वैष्णव वही होता है, जो दूसरों की पीड़ा को समझकर उनकी सहायता करे। भक्त और भगवान का संबंध आत्मिक होता है, जिसे केवल भक्ति के मार्ग से ही अनुभव किया जा सकता है। कथा के दौरान मीराबाई की भक्ति-यात्रा, उनके समर्पण भाव और चारभुजा नाथ के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा के प्रसंगों को सुंदर झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

# 250 जैन श्रद्धालुओं ने 9 स्थानों पर 37 मुनि-आर्यिका का लिया आशीर्वाद, जयकारों से गूंजे जिनालय

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ मानसरोवर संभाग द्वारा रविवार को मुनि आर्यिका दर्शन यात्रा का भव्य आयोजन वरुण पथ जैन मंदिर मानसरोवर से उपाध्याय उर्जयंत सागर महाराज का मंगल आशीर्वाद और सान्निध्य प्राप्त कर किया। इस दौरान प्रातः 7.15 बजे उपाध्याय उर्जयंत सागर महाराज ने सभी 250 श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद बाकलीवाल, मुख्य संयोजक कुलदीप छाबड़ा, संयोजक नरेश शाह, सुदर्शन पाटनी, सुनील गंगवाल, एडवोकेट शैलेन्द्र छाबड़ा, राकेश छाबड़ा आदि ने पचरंगा ध्वज पताका दिखा यात्रा को रवाना किया।

मुख्य संयोजक कुलदीप छाबड़ा ने बताया कि यात्रा ने वरुण पथ से प्रारंभ कर कीर्ति नगर में मुनि आदित्य सागर महाराज, महारानी फार्म में मुनि पावन सागर महाराज, दुर्गापुरा में आर्यिका सरस्वती माताजी, प्रताप नगर सेक्टर 8 में मुनि अरह सागर महाराज, सांगानेर चित्रकूट कॉलोनी में आचार्य सुंदर सागर महाराज, सांगानेर चौमूं बाग में आर्यिका नंदीश्वरी माताजी और झोटवाड़ा में उपाध्याय वृषभानंद मुनिराज ससंघ के कुल सभी 37 मुनि - आर्यिका माताजी का मंगल सान्निध्य प्राप्त किया और आशीर्वचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

यात्रा 7 बसों द्वारा की गई जिसमें कुल 250 यात्री सहित संघ परिवार के 15 सदस्यों एवं 14 संयोजकों ने भाग लिया। यात्रा में प्रिया बाकलीवाल, सुनीता जैन, शशांक जैन, रवि जैन, अनंत जैन शामिल हुए।

# भविष्य के हथियार

## उन्नत ड्रोन तकनीक युद्ध में निर्णायक

**ऑपरेशन** सिंदूर सही मायनों में भारतीय वायु सेना की श्रेष्ठता का एक अद्भुत प्रदर्शन था। निस्संदेह, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का पाकिस्तान को ना केवल कड़ा जवाब दिया, बल्कि नए दौर के युद्ध कौशल का सफल परीक्षण भी किया, लेकिन हम सिर्फ इससे आत्मसंतुष्ट होकर नहीं बैठ सकते। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यानी सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने दुनिया के मौजूदा परिदृश्य पर बिल्कुल सही कहा है कि आज का युद्ध कल की तकनीक से लड़ा जाना चाहिए, ना कि बीते जमाने की हथियार प्रणालियों से। दरअसल, हर पल बदलती युद्ध कौशल की तकनीकों में बात बढ़त लेने की है। यह एक हकीकत है कि जो भी देश ऐसा करने में विफल रहेगा, निश्चित रूप से उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उनका कहना सही ही है कि मानवरहित हवाई वाहन यानी यूएवी आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत गैर-संपर्क युद्ध के तेजी से विकसित होते परिदृश्य में एक बदलावकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन तकनीक के लगातार विकसित होते रहने से यह एक ऐसा घातक हथियार बन चुका है, जो दुश्मन देश के प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को तुरंत पहचानकर उन पर हमला कर सकता है। वास्तव में, भारत ऑपरेशन सिंदूर के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए अधिकांश ड्रोनों को मुख्य रूप से अपनी मजबूत वायु रक्षा प्रणाली के बूते ही बेअसर करने में सक्षम रहा। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भविष्य के किसी युद्ध में पाकिस्तान के करीबी सहयोगी उसे बेहतर यूएवी की आपूर्ति करेंगे, ताकि पाकिस्तान की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। इस खतरे के प्रति सतर्क रहते हुए भारत के लिए जरूरी हो जाता है कि हम यूएवी और मानवरहित स्वदेशी प्रणालियों के विकास पर अपना विशेष ध्यान केंद्रित करें। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि ये भारतीय परिस्थितियों और जरूरतों के भी अनुकूल हों। तभी हम आसन्न चुनौतियों का मुकाबला बेहतर ढंग से कर पाने में सक्षम हो सकेंगे। इसमें दो राय नहीं कि हाल ही के दिनों में यूरोप और एशिया में जारी संघर्ष के दौरान ड्रोन व मानवरहित विमानों ने निर्णायक भूमिका निभाई है। इस दिशा में भारत पूर्वी यूरोप में ड्रोन-प्रधान संघर्ष से सबक ले सकता है। जहां यूक्रेन ने सैन्य शक्ति, तोपखाने और टैंकों के मामले में रूस की बढ़त का मुकाबला करने लिए यूएवी का भरपूर इस्तेमाल किया है। यही वजह है कि यूक्रेन की इस रणनीति ने रूस को अपना ध्यान यूएवी तकनीक पर केंद्रित करने के लिए बाध्य किया है। रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिए किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिए तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिए यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा। ऐसे में परंपरागत युद्ध कौशल से आगे जाकर हमें नई चुनौतियों का मुकाबला करना है। हमें ना केवल अपनी सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि ड्रोन व यूएवी तकनीक में ऐसी महारत हासिल करनी है कि हम इनके निर्यातक के रूप में हथियार बाजार में अपनी पहचान बना सकें। निश्चित रूप से हम इससे अपनी विशाल युवा शक्ति के बूते और नई पीढ़ी के कौशल विकास से इन लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। इससे जहां हम बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकेंगे, वहीं दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकेंगे। हम देख रहे हैं कि दुनिया में आज उन्हीं देशों की कूटनीति का वर्चस्व है, जिनका हथियार उद्योग व तकनीकी नवाचार में बोलबाल है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के इस्तेमाल ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य के युद्धों की दिशा क्या होगी। भले ही अधिकतर ड्रोन हमने नष्ट कर दिए हों, लेकिन यह चेतावनी देने के लिए काफी हैं कि भारत को ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक में महारत हासिल करनी होगी। अब युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते, वे तकनीक, सूचना और डेटा के मोर्चों पर भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे में अनमेंड एरियल व्हिकल (यूएवी) और काउंटर-अनमेंड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) जैसी तकनीकों में आत्मनिर्भरता ही हमारी असली सुरक्षा कवच बन सकती है। स्वदेशी तकनीकों का विकास केवल आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए नहीं, बल्कि रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी सुरक्षा नीति को कमजोर बनाती है और आपात स्थितियों में निर्णय लेने की गति को बाधित कर सकती है। अब समय आ गया है कि भारत रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उत्पादन के नए मानक स्थापित करे। निजी क्षेत्र और स्टार्टअप्स को भी इस अभियान में भागीदारी देनी होगी। जब तक हम तकनीकी मोर्चे पर आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक युद्ध क्षेत्र में श्रेष्ठता पाना मुश्किल रहेगा। भारत को ना केवल युद्ध के लिए तैयार रहना है, बल्कि युद्ध की दिशा तय करने वाला राष्ट्र भी बनना है और यह तभी संभव है जब हम तकनीकी दृष्टि से स्वावलंबी बनें।



> **रक्षा विशेषज्ञों का आकलन है कि दोनों देश प्रतिवर्ष चौंका देने वाली लाखों की दर से ड्रोन बना रहे हैं। ड्रोन उत्पादन के क्षेत्र में यूक्रेन के एक महाशक्ति के रूप में उदय ने भारत को ऐसे क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया है, जहां अत्याधुनिक नवाचार ही सब कुछ है, अब चाहे इनका उपयोग किसी भी निश्चित उद्देश्य के लिए किया जाए। मसलन स्ट्राइक ऑपरेशन की निगरानी के लिए तथा रडार से छिपकर ये उड़ने वाली मशीनों को सुरक्षित बनाने के लिये। भारत के लिए यह सुनिश्चित करना एक चुनौती है कि उसके ड्रोन और ड्रोन-रोधी प्रणालियां दुश्मन के ड्रोन तकनीक से बेहतर सिद्ध हों। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में यूएवी परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में निर्णायक साबित होगा।**

# बिहार में अब जंगलराज में बदल रहा सुशासन!

ललित गर्ग

**बिहार** में एक बार फिर कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। बेखौफ अपराधियों का आतंक, दिन-दहाड़े हत्याएं, लूट, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध यह संकेत दे रहे हैं कि 'सुशासन बाबू' के नाम से मशहूर नीतीश कुमार का प्रशासन कहीं अपने वादों और आदर्शों से भटकता नजर आ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव की दस्तक के बीच आमजन में यह सवाल तेजी से उभर रहा है कि क्या बिहार में सुशासन अब फिर से जंगलराज में तब्दील हो रहा है? क्योंकि व्यापारियों, राजनेताओं, वकीलों, शिक्षकों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर लगातार की गई हत्याओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पुलिस इन घटना के लिए अवैध हथियारों और गोला-बारूद की व्यापक उपलब्धता को जिम्मेदार ठहरा रही है, पुलिस के उच्च अधिकारियों के कुछ बेतुके बयान हास्यास्पद एवं शर्मनाक होने के साथ चिंताजनक हैं। उनके हिसाब से जून में ज्यादा वारदात होती हैं, क्योंकि मानसून आने के पहले तक किसान खाली बैठे होते हैं। राज्य की राजधानी पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में दिनदहाड़े 5 शूटर्स ने जिस तरह एक गैंगस्टर की हत्या की, उससे यही लगता है कि कानून-व्यवस्था का डर खत्म हो चुका है। पिछले 10 दिनों में एक के बाद एक कई आपराधिक घटनाओं में व्यापारी गोपाल खेमका, भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार, एक 60 वर्षीय महिला, एक दुकानदार, एक वकील और एक शिक्षक सहित कई हत्याओं ने चुनावी राज्य को हिलाकर रख दिया है।

बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति को लेकर राजनीतिक घमासान चरम पर है। विपक्ष, खासकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस, जहां नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर लगातार हमलावर है, वही एनडीए इन मुद्दों पर जबावी एवं रक्षात्मक हमला करते हुए चुनाव पर इनके असर को बेअसर करने में जुटी है। लालू यादव के शासनकाल के 'जंगलराज' की भी याद दिलाने की कोशिश एनडीए की पार्टियां कर रही हैं, ताकि विपक्ष इन मामलों पर ज्यादा हावी ना हो। भाजपा के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का कहना है कि बिहार की जनता लालू राज में जो जंगलराज था, उसे भूली नहीं है। विपक्ष चाहे जो भी आरोप लगाए बिहार में आज सुशासन का राज है और जो घटनाएं हुई हैं, वह योजनागत अपराध के तहत हैं, जिस पर सरकार कार्रवाई कर रही है। हॉस्पिटल में जिसकी हत्या हुई, वह खुद हत्या के मामले में जेल में बंद था और फिलहाल पैरोल पर बाहर आया था। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वारदात में विरोधी गैंग शामिल हो सकता है। इसका मतलब कि राज्य में संगठित अपराध फिर सिर उठा रहा है। इसी महीने 4 जुलाई को बिहार के बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या हुई थी और उसमें भी भाड़े के शूटर्स का इस्तेमाल किया गया था। ऐसी हत्याएं बार-बार हो रही हैं, यह सिलसिला कहीं रुकता नहीं दिख रहा।

पक्ष एवं विपक्ष के राजनीतिक दल एवं नेता चाहे जो बयान दें, लेकिन बिहार में अपराध तो बढ़ ही रहे हैं, आमजनता में भय एवं असुरक्षा व्याप्त है। हाल ही राजधानी पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और गया जैसे प्रमुख शहरों में हुई हत्या और डकैती की घटनाएं ना केवल भयावह हैं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि अपराधी अब पुलिस और प्रशासन से नहीं डरते और पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण खत्म होता जा रहा है। सड़क पर चल रहे आम लोगों को दिनदहाड़े गोली मार दी जाती है, व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि बिहार भले अपराध में कई दूसरे राज्यों से पीछे दिखता हो, लेकिन सच यही है कि आंकड़े पूरी कहानी नहीं बताते। राज्य में ये अपराध तब हो रहे हैं, जब पूरा फोकस क्राइम कंट्रोल पर है। बिहार में



पिछले तीन वर्षों में अपराध दर में निरंतर वृद्धि हुई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण और लूट जैसे संगीन अपराधों में राज्य शीर्ष स्थानों में शामिल हो गया है। यह स्थिति ना केवल चिंताजनक है, बल्कि चुनावी राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनकर उभर रही है।

एक समय था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर उल्लेखनीय सुधार किए थे। लालू-राबड़ी शासन के समय जिसे जंगलराज कहा जाता था, उसके मुकाबले एक उम्मीद जगी थी कि बिहार अब विकास, सुरक्षा और शांति की राह पर है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में जनता फिर से असुरक्षा, भय और अराजकता के वातावरण में जीने को मजबूर है। इन स्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार के पास प्रशासनिक अनुभव है, गठबंधन के रूप में राजनीतिक ताकत है तो फिर अपराधियों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? बिहार में कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे के साथ हमेशा राजनीति का पहलू जुड़ा रहा है। राज्य के लोगों के जहन में कई बुरी यादें हैं और राजनीतिक बाजीगरी में यह कोशिश होती है कि वे यादें कभी कमजोर न पड़ें। अभी तक इसका फायदा सीएम नीतीश कुमार को मिला है। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हमेशा 'जंगलराज' के तौर पर पेश किया। लेकिन अब वही सवाल पलट कर उनकी ओर आ रहे हैं, जो आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चिंता एवं चेतावनी का सबब बनना ही चाहिए।

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण और गठबंधनों की जोड़तोड़ हमेशा से हावी रही है, लेकिन अब जो नया परिदृश्य बन रहा है, उसमें अपराध और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के आरोप भी आम हो गए हैं। हाल ही कई मामलों में नेताओं और जनप्रतिनिधियों के आपराधिक तत्वों से संबंध उजागर हुए हैं। यह स्थिति ना केवल लोकतंत्र के लिए खतरा है, बल्कि जनविश्वास की भी अवहेलना है। यदि अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलेगा तो फिर आम जनता के लिए न्याय और सुरक्षा केवल एक सपना बनकर रह जाएगा। हाल के अपराधों की घटनाओं ने विपक्ष को सरकार की नाकामी उजागर करने का मौका दिया है, जबकि भाजपा और जदयू रक्षात्मक रुख अपना रहे हैं और इन घटनाओं को योजनागत घटनाओं का नाम देकर राजद सरकार के समय की आपराधिक घटनाओं के साथ तुलना कर रहे हैं। मगर सूत्रों की मानें तो पार्टी इस बात को लेकर तैयारी जरूर कर रही कि यदि यह मुद्दा संसद के आगामी सत्र में विपक्ष उठाती है तो उस पर कैसे जवाब देना है? जिस बिहार की पूर्ववर्ती सरकारों के कानून एवं व्यवस्था की खराब स्थिति को मुख्य मुद्दा बनाकर एनडीए सरकार सत्ता में आई थी, अब यही मुद्दा विपक्ष के हाथ लग गया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस कदम चाहिए, ना कि केवल वादों की झड़ी। विपक्ष इस समय सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी में है और 'बदहाल कानून-व्यवस्था' को मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहा है।

आरजेडी-कांग्रेस भाजपा और नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं कि जिनके शासन में कभी सुशासन की मिसाल दी जाती थी, अब वही शासन अपराधियों के आगे बेबस नजर आ रहा है। बिहार के लिए यह समय आत्मचिंतन का है। सरकार को चाहिए कि वह पुलिस-प्रशासन को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दे, अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करे और राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त करे। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिले। बिहार इस समय एक निर्णायक मोड़ पर है। अन्यथा एक ओर पुराना भयावह जंगलराज लौटने की आशंका है, दूसरी ओर एक सक्षम, उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन की आवश्यकता। यदि वर्तमान सरकार इस संदेश को नहीं समझती तो आगामी विधानसभा चुनाव बिहार की राजनीति का नया अध्याय लिख सकते हैं, जिसमें सुशासन नहीं, जनाक्रोश निर्णायक भूमिका निभाएगा। जनता के लिए भी यह चुनाव एक अवसर है कि वे विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता के आधार पर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करें, ना कि जाति या चहेते दल के नाम पर।

# कर्नाटक और केरल में कांग्रेस की मुश्किलें

सुधीर कुमार शर्मा

**हाल** के वर्षों में कांग्रेस बार-बार यह साबित करती रही है कि उसने अपनी गलतियों और विफलताओं से कुछ भी नहीं सीखा। दक्षिण भारत के राज्य आज भी कांग्रेस की प्रतिष्ठा और राजनीतिक अस्तित्व को बचाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। तेलंगाना के बाद कर्नाटक एकमात्र बड़ा राज्य है, जहां कांग्रेस सत्ता में है, जबकि सर्वेक्षणों से संकेत मिलते हैं कि केरल में भी मतदाता अगले चुनाव में उसे सत्ता सौंप सकते हैं, पर आश्चर्यजनक रूप से इन दो अनुकूल राज्यों में भी पार्टी अंदरूनी उलझनों और राजनीतिक असमंजस से जूझ रही है।

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव में पार्टी को शानदार विजय मिलने के बावजूद वहां मुख्यमंत्री पद को लेकर शुरू से वैसी ही कशमकश रही, जैसी पहले छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में देखी गई थी। साल 2018 में छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने वापसी की थी, पर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव, राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट तथा मध्य प्रदेश में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच सियासी प्रतिद्वंद्विता खुलकर सामने आ गई। मध्य प्रदेश में तो सिंधिया इतने नाराज हो गए कि भाजपा का दामन थाम लिया। नतीजा यह रहा कि तीनों राज्यों में कांग्रेस सत्ता गंवा बैठी। कर्नाटक में भी यही कहानी दोहराई जा रही है। वहां कांग्रेस हाईकमान ने सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री के लिए चुना, जबकि डीके शिवकुमार भी मजबूत दावेदार थे। शिवकुमार के समर्थकों ने तब से प्रचार करना शुरू कर दिया कि सिद्धारमैया ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बने हैं और बाद में शिवकुमार पद संभालेंगे। अब ढाई साल बीतने को हैं और सिद्धारमैया ने स्पष्ट कर दिया है कि वे पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं, जबकि डीके शिवकुमार भी अपनी महत्वाकांक्षा को खुलकर प्रकट कर रहे हैं।

सिद्धारमैया बेहद सधी राजनीति करते हैं। उनके मुकाबले में डीके शिवकुमार अपेक्षाकृत युवा हैं, जिनके पास कर्नाटक कांग्रेस प्रदेश कमेटी की कमान भी है। वे कई बार कांग्रेस के लिए संकटमोचक की भूमिका निभा चुके हैं और खुद को मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार के तौर पर पेश करते आए हैं। एक तीसरे कद्दावर नेता गृह मंत्री जी परमेश्वर भी हैं, जो पहले उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। अगर वे भी दौड़ में शामिल हों, तो अचरज नहीं।

कर्नाटक में एक और दिलचस्प एंगल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी है। वे कहने को भले ही




'हाईकमान' का एक हिस्सा हैं, पर कहीं न कहीं स्वयं भी मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए उत्सुक नजर आते हैं। छह दशक से अधिक समय से राजनीति में सक्रिय और अनेक बड़े व महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके और फिलहाल राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे के मन में एक कसक हमेशा रही है कि उन्हें कभी अपने गृह प्रदेश कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य नहीं मिल सका। कभी वे धरम सिंह से मात खा गए तो कभी एसएम कृष्णा से। हाल ही जब उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री का फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगा तो यही माना गया कि वे खुद भी इस दौड़ में हैं और अंतिम निर्णय गांधी परिवार पर छोड़ना चाहते हैं। इन तमाम अंदरूनी खींचतान के बावजूद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कोई निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर पाया है, जबकि कांग्रेस हाईकमान को चाहिए कि वह राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की गलतियों से सबक ले और उन्हें कर्नाटक में दोहराने से बचे। राहुल गांधी के साथ समस्या यह है कि वह संकटों की पहचान तो करते हैं, पर समाधान नहीं सुझाते। हाल ही उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस में भाजपा के कई स्लीपर सेल सक्रिय हैं, जिससे पार्टी कमजोर हो रही है, पर उन्होंने यह नहीं बताया कि इनसे निपटने के लिए क्या किया जाएगा। इससे उनके नेतृत्व पर सवाल खड़ा हो जाता है।

दुविधा की ऐसी ही स्थिति केरल को लेकर भी पैदा हो रही है, जहां विधानसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है। कुछ सर्वेक्षणों में कांग्रेसनीत यूडीएफ की सत्ता में वापसी की संभावनाएं जताई जा रही हैं। इन सर्वेक्षणों में शशि थरूर सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर उभर रहे हैं और मुख्यमंत्री पद के लिए अच्छा चेहरा हो सकते हैं, पर थरूर को लेकर पार्टी हाईकमान पसोपेश में है। कांग्रेस के साथ एक दिक्कत यह भी है कि उसके नेताओं के बीच बयानबाजियां तो खूब होती हैं, पर पारस्परिक संवाद नहीं होते, जबकि संवाद राजनीतिक दल की कामयाबी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। केरल में तो कांग्रेस यूडीएफ का एक प्रमुख घटक है। उसे यूडीएफ के अपने सहयोगी दलों, जैसे आईयूएमएल, केरल कांग्रेस, आरएसपी, सीएमपी और केडीपी के नेताओं से भी बात कर जानना चाहिए कि शशि थरूर को लेकर उनका क्या रवैया है। चाहे कर्नाटक हो या केरल, ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांधकर चल रही है। इससे बेशक समस्याएं दिखनी बंद हो जाएंगी, पर वे खत्म नहीं होंगी, फिर कोई भी आंखों पर पट्टी बांधकर लंबी दूरी तक नहीं चल सकता, ठोकर लगना तय होता है। क्या कांग्रेस एक और ठोकर लगने का इंतजार कर रही है?

# राशिफल

**आज दिनांक 21 जुलाई, 2025, सोमवार, विक्रम संवत् 2082, सावन माह कृष्ण पक्ष एकादशी, रोहिणी नक्षत्र, बालव करण, वृद्धि योग, राहुकाल: सुबह 7:36 से 9.15 बजे तक, सूर्योदय सुबह 5:56 बजे, सूर्यास्त सायं 7:09 बजे, चंद्रोदय रात 1:56 बजे, चंद्रास्त सायं 4:10 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:06 बजे से 12:59 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:20 से 5:08 बजे तक, चंद्रमा वृषभ राशि में संचार करेगा।**

**मेष:** आज का दिन कॅरियर के लिहाज से बढ़िया रहेगा। जो लोग नौकरी में हैं उन्हें नए मौके मिल सकते हैं। व्यापारी वर्ग को भी फायदा होने की संभावना है। परिवार में कोई खुशखबरी मिल सकती है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आपके किए गए कामों को आज आपके सीनियर्स द्वारा सराहा जाएगा, जिससे आपके चेहरे पर भी मुस्कान दौड़ जाएगी।

**वृषभ:** दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। काम में मन कम लगेगा, लेकिन परिवार का सहयोग मिलेगा। कोई पुराना अटका हुआ पैसा मिल सकता है। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस हो सकती है, कोशिश करें कि छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करें।

**मिथुन:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कॅरियर से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेने का सही समय है। प्रेम जीवन में मिठास बनी रहेगी। छात्रों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी। आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शौक को पूरा करने में कर सकते हैं।

**कर्क:** दिन थोड़ा भारी रह सकता है। मानसिक तनाव महसूस होगा और काम में मन नहीं लगेगा। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें, किसी भी बड़े खर्च से बचें। संतान पक्ष से सुख मिलेगा। सेहत पर ध्यान दें। खाली समय का इस्तेमाल ध्यान-योग करने में व्यतीत कर सकते हैं।

**सिंह:** आज का दिन आपकी तरक्की का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात संभव है जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का माहौल भी अच्छा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबर्दस्त और सृजनात्मक हों।

**कन्या:** आज का दिन थोड़ा सोच-समझकर चलने वाला रहेगा। किसी से अनावश्यक बहस में नहीं उलझें। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। कुछ लोगों की संगति करना आपके लिए ठीक नहीं है।

**तुला:** आज का दिन मिलाजुला रहेगा। धन आगमन के नए रास्ते खुल सकते हैं। प्रेम जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, इसलिए बातचीत में संयम रखें। सेहत को लेकर सजग रहें। कोई नया काम शुरू करने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें।

**वृश्चिक:** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी। नया निवेश करने का अच्छा समय है। पारिवारिक माहौल आनंददायक रहेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। कोई पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। सकारात्मक सोच बनाए रखें।

**धनु:** आज मेहनत के अनुसार फल मिलने की संभावना है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। धन लाभ के योग हैं। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। सेहत भी अच्छी रहेगी। कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर:** आज का दिन सामान्य रहेगा। कॅरियर में स्थिरता बनी रहेगी, लेकिन जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लें। परिवार में शांति रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। पुराने दोस्तों से बातचीत हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ:** आज का दिन शुभ रहेगा। कामकाज में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ के भी संकेत हैं। प्रेम संबंधों में भी मजबूती आएगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बन सकता है। सेहत सामान्य रहेगी। आज का दिन किसी गैरजरूरी काम में खराब हो सकता है।

**मीन:** आज का दिन सकारात्मक रहेगा। नौकरी या बिजनेस में तरक्की के संकेत हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। सेहत में सुधार दिखेगा। कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं। यात्रा और शिक्षा से जुड़े काम आपकी जागरूकता में वृद्धि करेंगे। अचानक लंबी यात्रा करना पड़ सकती है।

# संकट में बुद्धि का प्रयोग करें

**प्रेरक प्रसंग**

किसी राज्य में एकचक्षु नाम का राजा राज करता था। वह एक आंख से काना था। उसके दरबार में निपुण नाम का एक चित्रकार रहता था। वह बहुत ही अच्छी चित्रकारी करता था। एक बार राजा ने निपुण को अपना एक सुंदर सा चित्र बनाने को कहा। निपुण ने सिर हिलाकर हामी भर दी और राजा से कहा - महाराज! मुझे दो सप्ताह का समय दीजिए।

राजा ने कहा - ठीक है निपुण, लेकिन ऐसा चित्र बनाना कि उसे देखते ही मन प्रसन्न हो जाए। जाओ, अच्छा सा चित्र बनाना। निपुण घर आया और राजा के चित्र के बारे में सोचने लगा। यदि वह राजा का कानी आंख वाला चित्र बनाता है तो राजा नाराज हो जाएंगे और सजा देंगे। यदि राजा का सुंदर-सुंदर दोनों आंख वाला चित्र बनाते हैं तो यह कला के यथार्थ चित्रण के खिलाफ होगा।

वह बहुत परेशान हो गया। एक दिन उसने एक सपना देखा कि एक शिकारी एक आंख बंद करके हिरण का शिकार कर रहा है। वह सपने में ही बड़बड़ाने लगा- मिल गया, मिल गया, जान बच गई।

दो सप्ताह बाद निपुण राजा की पेंटिंग लेकर सभा में पहुंचा, उस चित्र में भी राजा एकचक्षु जंगल में एक आंख बंद किए हिरण का शिकार कर रहा है। राजा ने उस चित्र की खूब सराहना की और उसे बहुत सारा इनाम दिया।

इसलिए कहा गया है कि जब भी कभी परेशानी में हों तो घबराने के बजाय अपनी बुद्धि का प्रयोग करें। बुद्धि का प्रयोग करने से बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान मिल जाता है।

# सुडोकु 2176

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | | | 5 | 9 |
| | 5 | | 1 | | | | | |
| 3 | | | 4 | | | 1 | | |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 5 | | 4 | | 8 | | | | |
| | | | 9 | | 5 | | | 1 |
| | | | | | | | 8 | 2 |
| 6 | | | | | | 3 | | |
| | | | 2 | | 1 | 7 | 6 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2175 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 |

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



## विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ का सतरंगी लहरिया तीज महोत्सव आयोजित



महानगर संवाददाता

**सीकर।** भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ जोन 1 की ओर से सतरंगी लहरिया तीज महोत्सव का आयोजन रविवार को पोलो ग्राउंड स्थित विद्या आश्रम स्कूल के गार्डन में किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू लाटा एवं जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. लीलावती शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाएं पारंपरिक लहरिया परिधान में सज धज कर आईं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में तीज के महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश उपाध्यक्ष लाटा ने कहा कि विप्र महिला फाउंडेशन इस प्रकार के आयोजन से संस्कृति को बढ़ावा देना चाहता है। तीज त्योहार के मौकों पर मारवाड़ी महिलाओं के पहनावे में लहरिया खासतौर से शामिल होता है। यह परिधान खुशनुमा जीवन का प्रतीक माना गया है। लहरिया सौभाग्य का भी प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में रैंप डांस गेम्स करवाया गया। साथ ही झूले और सेल्फी प्वाइंट बनाए गए। इस मौके पर डॉ. गीता दाधीच, सीमा जांगिड़, लक्ष्मी खंडेलवाल, सुशीला खंडेलवाल, प्रियंका मिश्रा, रंजना शर्मा, चंदा शर्मा, मीरा कुमावत सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राष्ट्रपति के हाथों मिला स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारः यूडीएच मंत्री खर्रा का किया सम्मान व नागरिक अभिनंदन

# 'किसी भी विभाग में कार्य करने से पहले करें उसका अध्ययन'

महानगर संवाददाता

**सीकर।** नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा का सम्मान समारोह एवं नागरिक अभिनंदन रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। यूडीएच मंत्री खर्रा का यह सम्मान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों स्वच्छ सर्वेक्षण का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर किया गया।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री खर्रा को भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों सहित समाजों के प्रतिनिधियों ने किया। सम्मान समारोह में मंत्री खर्रा को बड़ी माला, साफा, दुपट्टे, प्रतीक चिन्ह आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, खंडेला विधायक सुभाष मील, धोद विधायक गोरधन वर्मा, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष हरिराम रणवां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, पवन मोदी, विष्णु चेतानी, डॉ. कमल सिखवाल, दांतारामगढ़ से प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत आदि मंचस्थ रहे।

सम्मान समारोह में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि किसी भी काम को करने के लिए सबसे पहले उसके बारे में अध्ययन करना पड़ता है, उनके कार्यों को पढ़ना पड़ता है। ऐसा करने के बाद वह मंत्री या अधिकारी उस विभाग का सफल संचालन कर सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद मुझे मंत्री पद मिला और विभाग नगरीय एवं स्वायत शासन मिला तो सभी को आश्चर्य हुआ था। उस समय सभी के मन में यह जिज्ञासा थी कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाला यह विधायक कैसे इस विभाग को संभालेगा, लेकिन कार्यकर्ताओं का स्नेह, नेतृत्व का मार्ग दर्शन मिला और कार्यभार संभालकर कार्य शुरू किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में शहरी एवं आवास मंत्री मनोहरलाल खट्टर जब पहली बार जयपुर में किसी कार्यक्रम में मुझसे मिले, तो उन्होंने भी कहा कि इतने बड़े विभाग को कैसे संभालोगे। कहा कि आप तो देखते जाओ।

उन्होंने कहा कि गत दिनों ही विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार समारोह में फिर केंद्र सरकार में मंत्री खट्टर मिले थे। देश के नामचीन प्रदेशों के यूडीएच मंत्री उसमें आए थे। तब उन्होंने कुछ प्रश्न उनसे किए और किसी के उत्तर नहीं देने पर मैंने उस प्रश्न का उत्तर दिया था। तब उन्होंने कहा कि मेरी सोच आपके प्रति थी, वो पूरी तरह से बदल गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश में स्वच्छता के प्रति सोच जाहिर की और देश में स्वच्छता का माहौल बना है। इससे पहले 1978 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए राशि जारी की थी। देश में राजस्थान का नाम करने पर सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह व सहयोग मिला है।

**जिलेवासी गौरवान्वित: बाटड़:** जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि देशभर में स्वच्छता का पुरस्कार राजस्थान के डूंगरपुर जिले को मिला है। यह सब यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की कार्यशैली के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यूडीएच मंत्री खर्रा को राष्ट्रपति के हाथों मिले पुरस्कार से जिले का प्रत्येक नागरिक, पार्टी का कार्यकर्ता अपने आप को गौरवान्वित महसुस कर रहा है। समारोह का संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया।



### वन एवं पर्यावरण अभियान में किया पौधरोपण

भाजपा के वन एवं पर्यावरण अभियान में जिला भाजपा कार्यालय में पौधरोपण किया गया। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, अभियान के जिला प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान पूर्व प्रदेश मंत्री मधू कुमावत, जिला महामंत्री राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंग, प्रभुसिंह सेवद, सुमित्रा सैनी, श्रीहरि बियाणी, बाबुसिंह बाजौर, तेजप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

### आपत्तियों को दूर कर जारी करेंगे मास्टर प्लान

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि सीकर शहर के मास्टर प्लान में आपत्ति दर्ज करवाने का समय 24 जुलाई है। मास्टर प्लान में दर्ज करवाई जा रही आपत्तियों का भौतिक सत्यापन करवाया जाएगा। सही पाए जाने पर ही उन्हें दूर कर मास्टर प्लान जारी करेंगे। पूर्ववर्ती सरकार के बने मास्टर प्लान में सुधार कर जारी किया गया है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यकर्ताओं से वर्षा ऋतु में सर्वाधिक पौधरोपण करने का आव्हान कार्यकर्ताओं से किया। सरकार की मंशा के अनुसार जिले में पौधारोपण करने चाहिए।

## मंडावरी में हिंदी माध्यमिक विद्यालय खुलवाने की विधायक से की मांग

महानगर संवाददाता



**रामगढ़ पचवारा।** लालसोट विधानसभा क्षेत्र के मंडावरी नगर पालिका शहर में हिंदी माध्यमिक विद्यालय नहीं होने से शहर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका वासियों ने लालसोट विधायक रामविलास मीणा को शिक्षा मंत्री के नाम पत्र लिखकर नगर पालिका मंडावरी में हिंदी माध्यमिक विद्यालय खोले जाने की मांग की है। मंडावरी निवासी महेश कुमार सैनी, सदर खान, जमील खान, रामस्वरूप बैरवा, मोतीलाल, जोहरी लाल, माया, गोपाल, छीतरमल, धर्मसिंह, कमल सहित अनेक लोगों ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को 3 वर्ष पूर्व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में रूपांतरित कर दिया गया। इसके बाद हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए नगर पालिका परिक्षेत्र में एक भी विद्यालय नहीं होने से छात्र-छात्राओं को दूर जाकर शिक्षा लेनी पड़ रही है। कई छात्र-छात्राएं हिंदी माध्यम विद्यालय की दूरी अधिक होने से बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। युवा नेता रवि सोनड़ ने लालसोट विधायक रामविलास डूंगरपुर से मांग करते हुए कहा कि हिंदी मीडियम में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के पास निजी विद्यालय में पढ़ाने के लिए मोटी फीस नहीं है, जिसके चलते गरीबी से जूझने वाले अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालय के हिंदी मीडियम विद्यालय में पढ़ाने से वंचित हैं।

## जमवारामगढ़ विधायक को 500 मीटर लंबा साफा बंधाया

### 21 किलो की माला पहनाकर किया सम्मान

महानगर संवाददाता



**जमवारामगढ़।** भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर के नव नियुक्त जिला पदाधिकारियों ने रविवार को जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा का उनके निवास पर स्वागत किया। कार्यक्रम में जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। विशेष आकर्षण के रूप में विधायक को 500 मीटर लंबे साफे से सम्मानित किया गया, वहीं 21 किलो की माला पहनाकर विधायक एवं जिला पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। विधायक महेंद्र पाल मीणा ने इस अवसर पर संगठन के प्रति ईमानदारी, निष्ठा और मजबूत कार्यशैली के साथ कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संगठन तभी मजबूत बनता है, जब प्रत्येक कार्यकर्ता निस्वार्थ भावना से काम करता है। इस दौरान पूर्व प्रधान रघुवीरसिंह चौधरी का भी कार्यकर्ताओं द्वारा साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

समारोह में भाजपा जिला महामंत्री मोहनलाल वर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र शर्मा (आंधी), जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल गुर्जर, सोशल मीडिया प्रभारी सीताराम छापोला, जिला मंत्री मीरा मीणा, मंडल अध्यक्ष (आंधी) सीताराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अमृतवाणी संघ ने किया अमृतवाणी पाठ



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे में अमृतवाणी संघ की ओर से रविवार को राणी शक्ति मंदिर में सामूहिक संगीतमय राम अमृत वाणी सत्संग किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना की गई, तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ करके अमृतवाणी की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ शर्मा, भारत स्काउट गाइड के प्रधान मुरली मनोहर चौबदार, डॉ. आनंदीलाल अग्रवाल, डॉ. शिखरचंद जैन, डॉ. आनंदलाल अग्रवाल, जयपालसिंह शेखावत, श्यामसुंदर मोदी, संजय सिंगरोदिया, कैलाश बिरोलिया, रामकरण सैनी, सुभाष ट्रेलर, मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर शर्मा, शरदकांत ओझा सहित नवलगढ़ के धर्म प्रेमियों ने अमृतवाणी का पाठ किया।

## पंखुड़ी फाउंडेशन उठाएगा दो अनाथ बालिकाओं की शिक्षा का खर्चा




### सम्मान समारोह में 100 से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित

महानगर संवाददाता

**किशनगढ़ रेनवाल।** पंखुड़ी फाउंडेशन के तत्वावधान में रेनवाल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपखंड क्षेत्र की मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में 10वीं, 12वीं कक्षा व नीट परीक्षा में चयनित 100 से अधिक विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

फाउंडेशन की ओर से विशेष रूप से दो अनाथ बालिकाओं की शिक्षा का संपूर्ण खर्च वहन करने की घोषणा की गई, जिससे समारोह भावनात्मक रूप से भी यादगार बन गया। यह पहल उपस्थित जनसमूह को अत्यंत भावुक कर गई और फाउंडेशन की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना की गई।

इस मौके पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने युवाओं से मेहनत और समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। समारोह में महंत जुगलकिशोर शरण, फाउंडेशन के संस्थापक द्वारका प्रसाद वाल्मीकि, अध्यक्ष पूजा जांगिड़, व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक असावा, समाजसेवी सुनीता ककरालिया समेत कई प्रमुख लोग मंचासीन रहे। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह खंगारोत, विजय सिंह शेखावत, संतोष सांखला, लक्ष्मी नारायण पिपलोदा, दीपक दादीच, दौलत सिंह खंगारोत सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### करमोदा में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन

## महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं और स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** ग्राम पंचायत करमोदा में राजीविका समूह की महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाकर सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करना रहा।

शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार ने महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके परिवारजनों को भी इनसे जोड़ने का आह्वान किया। बैंक ऑफ बड़ौदा सूरवाल शाखा की शाखा प्रबंधक रमता बाजपई ने मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी और महिलाओं को भविष्य के लिए वित्तीय रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बड़ौदा आर.सेटी. के निदेशक नीरज गोपालिया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से उपलब्ध निशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्हें स्वरोजगार से जुड़कर आजीविका में वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा, बीमा, ई-केवाईसी, अटल पेंशन योजना जैसी सेवाओं से जोड़ा गया। राजीविका से स्टेट रिसोर्स पर्सन डॉ. मदनसिंह शेखावत, लोकेश जांगिड़ तथा बीओबी के बीसी सुपरवाइजर सहित अन्य बैंक प्रतिनिधि भी शिविर में उपस्थित रहे।

## हजारी आभानेरी अध्यक्ष व दिनेश सोनी उपाध्यक्ष नियुक्त

### रामगढ़ पचवारा में कल्याण धणी की यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय स्थित एक रिसोर्ट पर डिग्गी कल्याण धणी यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। कल्याण धणी की 39वी पैदल यात्रा को लेकर कमेटी ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर हजारी लाल आभानेरी, उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, कैलाश माली झांपदा कोषाध्यक्ष, नवल गुप्ता, अशोक गुप्ता को मनोनीत किया गया। नव मनोनीत अध्यक्ष हजारी लाल आभानेरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पैदल यात्रा 29 अगस्त को श्री सीताराम मंदिर से डिग्गी कल्याण धणी के लिए रवाना होगी। बैठक में मोहनलाल सोनी, लल्लू ठाकुरिया, दलपत सिंह, चंद्रशेखर लखेरा, गंगा सहाय, कमल सोनी सहित सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## कसेरू मोक्ष धाम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** ग्राम कसेरू स्थित मोक्ष धाम (श्मशान भूमि) में रविवार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक पहल की गई। 'एक पेड़ मां के नाम' व 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर श्मशान भूमि को हराभरा बनाने के लिए सैकड़ों छायादार पौधे लगाए। इस पुनीत कार्य में विशेष रूप से करणसिंह चौधरी, दिनेश महला, संजीव महला, राजवीर महला, कपिल महला (कपिल स्टूडियो), जगदीश दतुसलिया, ताराचंद दतुसलिया, देवकरण, ताराचंद महला, कुम्भाराम खरेशिया, श्रवण, अजित चौधरी सहित कई लोगों ने भागीदारी निभाई और श्रमदान किया।

## विधायक रामविलास मीणा ने किया फुलवारिया आश्रम पर पौधरोपण

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** लालसोट विधानसभा के ग्राम डीडवाना में लालसोट विधायक रामविलास मीणा के नेतृत्व में वन एवं पर्यावरण अभियान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फुलवारिया समाज के आश्रम पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सरपंच विनोद महावर, रामकरण चोपड़ा, प्रवीण पटेल, निखिल जैमन, हनुमान शर्मा, लाला जालवाला, धर्मेश जैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सक्षम परिवार राशन योजना से स्वयं हटें, जरूरतमंदों को मिले हक, गिव-अप अभियान 31 अगस्त तक

**सवाई माधोपुर (मसं.)।** राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत संचालित गिव-अप अभियान को सामाजिक स्वीकार्यता व उत्साहजनक जनभागीदारी के दृष्टिगत 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार यह अभियान राज्यभर में संचालित है, जिसका उद्देश्य है कि सक्षम परिवार स्वेच्छा से योजना से नाम हटाकर वास्तविक जरूरतमंदों को इसका लाभ दिलाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ऐसे परिवार जो योजना की पात्रता में नहीं आते, वे स्वेच्छा से नाम हटाकर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दें। अभियान की निगरानी के लिए संजय झाला, उपायुक्त (द्वितीय), उपभोक्ता मामले विभाग, जयपुर को 21 जुलाई से 25 जुलाई 2025 तक सवाई माधोपुर जिले में नियुक्त किया गया है। वे जिले में पदस्थ अधिकारियों के समन्वय से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

## आरसीए ने सीनियर-जूनियर पुरुष व महिला चयन कमेटियों का किया गठन

### एडहॉक कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय, पूर्व खिलाड़ियों को मिली जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आरसीए की एडहॉक कमेटी ने घरेलू सत्र 2025-26 की तैयारियों के तहत सीनियर-जूनियर पुरुष व महिला चयन समितियों का गठन कर दिया है। कमेटियों का ऐलान एडहॉक कमेटी संयोजक डी.डी. कुमावत ने किया। पुरुष सीनियर चयन समिति में राहुल कांवट, विलास जोशी, विजेंद्र यादव, सूर्यवीर सिंह, कुलदीप सिंह और शमशेर सिंह शामिल हैं। जूनियर पुरुष चयन समिति में नरेश गहलोत, लोकेश जैन, सिद्धार्थ जोशी, प्रणय शर्मा, सिद्धार्थ सर्राफ और अंकित लाम्बा को जगह मिली है। महिला चयन समिति में कोमल चौधरी, पूनम यादव, माया जाट, कृतिका कुशवाहा और हर्षिता मकवाना को जिम्मेदारी दी गई है।

### बलाई समाज की आर्थिक उन्नति पर अचरोल में सेमिनार आयोजित

## जागरुकता व सुधार की दिशा में दिए सुझाव

महानगर संवाददाता



**आमेर।** राजस्थान मेघवंश (बलाई) महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष देवंदा की अध्यक्षता में अचरोल स्थित श्री विनायक होटल में बलाई समाज की आर्थिक उन्नति विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और समाज सुधार एवं आर्थिक मजबूती को लेकर सुझाव साझा किए।

सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनीष देवंदा ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के अवसर सीमित होते जा रहे हैं, जबकि खर्चों में निरंतर वृद्धि हो रही है।

ऐसे में समाज को समय रहते जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि महंगी शादियों में हो रही फिजूलखर्ची पर रोक लगाई जाए तथा अधिक से अधिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर सादगी को अपनाया जाए। उन्होंने नुक्ता प्रथा को भी समाज के लिए बोझ बताते हुए इसे पूर्ण रूप से बंद करने की बात कही।

शिक्षा को सामाजिक उत्थान का आधार बताते हुए उन्होंने युवाओं को पढ़ाई पर जोर देने और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे की लत समाज को खोखला कर रही है, और अब समय आ गया है कि युवा नौकरी की बजाय स्वरोजगार और व्यवसाय की ओर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कल्याणसहाय जाटावत, गंगाराम बंगाली, जमवारामगढ़ तहसील अध्यक्ष हरिशंकर मांदावत, किशनलाल बुनकर, लल्लूराम बुनकर, राजेंद्र काला, महेश पंवार, बनवारी लाल, लालचंद बुनकर, जगदीश लाखीवाल व राजू बुनकर सहित समाज के वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर समाज में जागरूकता लाने, एकजुटता बढ़ाने और आर्थिक सुधार की दिशा में ठोस प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

## विहिप मातृशक्ति आयाम का लहरिया तीज महोत्सव 3 अगस्त को

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व हिंदू परिषद के मातृशक्ति आयाम की ओर से 3 अगस्त को लहरिया तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर संगीता चोटिया के निवास पर ललिता शर्मा की अध्यक्षता में महिला कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

मातृशक्ति संयोजिका अनिता कुमावत ने बताया कि यह महोत्सव महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित एक रंग-बिरंगा, सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन होगा। इसमें नारी-सशक्तीकरण, परंपरा, भक्ति और मनोरंजन का सुंदर समावेश करते हुए मर्यादित और आकर्षक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में लहरिया परिधान शो, मेहंदी प्रतियोगिता, लोक नृत्य और गीत, नारी शक्ति क्विज, झूला सजावट प्रतियोगिता, रसों की रसोई प्रतियोगिता, एकांकी व नाटिका प्रतियोगिता, बेस्ट साज-सज्जा (बाल, मेकअप, वस्त्र, गहनों का संयोजन), सुघड़ गृहिणी प्रतियोगिता, बेस्ट पारंपरिक लुक, सखी संवाद आदि प्रतियोगिताएं होंगी। बैठक में मातृशक्ति संयोजिका अनिता कुमावत, सहसंयोजिका ममता सैनी, ललिता शर्मा, कृष्णा मुरारका, संगीता चोटिया, बबीता नवहाल, मंजुला रूंथला व भगवती शर्मा उपस्थित रहीं।

# सीएम योगी ने कावड़ यात्रा का फूल बरसाकर किया स्वागत



महानगर संवाददाता

**गाजियाबाद।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरिद्वार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ यात्रा का हवाई निरीक्षण किया और यहां बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने हेलिकॉप्टर से चौधरी चरण सिंह कावड़ मार्ग तथा मेरठ-मुजफ्फरनगर मार्ग का हवाई निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की और कुछ कावड़ियों से सीधी बात भी की। कावड़ियों ने हर हर महादेव के नारे के साथ उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने मेरठ रेंज के अधिकारियों से कावड़ यात्रा के संबंध में जानकारी ली। वहीं अमरोहा जिले के बछरायूं कस्बे में में गंगा जल भरकर लौट रहे कावड़ियों का अनोखे अंदाज में स्वागत किया गया। हाफिज रोड चौराहे के पास मुस्लिम समाज के लोगों ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा की और उन्हें पानी की बोतलें व फल वितरित किए।

# बाबाधाम जा रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार, चार की मौत, 21 घायल



महानगर संवाददाता

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप में 25 श्रद्धालु सवार थे। इस हादसे में चार की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 21 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई।

जानकारी के मुताबिक बलिया के नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से 25 श्रद्धालु पिकअप वैन से बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में उनकी पिकअप हादसे का शिकार हो गई। यहां वैन को एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लाची देवी (45) पत्नी मुघुन राजभर और हरेंद्र राजभर (60) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, मुघुन राजभर (48) और घुरूहू राम (45) एंबुलेंस से घर आते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मुघुन राजभर की पत्नी लाची देवी की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। इस हादसे में 21 लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को हादसे की जानकारी दी और पुलिस मौके पर पहुंची। ग्राम प्रधान बृज नारायण राजभर सहित 21 घायलों को घर लाया गया और फिर उन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया। वहीं, पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# तेज रफ्तार एंबुलेंस ने कई कावड़ियों को कुचला, 2 की मौत, 3 की हालत गंभीर

महानगर संवाददाता

**गाजियाबाद।** उप्र के गाजियाबाद में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो कावड़ियों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। कई अन्य के भी चपेट में आने की बात सामने आई है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव कादराबाद के पास जिस एंबुलेंस से एक्सीडेंट हुआ, उसकी स्पीड 100 किमीप्रति घंटा से भी अधिक थी। जिस हॉस्पिटल की एंबुलेंस है, वह भाजपा की मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच के पति का है। जानकारी के अनुसार कुछ युवक बाइक व स्कूटी पर शनिवार रात जल लेने हरिद्वार की ओर जा रहे थे। रात करीब 12 बजे हादसा हो गया।

# मारा गया एक और पति : पत्नी ने देवर संग मिलकर दिए बिजली के झटके, मोबाइल से खुला राज



महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका जिला के उत्तम नगर इलाके से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की शिनाख्त करण देव के रूप में हुई है। अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए आरोपी महिला ने पति को बिजली का झटका देकर उसे मार डाला। महिला ने मृतक के परिजनों को महज करंट लगने की जानकारी दी थी। परिवार वालों ने भी इसे हादसा माना, लेकिन घटना के कुछ दिन बाद भाभी और उसके चचेरे भाई के बीच हुए चैट को देखकर मृतक के छोटे भाई को साजिश का पता चला। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की छानबीन कर हत्या का मामला दर्ज कर मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान ओम विहार निवासी सुष्मिता देव और राहुल देव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक करण अपनी पत्नी सुष्मिता देव और 6 साल के बेटे के साथ ओम विहार फेस-1 स्थित में रहते थे। वे निजी कंपनी में काम करते थे। उसके घर के पास ही करण के पिता कृष्ण देव, मां नीरू देव और छोटा भाई कुणाल अपने पुराने वाले घर में रहते हैं।

### ननद ने बताया उस दिन क्या हुआ था

करण की बहन नैंसी कपूर ने बताया कि रविवार सुबह सुष्मिता करण के पिता के घर पहुंची और बताया कि करण को करंट लग गया है और वह बेहोश है। परिजन तुरंत भागकर उसके घर पहुंचे और अचेत पड़े करण को लेकर पास के मग्गो अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने करण को मृत घोषित कर दिया। बहन के मुताबिक उसके मुंह से झाग निकल रहा था। अस्पताल से घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। अस्पताल पहुंची उत्तम नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बहन ने बताया कि सुष्मिता, करण का चचेरा भाई राहुल देव और राहुल के पिता हरीश देव लगातार पोस्टमार्टम करवाने से मना कर रहे थे। लेकिन संदिग्ध मौत होने की वजह से पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ने और शांति बहाली के संकल्प को दोहराते हुए बोले उपराज्यपाल

# केंद्र शासित प्रदेश की प्रशासनिक नीति अब शांति की कीमत चुकाने की नहीं, बल्कि स्थाई और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने की : सिन्हा

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ने और शांति बहाली के संकल्प को दोहराते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश की प्रशासनिक नीति अब शांति की कीमत चुकाने की नहीं, बल्कि स्थाई और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने की है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आतंक के विरुद्ध लड़ाई में न कोई निर्दोष फंसेगा और न कोई दोषी बचेगा।

यहां एक कार्यक्रम में उपराज्यपाल सिन्हा ने आतंकवादी तंत्र को ध्वस्त करने में जम्मू-कश्मीर पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की आतंकवादियों के समर्थन तंत्र को नष्ट करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, चाहे वह वित्तीय हो, सैन्य हो या अन्य। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ आतंकवादी से ही नहीं, बल्कि आतंक को बढ़ावा देने वाली पूरी मशीनरी से भी निपटना जरूरी है। उन्होंने अतीत के उस रवैये की आलोचना की, जिसमें आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों को सरकारी नौकरियां दी जाती थीं, जबकि आतंकवाद के पीड़ितों की उपेक्षा की जाती थी और उन्हें अपने हाल पर छोड़ दिया जाता था। क्षेत्र के सुधार में एक नए अध्याय का जिक्र करते हुए उपराज्यपाल ने बताया कि प्रशासन अब उन परिवारों के पुनर्वास के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो आतंकवादियों के हाथों पीड़ित हुए हैं। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कई परिवारों ने आतंकवाद के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया है। कुछ घरों में, अपने बेटों की बेरहमी से हत्या के बाद केवल बुजुर्ग माता-पिता ही बचे हैं। पाकिस्तान के इशारे पर हजारों लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को बारामूला में आतंकवाद पीड़ित 40 परिवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि कुछ युवाओं ने अपने पिता को तब खो दिया जब वे सिर्फ दो साल के थे। आज हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उनके दर्द को समझा जाए और न्याय मिले।

### नया जम्मू-कश्मीर सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक हकीकत है...



जनता से सुरक्षा बलों के साथ एकजुट होने का आह्वान करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि नया जम्मू-कश्मीर सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इस नए दौर में, युवाओं के हाथों में पत्थरों की जगह कलम और लैपटॉप ने ले ली है। स्कूल और कॉलेज अब बिना किसी हड़ताल के साल भर खुले रहते हैं। अलगाववादी नारों और बंद के कैलेंडर के दिन अब लद गए हैं। आज, हमारे कैलेंडर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से भरे हैं। उपराज्यपाल सिन्हा ने युवाओं में स्टार्टअप और नवाचार में वृद्धि का भी उल्लेख किया, जो पिछली अशांति से एक उल्लेखनीय बदलाव है। नए जम्मू-कश्मीर में, कारखानों के शोर ने अलगाववादी नारों की जगह ले ली है। लोग अब मुहर्रम के जुलूस और ईद मेले जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खुलकर हिस्सा ले सकते हैं, और परिवार बिना किसी डर के घूम सकते हैं और सिनेमाघरों में फिल्में देख सकते हैं। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि लोगों को सुरक्षा बलों के साथ हाथ मिलाना चाहिए। शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है–यह न्याय, अवसर और आशा की उपस्थिति है। और हम उस शांति को एक स्थाई वास्तविकता बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम के आठवें बैच के उद्घाटन समारोह में बोले उपराष्ट्रपति

# एक-दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करें नेता : धनखड़

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजनीतिक दलों के बीच सौहार्द्र और परस्पर सम्मान का आह्वान करते हुए कहा है कि नेताओं को एक-दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

धनखड़ ने रविवार को यहां राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम के आठवें बैच के प्रतिभागियों के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एक राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा दूसरे दलों के नेताओं द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने से संस्कृति का भला नहीं होता। उन्होंने कहा कि मैं राजनीतिक जगत के सभी लोगों से अपील करता हूं कि कृपया परस्पर सम्मान रखें। कृपया टेलीविजन पर या किसी भी पार्टी के नेतृत्व के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करें। यह संस्कृति हमारी सभ्यता का सार नहीं है। हमें अपनी भाषा के प्रति सावधान रहना होगा... व्यक्तिगत हमलों से बचें। अब समय आ गया है कि हम राजनेताओं को गालियां देना बंद करें। जब विभिन्न राजनीतिक दलों में लोग दूसरे राजनीतिक दलों के वरिष्ठ लोगों को गालियां देते हैं तो इससे हमारी संस्कृति का भला नहीं होता।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनका मानना है कि सभी राजनीतिक दल और प्रत्येक सांसद राष्ट्रवादी हैं। उन्होंने कहा कि अंततः वे राष्ट्र में विश्वास करते हैं। वे राष्ट्र की प्रगति में विश्वास करते हैं। लोकतंत्र कभी भी ऐसा नहीं होता जहां एक ही पार्टी सत्ता में आए। हमने अपने जीवनकाल में देखा है कि परिवर्तन राज्य स्तर पर, पंचायत स्तर पर, नगरपालिका स्तर पर होता है, यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है, लेकिन एक बात निश्चित है, विकास की निरंतरता, हमारी सभ्यतागत लोकाचार की निरंतरता होनी चाहिए और यह केवल एक पहलू से आती है। हमें लोकतांत्रिक संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।

### 'राष्ट्रहित-विकास के विषयों पर नहीं हो राजनीति'

उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रहित और विकास के विषयों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय चिंता का मुद्दा हो तो हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए और ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि भारत को राष्ट्रों के समूह में गौरवान्वित होना है। हमारा राजनीतिक एजेंडा भारत विरोधी ताकतों द्वारा क्यों निर्धारित किया जाना चाहिए? टेलीविजन बहसों में होने वाली राजनीतिक दलों के बीच कटुता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल का नेतृत्व परिपक्व है। हर राजनीतिक दल, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और इसलिए युवाओं का कर्तव्य है कि वे इस मानसिकता को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह विचार प्रक्रिया सोशल मीडिया में आनी ही चाहिए और एक बार जब आपको हमारी टेलीविजन बहसें सुखदायक, सकारात्मक और आकर्षक लगेंगी तो सोचिए कितना बड़ा बदलाव आ सकता है। हम एक महान संस्कृति से आते हैं। हमारी विचारधारा का एक आधार है। हमारे विचारों में मतभेद हो सकते हैं। असहमतियां हो सकती हैं, लेकिन दिलों में कड़वाहट कैसे हो सकती है? हमारी संस्कृति हमें क्या सिखाती है?

### राजनीतिक टकराव को कम करने की अपील

धनखड़ ने राजनीतिक टकराव को कम करने की अपील करते हुए कहा कि राजनीति कभी भी एकतरफा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि एक समृद्ध लोकतंत्र निरंतर कटुता का माहौल बर्दाश्त नहीं कर सकता। जब आप राजनीतिक कटुता पाते हैं, जब आप राजनीतिक माहौल को एक अलग दिशा में पाते हैं तो आपका मन विचलित होना चाहिए। देशवासियों से आग्रह है कि राजनीतिक तापमान कम करना चाहिए। राजनीति टकराव नहीं है, राजनीति कभी भी एकतरफा नहीं हो सकती। अलग-अलग राजनीतिक विचार प्रक्रियाएं होंगी, लेकिन राजनीति का अर्थ है एक ही लक्ष्य को प्राप्त करना, लेकिन किसी न किसी तरह अलग-अलग तरीकों से। मेरा विश्वास है कि देश में कोई भी व्यक्ति भारत की अवधारणा के विरुद्ध नहीं सोचेगा। उन्हें एक-दूसरे के साथ विचार-विमर्श करना सीखना होगा। आपकी विचार प्रक्रिया ही राजनेता, आपके सांसद, आपके विधायक, आपके पार्षद को नियंत्रित करेगी। राष्ट्र के बारे में सोचें। विकास के बारे में सोचें।

# पानीपत में सड़क हादसे में 2 दोस्तों की गई जान

महानगर संवाददाता

**पानीपत।** पानीपत जिले में समालखा कस्बे के गांव ढीढार और नामुंड के बीच सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों दोस्त पेशे से राजमिस्त्री थे। दोनों उत्तर प्रदेश के शामली से बाइक पर सवार होकर गांव ढीढार जा रहे थे। यहां वे एक बीमार रिश्तेदार का पता लेने जा रहे थे, लेकिन इससे पहले ही सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों सड़क किनारे मृत पड़े देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां उनका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई में जुटी हुई है।

शामली के रामनगर निवासी मेहरबान ने बताया कि उसका भांजा साजिद (23) शामली के खेड़ी करमू गांव का रहने वाला था। वह पेशे से राम मिस्त्री था। उसका 6 माह पहले ही निकाह हुआ था। साजिद पानीपत में फरीद ठेकेदार के पास काम करता था। समालखा थाना के जांच अधिकारी नरेश ने बताया कि बाइक बेकाबू होकर गिर गई। दोनों के सिर फुटपाथ पर लगे। जिससे उनकी मौत हुई है।

## नेहरू का नाम लेकर शशि थरूर ने कांग्रेस को दे डाली नसीहत

# मैं तो अपनी बात पर अड़ा रहूंगा...



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अगर भारत ही नहीं रहेगा तो कौन बचेगा? कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए अपनी ही पार्टी को नसीहत दे डाली।

कांग्रेस के भीतर आलोचनाओं का सामना कर रहे तिरुवनंतपुरम के सांसद ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय हितों के लिए पार्टी लाइन से ऊपर उठकर काम करना चाहिए। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने आगे कहा कि किसी भी लोकतंत्र में राजनीति प्रतिस्पर्धा जरूर होती है, लेकिन देश के मामले में सभी को एक हो जाना चाहिए। शशि थरूर ने कहा कि हमारे कुछ मूल्य और विश्वास हैं जो हमें अपनी पार्टियों में बनाए रखने चाहिए। लेकिन हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में पार्टी लाइन से ऊपर उठकर भी काम करना चाहिए। अगर कोई मुद्दा देश के हित में हो तो अन्य पार्टियों के साथ सहयोग करने की जरूरत है। हमें उस समय प्रतिस्पर्धा को भूलना होगा।

### हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि

शशि थरूर ने जोर देकर कहा कि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और पार्टियां देश को बेहतर बनाने का एक जरिया मात्र हैं। आपने जो सवाल पूछा है कि कभी-कभी पार्टियों को लगता है कि यह उनके प्रति बेवफाई है और यही एक बड़ी समस्या बन जाती है। आपकी पहली वफादारी कौन सी है? मेरे हिसाब से राष्ट्र सर्वोपरि है। इसलिए मेरे हिसाब से आप चाहे किसी भी पार्टी से हों, उस पार्टी का उद्देश्य अपने तरीके से एक बेहतर भारत का निर्माण करना है। अब, पार्टियों को इस बारे में असहमत होने का पूरा हक है, एक बेहतर भारत बनाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

# हिमाचल में आपदाओं को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की केंद्रीय टीम का गठन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में बार-बार प्राकृतिक आपदा आने और उनकी तीव्रता को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम के गठन के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी करके यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार शाह की अध्यक्षता में हाल ही हुई एक बैठक में यह महसूस किया गया कि हिमाचल प्रदेश में बादल फटने, अचानक बाढ़ आने, भूस्खलन और मूसलाधार वर्षा की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई है। इन घटनाओं से राज्य में व्यापक जनहानि, बुनियादी ढांचे और आजीविका को नुकसान और पर्यावरण क्षरण हुआ है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा है कि स्थिति से निपटने के उपाय सुझाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे, भूविज्ञानी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम गठित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर केंद्र सरकार ने उनके ज्ञापन का इंतजार किए बिना ही नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल को पहले ही भेज दिया है। यह अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल 18 से 21 तारीख तक राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट देगा। केंद्र सरकार आपदाओं के समय बिना किसी भेदभाव के राज्यों के साथ मजबूती से खड़ी है। इसी दिशा में केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष 2023 के लिए बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ के व्यय को पहले ही मंजूरी दे दी है और गत 7 जुलाई को 451.44 करोड़ रुपए की पहली किस्त भी जारी कर दी है।



फाइल फोटो

## बिहार चुनाव | पटना के रोजगार मेले का वीडियो शेयर कर बोले राहुल गांधी

# आईएनडीआईए गठबंधन बदलेगा बिहार का भविष्य...

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** बिहार चुनाव से पहले राज्य में कांग्रेस काफी एक्टिव हो गई है। पार्टी ने दिल्ली और राजस्थान की पुरानी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए पटना में महारोजगार मेला लगाया। इस मेले में बेरोजगार युवाओं की भारी भीड़ नजर आई। कांग्रेस लीडर और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस मेले में आई भीड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और बिहार सरकार पर निशाना साधा।




राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में कहा कि महारोजगार मेले में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है। बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोजगार से अपना भविष्य चाहता है। भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोजगारी की आग में झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है। अपना गांव, अपना परिवार, सब कुछ पीछे छोड़ना पड़ता है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि बिहार के युवा कर्मठ हैं, काबिल हैं, होनहार हैं। उनकी जरूरत बस स्थानीय और सम्माननीय रोजगार है। अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन सिर्फ आश्वासन नहीं, समाधान लेकर आया है। हमारा फोकस साफ है। हुनर को हक, हर युवा को रोजगार, रुके पलायन, साथ रहे हर परिवार। इसी रास्ते बनेगा एक समृद्ध बिहार!

### यूथ कांग्रेस की पोस्ट को किया शेयर

राहुल ने इंडियन यूथ कांग्रेस के ट्वीट को शेयर करते हुए कहा कि ट्वीट में आईवाईसी ने कहा है कि पटना में युवा कांग्रेस के महारोजगार मेले में जुटी युवाओं की ये भारी भीड़ इस बात का साफ सबूत है कि बिहार में बेरोजगारी सबसे गंभीर समस्या है। जयपुर, दिल्ली के बाद, ये हमारा एक और प्रयास था ताकि रोजगार मेले के माध्यम से योग्य युवाओं को नौकरी का अवसर मिल सकें।

# जम्मू आधार शिविर से 4388 तीर्थयात्री अमरनाथ रवाना

महानगर संवाददाता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए श्री अमरनाथ यात्रा के 4388 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार सुबह हिमालय स्थित पवित्र गुफा मंदिर के लिए भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 2815 तीर्थयात्री हल्के और भारी मोटर वाहनों सहित 179 वाहनों के बेड़े में पहलगाम और 1573 बालटाल के लिए रवाना हुए। अब तक दो लाख से अधिक तीर्थयात्री पवित्र हिमलिंग के दर्शन कर चुके हैं।

# 15851 करोड़ रुपए की फर्जी आईटीसी धोखाधड़ी का खुलासा, 3558 फर्जी कंपनियां पकड़ी

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रेल-जून) के दौरान 15,851 करोड़ रुपए की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 29 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस तिमाही में केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने कुल 3,558 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह संख्या 3,840 थी। अधिकारियों ने बताया कि हर महीने औसतन 1,200 फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ किया गया। यह गिरावट संकेत देती है कि फर्जी पंजीकरण के खिलाफ चलाया गया अभियान असरदार साबित हो रहा है। इस तिमाही में की गई कार्रवाई के दौरान 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 659 करोड़ रुपए की वसूली भी की गई। वहीं, पिछले साल की समान तिमाही में 26 गिरफ्तारियां हुई थीं और 549 करोड़ रुपए की बरामदगी हुई थी।

**ऐसे हुई करोड़ों की धोखाधड़ी :** जीएसटी व्यवस्था के तहत, कंपनियां अपने आपूर्तिकर्ताओं से खरीद पर चुकाए गए टैक्स को आईटीसी के रूप में क्लेम कर सकती हैं। लेकिन फर्जी कंपनियां सिर्फ इस टैक्स क्रेडिट का फायदा उठाने के लिए बनाई जाती हैं, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान होता है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 61,545 करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी पकड़ी गई थी, जिसमें 25,009 फर्जी कंपनियां शामिल थीं।

फर्जी पंजीकरण के खिलाफ कार्रवाई के तहत जीएसटी अधिकारियों ने अब तक दो बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान चलाए हैं। पहले अभियान के दौरान 16 मई से 15 जुलाई 2023 के बीच 21,791 इकाइयों का कोई भौतिक अस्तित्व नहीं पाया गया और 24,010 करोड़ रुपए की कर चोरी का पता चला। दूसरा अभियान 16 अप्रेल से 30 अक्टूबर 2024 के बीच चला, जिसमें करीब 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगा जो 25,000 करोड़ रुपए की कर चोरी में शामिल थीं। फिलहाल, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति आईटीसी धोखाधड़ी रोकने और कर चोरी से निपटने के तरीकों पर विचार कर रही है।

## संदीप चौधरी 24 को करेंगे पृथ्वी की सबसे बड़ी केस स्टडी का अनावरण

महानगर संवाददाता

**अहमदाबाद/जयपुर।** सेव अर्थ मिशन के इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष संदीप चौधरी दूरदर्शी नेतृत्व, आध्यात्मिक विज्ञान और जमीनी स्तर पर कार्रवाई के प्रतीक के रूप में उभर रहे हैं। चौधरी 24 जुलाई को पृथ्वी की सबसे बड़ी केस स्टडी प्रस्तुत करेंगे, जिसका सीधा प्रसारण फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल पर रात 8 बजे से दुनिया भर के मीडिया, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और नीति-निर्माताओं के सामने होगा। संदीप चौधरी का बढ़ता प्रभाव अब ऑनलाइन भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ऊर्जा, चेतना और स्थिरता पर उनके साहसिक विचारों की बदौलत उनका नाम भारत, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका में एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर नियमित रूप से ट्रेंड कर रहा है। रहस्यमय ए1 171 विमान दुर्घटना की गुत्थी सुलझाने से लेकर 3,6,9 के आध्यात्मिक विज्ञान को प्रस्तुत करने तक, उनकी अंतर्दृष्टि वैश्विक विचारकों को आकर्षित और चुनौती देती रही है। जानकारी के अनुसार 101 से अधिक सफल स्टार्टअप शुरू करने के लिए जाने जाने वाले संदीप चौधरी, बिजनस की दुनिया से निकलकर धरती के लिए एक अग्रणी योद्धा बन गए हैं। एक सुधारक और जलवायु समर्थक के रूप में, अब वे सेव अर्थ मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं।

## निर्विरोध नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सेनेटरी डीलर एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी 2025-27 का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को एम.आई. रोड स्थित एक होटल में हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी राम अवतार मोर एवं सह चुनाव अधिकारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया।

इस अवसर पर निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज जैन पापड़ीवाल, महासचिव चांद बिहारी खुटेंटा, उपाध्यक्ष नवीन मोदी, सत्यनारायण गुप्ता, संयुक्त सचिव राजेश खण्डेलवाल, संयुक्त सचिव वित्त गोपाल कृष्ण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय साबु, कार्यकारिणी सदस्य सुमित अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, विकास खण्डेलवाल, अजय बंसल, प्रदीप बजाज, सुशील कुमार अग्रवाल, सुधीष अरोड़ा, सुशील कुमार जैन, के.एल. शर्मा, बृज मोहन कुमावत, राज लुल्ला, अजय जैन, अनिल कूलवाल, लीलाधर अग्रवाल, दुर्गेश खण्डेलवाल, सावन सेठी, गौरव अग्रवाल, आदेश गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरीय विकास, स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नव निर्वाचित कार्यकारणी को शपथ दिलवाई।

## विनोद काला की जयंती पर कैंसर जांच शिविर आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी विद्या विनोद काला की 27वीं पुण्यतिथि पर रविवार को मालवीय नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट में निशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में आसपास के नागरिकों ने शिविर में विभिन्न निशुल्क जांचों का लाभ उठाया। शिविर में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने उपस्थित लोगों को कैंसर की समय पर जांच और बचाव के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्व. विद्या विनोद काला की पत्नी पुष्पलता काला, कैंसर केयर की चेयरपर्सन अनिला कोठारी आदि उपस्थित रहे। शिविर में विनोद काला के पुत्र विवेक, आलोक, अजय व संजय शामिल हुए।

## अग्रयुवा शक्ति ने समाज को अग्र मोक्ष वाहिनी भेंट की



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अग्रयुवा शक्ति जयपुर की ओर से समाज को एक अग्र मोक्ष वाहिनी का डोनेशन दिया गया। अग्रयुवा शक्ति जयपुर के अध्यक्ष रूप किशोर गोयल ने बताया कि इस कार्य के लिए महिन्द्रा मेक्स सिटी गाड़ी खरीद कर बॉडी बनाने के लिए भिजवा दिया है। रजिस्ट्रेशन कार्य पूर्ण होने के बाद इसे समाज को डोनेट कर दिया जाएगा। इसका निशुल्क संचालन किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष संदीप भूतिया ने बताया कि इसके लिए एक स्थाई आयोजन समिति बनाई गई है जिसमें राजेश गोयल, प्रवेश गोयल, धर्मेन्द्र गोयल, गिर्राज अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, संजय गोयल पंतगवाला, डॉ. अंकुर अग्रवाल, अरविंद गर्ग नाईवाला को शामिल किया गया है। महामंत्री किशन अग्रवाल व मुख्य संयोजक प्रवेश गोयल ने बताया कि समाज डोनेट की जाने वाली मोक्ष वाहिनी के संचालन कि लिए एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा।

## एचडीएफसी ने पहली तिमाही में 18,155 करोड़ का मुनाफा कमाया

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के देश के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने वित्त-वर्ष 26 की पहली तिमाही के रिजल्ट की घोषणा कर दी। बीती अप्रेल-जून 2025 तिमाही में बैंक ने कुल 18,155.21 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। यह पिछले साल के मुकाबले 12.24 फीसदी अधिक है। यह एक्सपर्ट्स की उम्मीदों से भी बेहतर रहा। एक्सपर्ट्स ने इस तिमाही में 17,385 करोड़ रुपए के मुनाफे की उम्मीद थी। इसके साथ ही बैंक का स्टैंडअलोन नेट इंटरेस्ट इनकम भी 5.4 फीसदी बढ़कर 31,438 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

बैंक ने ऑपरेटिंग प्रॉफिट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। इस तिमाही में यह 35,734 करोड़ रुपए रहा। हालांकि, प्रोविजन्स में उछाल देखा गया, जो 14,442 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसमें 9,000 करोड़ रुपए फ्लोटिंग प्रोविजन्स और 1,700 करोड़ रुपए कंटिंजेंट प्रोविजन्स शामिल हैं। दूसरी ओर, बैंक ने अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने का ऐलान किया है। बोर्ड ने प्रति शेयर 5 रुपए का स्पेशल अंतरिम डिविडेंड और 1:1 बोनस इश्यू को मंजूरी दी है। यह डिविडेंड उन शेयरधारकों को मिलेगा, जिनका नाम 25 जुलाई 2025 को रजिस्टर में होगा और भुगतान 11 अगस्त को किया जाएगा। बोनस इश्यू के लिए शेयरधारकों और रेगुलेटर की मंजूरी जरूरी होगी।

## कौस्तुभ ने शास्त्रीय व सुगम गायन प्रस्तुति से बांधा समां



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र और भारतीय स्टेट बैंक के तत्वावधान में रविवार को शास्त्रीय एवं सुगम संगीत संध्या का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया सर्विस पेंशनर एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात गायक कलाकार कौस्तुभ एम. कुंज ने अपनी मधुर गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और कला प्रेमी मौजूद रहे।

कौस्तुभ ने राग मधुवंती में छोटा ख्याल और बड़ा ख्याल से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने राग किरवानी में ठुमरी नैना मोरे तरस गए प्रस्तुत की। उनकी अन्य प्रस्तुतियों में बंदिश रानी तेरो चिरजीवो गोपाल और वो काला एक बांसुरी वाला शामिल थीं। तबले पर प्रशांत, हारमोनियम पर हार्दिक, वायलिन पर राजीव अग्रवाल और संतूर पर अनवर हुसैन ने कौस्तुभ का संगत दिया।

## गलता तीर्थ से काला महादेव तक गूंजा हर हर महादेव, गोविंद भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सावन मास के उपलक्ष में रविवार को ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में 250 गोविंद भक्तों की भव्य कावड़ यात्रा धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। यह पवित्र यात्रा प्रातः गलता तीर्थ से शुरू होकर हर-हर महादेव के जयघोष के बीच कनक घाटी स्थित श्री काला महादेव मंदिर पहुंची।



रास्ते भर गोविंद भक्तों ने शिव भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन किए और वातावरण को शिवमय बना दिया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ठाकुर श्री काला महादेव जी का पंचामृत से अभिषेक किया, भोग अर्पित किया और पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यह कावड़ यात्रा भगवान शिव और ठाकुर श्री गोविंददेवजी के बीच भक्तों की अखंड आस्था का प्रतीक है। कावड़ यात्रा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 25 फीट गहरा भू-धसान, वाहनों की आवाजाही बाधित

महानगर संवाददाता



**आसनसोल।** कोलकाता को दिल्ली से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-19 पर भू-धसान हो गया। आसनसोल के रघुनाथबाटी के पास रविवार सुबह करीब 5 बजे तेज आवाज के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-19 की सड़क धंस गई। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 सड़क के बीचों-बीच करीब 25 फीट गहरा गड्डा बन गया। इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। बरसात के मौसम में खनन क्षेत्र होने के कारण भू-धसान की घटना आम बात हो जाती है। लेकिन स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ईसीएल के खनन क्षेत्रों की तत्काल भराई कराई की जांच की जाएं।

## आरबीएल बैंक को पहली तिमाही में नेट प्रॉफिट 46 फीसदी गिरा

महानगर संवाददाता




**नई दिल्ली।** आरबीएल बैंक को जून 2025 तिमाही में बड़ा झटका लगा है। बैंक का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल आधार पर 46 फीसदी गिरकर 200 करोड़ रह गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 371.5 करोड़ था। मुनाफे में ये गिरावट मुख्य रूप से नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) में कमी और प्रोविजनिंग बढ़ने की वजह से हुई है। बैंक की एनआईआई 13 फीसदी गिरकर 1,481 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 1,700 करोड़ थी। मार्च 2025 तिमाही के मुकाबले इसमें 5 फीसदी की गिरावट आई है। नेट इंटरेस्ट मार्जिन भी घटकर 4.50 फीसदी रह गया, जबकि मार्च तिमाही में यह 4.89 फीसदी और पिछले साल जून तिमाही में 5.67 फीसदी था। हालांकि, बैंक की दूसरी इनकम 33 फीसदी बढ़कर 1,069 करोड़ हो गई, जो पिछले साल 805 करोड़ थी। मार्च तिमाही में ये 1,000 करोड़ रही थी। आरबीएल बैंक के एमडी और सीईओ आर. सुब्रमणियकुमार ने कहा कि बैंक के मार्जिन अब शायद अपने निचले स्तर पर पहुंच चुके हैं और क्यू3 से इनमें सुधार की उम्मीद है।

## प्रताप कुमार भाटिया की तीन दिवसीय स्केच प्रदर्शनी का समापन

### आईएएस मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह ने किया अवलोकन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की सुरेख दीर्घा में 77 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की ओर से आयोजित स्केच आर्ट एग्जिबिशन का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनीषा अरोड़ा, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में 100 से अधिक स्केच प्रदर्शित किए गए। इनमें भगवान गणेश, राधा-कृष्ण व श्रीनाथजी, ह्यूमन मूड, पुरातात्विक स्मारक, विश्व की मशहूर हस्तियों के जीवंत स्केच शामिल रहे। भाटिया ने बताया कि जल्द ही वे रेयर बर्ड्स, भगवान शंकर, वाइल्ड लाइफ से जुड़े स्केच की प्रदर्शनी आयोजित करेंगे।

## शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा

# टॉप-10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 94,434 करोड़ रुपए कम हुई

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूएबल कंपनियों में से 6 के मार्केट कैप में बीते सप्ताह कुल मिलाकर 94433.12 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.74 अंक या 0.90 प्रतिशत नीचे आया।

सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप बढ़ गया।

इस रुख के उलट भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्केट कैप 13,208.44 करोड़ रुपए बढ़कर 7,34,763.97 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 5,282.15 करोड़ रुपए बढ़कर 5,85,292.83 करोड़ रुपए पहुंच गया है। इसी प्रकार आईसीआईसीआई बैंक का 3,095 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 10,18,008.73 करोड़ रुपए और एलआईसी का मार्केट कैप 506 करोड़ रुपए बढ़कर 5,83,828.91 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### 6 कंपनियों को कितना फायदा

सप्ताह के दौरान टीसीएस का मार्केट कैप 27,334.65 करोड़ रुपए घटकर 11,54,115.65 करोड़ रुपए रह गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 24,358.45 करोड़ रुपए घटकर 19,98,543.22 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक का 20,051.59 करोड़ रुपए घटकर 15,00,917.42 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 11,888.89 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 10,83,998.73 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 7,330.72 करोड़ रुपए घटकर 5,84,789.77 करोड़ रुपए और इंफोसिस का मार्केट कैप 3,468.82 करोड़ रुपए घटकर 6,59,096.12 करोड़ रुपए रह गया।

### टॉप 10 कंपनियां

सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा। नए सप्ताह में 21 जुलाई को मेनबोर्ड सेगमेंट में एनथेम बायोसांइसेज की लिस्टिंग बीएसई, एनएसई पर होगी। इसी दिन एनएसई एसएमई पर स्पूनवेब नॉनवोवेन के शेयर लिस्ट होंगे। इसके बाद 23 जुलाई को मोनिका अल्कोबेव आईपीओ के बीएसई एसएमई पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

## जयपुर नारी शक्ति लहरिया उत्सव



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित आनंद महल में रविवार को सर्व समाज नारी शक्ति लहरिया उत्सव संपन्न हुआ। जयपुर भाजपा के शहर अध्यक्ष अमित गोयल, जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, एडिशनल एसपी सीआईडी सीबी अदिति कांवट, राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रो. सुमन मौर्य, पार्षद रेखा राठौर, प्रमुख समाजसेवी एवं जार के महासचिव सुरेश पारीक, क्षमा अग्रवाल एवं हेमलता पारीक ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर लहरिया उत्सव का श्रीगणेश किया। लहरिया उत्सव की संयोजक एवं राजस्थान ब्राह्मण महासभा की प्रदेश महिला अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रहा। कार्यक्रम में नृत्य में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए गए ऑपरेशन सिंदूर के कैलेंडर वितरित किए। इस अवसर पर एडवोकेट गीता शर्मा, संतोष शर्मा, सीए सुशील शर्मा, सुरेश पारीक, विक्रम शर्मा, कमलेश शर्मा, अर्चना भार्गव, संगीता पारीक, घनश्याम ओझा, सिद्धार्थ गौड और मीना शर्मा उपस्थित रहे।



## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ, जयपुर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को रेलवे मजदूर संघ कार्यालय में आयोजित हुआ। समारोह भारतीय ट्रेड यूनियन अधिनियम 1926 के अंतर्गत पंजीकृत यूनियन जयपुर मेट्रो संयुक्त कर्मचारी संघ के हाल में सम्पन्न चुनावों के बाद आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, महामंत्री मोहनलाल यादव, उपाध्यक्ष निर्वेश यादव, विकास क्षत्रिय, कोषाध्यक्ष हरदेवा राम, संगठन मंत्री प्रशांत कुमार शर्मा, संगठन मंत्री नवीन चौधरी, प्रचार मंत्री शशिकांत सेठिया, कार्यालय मंत्री पकंज, संयुक्त मंत्री विकास कुमार को चुना गया। मुकेश कटारिया, अरुण कुमार शर्मा, बृजेश सैनी, रेखा चौहान को सदस्य के रूप में चुना गया।

# चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरने से छात्रा की मौत, यात्री घायल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मध्यप्रदेश के बैतूल में चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरने से जयपुर की छात्रा की मौत हो गई। उसे बचा रहा एक यात्री भी घायल हो गया। छात्रा पानी की बोतल लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरी थी। हादसा रविवार दोपहर को हुआ।

दरअसल, मैसूर से जयपुर आ रही जयपुर एक्सप्रेस (12975) बैतूल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी थी। पानी लेने नीचे उतरने के बाद ट्रेन अचानक चल पड़ी। छात्रा ने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ छूट गया। छात्रा ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन आधा घंटा प्लेटफॉर्म पर ही रुकी रही। पूरा घटनाक्रम वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। रेलवे पुलिस और जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका अमृता नायर जयपुर के धावास की रहने वाली थी। वह फेथ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बेंगलुरु की सेकंड ईयर की छात्रा थी। अपनी सहेली एंजल थॉमस के साथ ट्रेन में यात्रा कर रही थी।



### बैलेंस बिगड़ने से नीचे गिरी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब ट्रेन ने स्टेशन से चलना शुरू किया, अमृता बोतल लेने के बाद दोबारा ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। लेकिन संतुलन खोने के कारण वह प्लेटफॉर्म के नीचे गिर गई। उसके सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन को चेन पुलिंग के द्वारा रोका गया। रेलवे और स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने घायल यात्री को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

### चूरू के ग्रेनाइट व्यवसायी हुए घायल

हादसे में ट्रेन के बी-3 कोच में सवार रोशन अली घायल हुए हैं। वह राजस्थान के चूरू में ग्रेनाइट व्यवसायी हैं। उनके सिर और पैर में चोटें आई है। उन्होंने छात्रा को पकड़कर ट्रेन में चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन छात्रा का वजन अधिक होने के कारण वह उसे संभाल नहीं सके और दोनों नीचे गिर गए।

# तेज रफ्तार ट्रक ने तीन महिलाओं को मारी टक्कर, एक की मौत

**अलवर (मसं)।** शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में कटी घाटी के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक परिवार की तीन महिलाओं को टक्कर मार दी। इसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों को घटना का पता लगते ही मौके पर पहुंचे व तीनों को अस्पताल ले गए। पीड़ित महिलाएं मध्यप्रदेश की निवासी हैं।

अरावली विहार थाना प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि कटी घाटी क्षेत्र में एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर गई व जानकारी जुटाई। हादसे में तीन महिलाएं घायल हुईं, जिसमें एक की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार ट्रक ने महिलाओं को टक्कर मारी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख ट्रक की तलाश कर रहे हैं। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर जांच की जाएगी। परिजन विकास कुशवाह ने बताया कि वे मध्यप्रदेश के निवासी हैं।

काम की तलाश में कुछ साल पहले अलवर आए। अभी सनराइज रिसोर्ट में बेलदारी करते हैं। परिवार की तीन महिलाएं रविवार सुबह नित्य क्रिया के लिए रिसोर्ट के बाहर सड़क किनारे जा रही थीं, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। साथी मजदूरों की मदद से तीनों को अस्पताल ले गए, जहां बबीता को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना में गंभीर घायल बेनी बाई को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जयपुर रेफर कर दिया, जबकि जमना अलवर जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

# अपहरण कर थाने में वसूली के आरोपी चार पुलिस कांस्टेबल सेवा से बर्खास्त

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान पुलिस को शर्मसार करने वाले जोधपुर के पुलिसकर्मियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जोधपुर डीसीपी ईस्ट आलोक श्रीवास्तव ने माता का थान थाने के चार पुलिस कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया। श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस सेवा आचरण नियमों के तहत दोषी मानते हुए कांस्टेबल जगमाल राम जाट, नृसिंह जाट, राकेश पूनिया और लादूराम मेघवाल को बर्खास्त किया है। इधर, चारों कांस्टेबल को महामंदिर



पुलिस ने रिमांड खत्म होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इस मामले में थानाधिकारी की भूमिका को लेकर पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। डीसीपी श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित दिलीप गौड़ व उसके दोस्त रमेश शर्मा को माता का थान थाने के पुलिसकर्मी जगमाल राम जाट, नृसिंहलाल जाट, राकेश पूनिया, लादूराम मेघवाल व सरदारपुरा थाने के कांस्टेबल ऋषभ जाट और एक अन्य के साथ मिलकर महामंदिर थाना क्षेत्र से 14 जुलाई को अपहरण किया। उसके बाद जब माता का थान थाने लेकर गए, जहां सीसीटीवी बंद कर दोनों से 2 लाख नकद और करीब 9 लाख की क्रिप्टो करेंसी हड़पी। इस मामले को लेकर पीड़ित डीसीपी आलोक श्रीवास्तव के पास पेश हुआ। इसके बाद डीसीपी ने एसीपी हेमंत कलाल को निर्देश देकर पड़ताल की। महामंदिर थाने में मामला दर्ज कराया और चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्हें कोर्ट में पेश कर दो दिन का डिमांड लिया। पहले चारों आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया और शनिवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया। सरदारपुरा थाने के कांस्टेबल ऋषभ जाट के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीसीपी ईस्ट ने डीसीपी वेस्ट को पत्र लिखा है।

### को-ऑपरेट नहीं कर रहे आरोपी

2 दिन की रिमांड पर पता चला कि दिलीप गौड़ के साथ ही रमेश शर्मा की पत्नी के अकाउंट से एक लाख रुपए निकालने के लिए एक आरोपी रमेश शर्मा को केनरा बैंक के एटीएम ले गया। यहां 10000 के 10 ट्रांजैक्शन किए। इसके फुटेज पुलिस के हाथ लगे हैं। जिस जगह से दोनों को अगुवा किया, वहां के फुटेज भी मिल गए। चारों पुलिस कांस्टेबल अभी जांच में सहयोग नहीं कर रहे व किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से दूरी बना रखी है।

### आरोपियों को कोर्ट ने भेजा जेल

चारों आरोपी कांस्टेबल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां जांच अधिकारी एसीपी हेमंत कलाल ने न्यायालय से मामले में रिकवरी के लिए 5 दिन की रिमांड मांगी। इसके बाद में कोर्ट ने चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में कारागार भेज दिया। पुलिस को अभी आरोपियों से किए क्रिप्टो करेंसी के ट्रांजेक्शन की पड़ताल और रिकवरी करनी है।

## सीआईडी क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: अवैध केमिकल कारोबार बेनकाब, लाखों का ज्वलनशील पदार्थ जब्त

# टैंकर से चोरी कर बेचा जा रहा था बेंजीन, एक गिरफ्तार, मुख्य सरगना फरार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने वांटेड अपराधियों और संगठित गिरोहों पर नकेल कसते हुए एक बड़े अवैध केमिकल कारोबार का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में ज्वलनशील बेंजीन नामक केमिकल की भारी मात्रा जब्त की गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जबकि उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन के निर्देशन और उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एक विशेष टीम गठित की गई है जो वांटेड क्रिमिनल्स, संगठित गिरोह और इनामी अपराधियों इत्यादि के संबंध में प्रदेश से सूचनाओं का संकलन



धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है।

इस टीम का नेतृत्व पुलिस उप अधीक्षक फूलचंद टेलर व पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत द्वारा किया जा रहा है। टीम को जानकारी मिली कि पाली जिले में जैतपुरा के गोदारा होटल के पास अवैध गतिविधियों संचालित की जा रही है। जिसके बारे में तुरन्त थाना गुड़ाएंदला पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने देखा कि होटल के पास एक खाली प्लॉट में एक गुजरात पासिंग टैंकर और एक पिकअप वाहन खड़ा था। पिकअप से ड्रम उतारे जा रहे थे और टैंकर से पाइप के जरिए नीले ड्रम में केमिकल भरा जा रहा था। पुलिस को देखते ही बदमाश भागने लगे। टैंकर चालक, जिसकी पहचान नेमाराम देवासी निवासी रायपुर ब्यावर के रूप में हुई, टैंकर भगाने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। हालांकि उसका साथी गेनसिंह निवासी धारवी खुर्द बाड़मेर भागने में कामयाब रहा।

### मुनाफे का लालच और जान से खिलवाड़

पूछताछ में चालक नेमाराम ने बताया कि टैंकर में भरा बेंजीन केमिकल भटिंडा, पंजाब से दहेज, गुजरात ले जाया जा रहा था। रास्ते में वह अपने परिचित गेनसिंह के साथ मिलकर टैंकर की सील से छेड़छाड़ किए बिना ढक्कन खोलकर केमिकल निकाल लेता था और सस्ते दामों पर बेच देता था। यह सब मुनाफा कमाने के लालच में किया जा रहा था।
गुजरात से केमिकल ले जा रहे अन्य ट्रक चालकों को भी गेन सिंह लालच देकर केमिकल चोरी किया करता था।
पुलिस ने नेमाराम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में लापरवाही, जीवन को खतरे में डालने, धोखे से संपत्ति का गबन के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है

# जवान को दौड़ते समय आया हार्ट अटैक, मौत

## शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिले के नीमकाथाना क्षेत्र के धंधेला गांव के जवान रामचंद्र सैनी का उत्तराखंड में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। रामचंद्र सैनी 66 आरसीसी जीआरईएफ में तैनात थे। बताया जा रहा है कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और हार्ट अटैक के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

जवान के पार्थिव शरीर को रविवार को नीमकाथाना के पाटन थाने लाया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। रामचंद्र सैनी की शहादत को सम्मान देने के लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने की मांग की।

परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद का दर्जा देने, सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने और मौत के कारण की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और धरने पर बैठ गए। शाम करीब 4 बजे मांगों पर सहमति के बाद धरना खत्म हो गया। इसके बाद जवान रामचंद्र सैनी के सम्मान में पाटन थाने से धांधेला गांव तक 2 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

### थाने के सामने और स्टेट हाईवे पर 2 जगह लगाया जाम

प्रदर्शनकारियों ने रविवार सुबह करीब 10 बजे पाटन थाने के सामने सड़क के अलावा स्टेट हाईवे पर भी नवोदय स्कूल के पास और राजपुरा में जाम लगा दिया। इसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पाटन तहसीलदार सुभाष चंद्र, नायब तहसीलदार भौम सिंह और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विनोद भूदोली मौके पर पहुंचे। शाम करीब 4 बजे नवोदय स्कूल के पास सड़क पर बैठे लोगों से पाटन तहसीलदार सुभाष चंद्र ने बात की और राजकीय सम्मान से अंत्येष्टि का आश्वासन दिया। इसके अलावा अन्य मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इस पर ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन खत्म कर दिया।

# पत्नी की हत्या कर 9 साल के बेटे को लेकर भागा युवक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बगरू थाना इलाके में युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मर्डर करने के बाद युवक 9 साल के बेटे को लेकर घर से भाग गया। उसने बेटे को ग्रेटर नोएडा में रहने वाले छोटे भाई के घर छोड़ा और वह फरार हो गया। जांच में सामने आया है कि महिला पर किसी भारी चीज से हमला किया गया है।

एसएचओ मोती लाल शर्मा ने बताया कि मृतका प्रियंका मथुरा (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली थी। करीब 11 साल पहले उसकी शादी ग्रेटर नोएडा (यूपी) में रहने वाले ललित गौतम से हुई थी। वह करीब 4 साल से पति ललित और 9 साल के बेटे के साथ जयपुर में ओमेक्स सिटी स्थित विला में रहती थी। शनिवार शाम करीब 5 बजे किसी बात को



लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ। ललित ने भारी वस्तु से प्रियंका के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद शव को बेड पर पटक दिया। ललित ने घर को बाहर से लॉक किया और बेटे को लेकर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, इस दौरान प्रियंका के घरवालों (पीहर पक्ष) के लगातार फोन करने पर जवाब नहीं मिला। उन्होंने पड़ोसियों को कॉल कर उसके घर जाने को कहा। पड़ोसियों को घर बाहर से लॉक मिला। खिड़की से झांका तो अंदर लाइट जलती दिखी। पड़ोसियों को शक हुआ। पुलिस को सूचना दी।

बगरू थाना पुलिस लॉक तोड़कर घर के अंदर पहुंची। कमरे के अंदर बेड पर प्रियंका का शव लहूलुहान हालत में मिला। पुलिस ने एफएसएल की मदद से सबूत जुटाए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बगरू सीएचसी में भेजा गया। रविवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पत्नी जयपुर में रहना चाहती थी, पति गांव जाना चाहता था

पुलिस को प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच काफी समय से झगड़ा चल रहा था। झगड़े का कारण था कि प्रियंका यहां रहना चाहती थी, जबकि पति ललित विला बेचकर ग्रेटर नोएडा में अपने गांव जाकर रहना चाहता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार पति की तलाश शुरू कर दी है।

# गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग, घरेलू सामान जला

**सवाई माधोपुर (मसं)।** सवाई माधोपुर के समीपवर्ती सूरवाल गांव के एक घर में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। यहां गैस सिलेंडर से गैस लीक होने से आग लग गई थी। ग्रामीणों के अनुसार रविवार दोपहर को हरिपाल पुत्र हरदेवा माली के मकान में खाना बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ। जिसके कारण अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के भरसक प्रयास किए, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, मकान में रखा सभी सामान जल गया। आग लगने से हरिपाल माली का रसोई गैस सिलेंडर, घरेलू उपयोग के बर्तन व सामान, कपड़े, पलंग, बिस्तर, गद्दे, पानी की टंकी, घर में रखे आभूषण जल गए। आग लगने से यहां करीब सवा तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। लोगों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना प्राप्त होते ही पटवारी संबंधित टीम के साथ घटनास्थल पर तुरंत पहुंचे। यहां पहुंचकर टीम ने स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से हरिपाल की माली हालत को देखते हुए जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

# तेज-रफ्तार कार दुकान के बेसमेंट में घुसी, ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार रात तेज रफ्तार थार ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। थार जीप बेकाबू होकर पास ही एक दुकान के बेसमेंट में जा घुसी। हादसे में एयरबैग खुलने से कार सवार की जान बाल-बाल बच गई। शिप्रापथ थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त जीप को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि एक्सीडेंट शनिवार रात करीब 11:45 बजे विजय पथ चौराहे पर हुआ। शिप्रापथ की ओर से एक स्विफ्ट कार मध्यम मार्ग की ओर जा रही थी। सामने से आ रही ओवर स्पीड थार जीप ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद थार जीप बेकाबू होकर पास ही एक दुकान के बेसमेंट में जा घुसी। कार के एयरबैग खुलने से उसमें सवार गोकुल निवासी निवाई टोंक की जान बाल-बाल बच गई। एक्सीडेंट के बाद क्षतिग्रस्त जीप को छोड़कर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। शिप्रापथ थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने को क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त जीप को बाहर निकालकर जब्त किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीआरपीएफ जवान की सड़क हादसे में मौत, ट्रक चालक फरार

महानगर संवाददाता

**धौलपुर।** शहर के वाटर बॉक्स चौराहे पर रविवार को एक सड़क हादसे में सीआरपीएफ जवान की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय कोतवाली थाना पुलिस ने जिला अस्पताल भी पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। डेड बॉडी को कब्जे में लेकर मुर्दाघर में रखवाया। परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम पुलिस ने करा दिया है। थाना प्रभारी हरिनारायण मीणा ने बताया ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मध्य प्रदेश के भिंड जिला निवासी 32 वर्षीय शिवम सिंह राजावत सीआरपीएफ में जवान था। रविवार को बाइक पर सवार होकर ग्वालियर से दिल्ली के लिए ड्यूटी करने के लिए रवाना हुआ था। एनएच 44 स्थित धौलपुर के कोतवाली थाना इलाके में वाटर बॉक्स चौराहे के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने जवान को टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को देखकर स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। उधर ट्रक चालक गाड़ी को खड़ी कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जवान को तुरंत एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर घटना से परिजनों को अवगत कराया। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया है। उधर घटना से मृतक के परिजनों में मातम पसर गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# सटोरियों को पकड़ने के लिए पुलिस के सख्त कदम

## ऑनलाइन सट्टे में शामिल 6 फरार आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर की गई कार्रवाई के बाद सट्टा चलाने वाले फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। फरार चल रहे छह वांछित आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। मामला भीलवाड़ा के सदर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन जुआ-सट्टा पर गत दिनों हुई कार्रवाई से जुड़ा है। कार्रवाई के बाद से ये सभी आरोपी लगातार फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए इन सभी 6 आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है।

### इनकी होनी है गिरफ्तारी

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों में प्रतापनगर थाना क्षेत्र के डालचंद जाट, प्रकाश सिंधी, कोतवाली थाने के कमल कुमार मंघानी, फजले रऊफ उर्फ लुत्फी, भीमगंज थाना क्षेत्र के अर्पित और राहुल गुर्जर शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ 19 जून 2025 को सदर थाने में ऑनलाइन सट्टे को लेकर जुआ एक्ट और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई थी। इन आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाले को इनाम दिया जाएगा। वहीं सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# पांच साल के बच्चे की हत्या, खंडहर में मिला शव

महानगर संवाददाता

**खैरथल-तिजारा।** जिले के मुंडावर थाना क्षेत्र के गांव में रविवार को एक बच्चे का शव खंडहर में मिलने से सनसनी फैल गई। 5 वर्षीय लोकेश दो दिन से लापता था। उसका शव गांव के खंडहर हो चुके मकान में मिला। बच्चे की हत्या की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। मुंडावर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया।

मुंडावर थाना अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सराय गांव में लोकेश नामक बच्चे का शव मिलने की सूचना मिली। वे मौके पर गए। शव को अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। परिजनों ने दो दिन पहले लोकेश की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला गंभीर होने पर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थाना अधिकारी महावीर सिंह ने बताया कि बच्चे की हत्या की जांच की जा रही है। बच्चे की हत्या किसने और क्यों की, इसकी हर एंगल से जांच करेंगे।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

लोकेश दो दिन से लापता था। परिजन उसे तलाश रहे थे। रविवार सुबह परिजन अन्य ग्रामीणों के साथ तलाशते हुए गांव के सूने खंडहर में गए तो वहां बच्चा मृत मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, ग्रामीण चर्चा कर रहे हैं कि बच्चे की हत्या तंत्र क्रिया या रंजिश के चलते तो नहीं की गई है।

# जानलेवा हमला करने वाले बदमाशों की कराई परेड

## लोगों से माफी मांगते दिखे आरोपी, थानाधिकारी बोले- कानून से बड़ा कोई नहीं

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं में काकोड़ा के सरपंच संदीप कुमार और उनके साथी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों की शहर में परेड करवाई गई। इस दौरान वो लोगों से माफी मांगते दिखे।

सूरजगढ़ पुलिस चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपियों को पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है। रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों की शहर में परेड करवाई, जहां उन्हें आमजन के सामने लाया गया और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई गई।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपियों को हथकड़ियों में थाने से बाहर लाकर सूरजगढ़ बाजार, मुख्य चौक, अनाज मंडी और बस स्टैंड इलाके से घुमाया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे।बड़ी संख्या में लोग भी परेड देखने पहुंचे। आरोपियों से माफी मंगवाई गई और पुलिस ने चेताया कि अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसी हरकत करेगा तो उसके साथ भी ऐसा ही व्यवहार होगा।



### राजीनामे का बना रहे थे दबाव

पीड़ित देवीसिंह ने थाने में रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि यह हमला एक पुराने मुकदमे को लेकर किया गया, जिसमें वह पक्षकार हैं और आरोपी उन्हें राजीनामे का दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर उन्होंने हमला कर दिया।

### यह है पूरा मामला

यह मामला 18 जुलाई का है जब काकोड़ा सरपंच संदीप कुमार अपने परिचित देवीसिंह पुत्र रघुवीर सिंह (निवासी कुलोठ खुर्द) के साथ कार से सूरजगढ़ मंडी की ओर जा रहे थे। तभी रघुनाथपुरा टोल के पास बिना नंबर प्लेट वाली एक पिकअप, दो कैंपर और एक बोलेरो गाड़ी ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। गाड़ियों में सवार एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने सरपंच और उसके साथी पर लाठी, डंडे, सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। गाड़ी को बार-बार टक्कर मारी गई और शीशे, बोनट व खिड़कियों को तोड़ दिया गया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### सीसीटीवी फुटेज से पकड़े आरोपी

कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत, चिड़ावा डिप्टी विकास धींधवाल और थानाधिकारी धर्मेंद्र मीणा के निर्देशन में अलग-अलग टीमें बनाई गईं। इन टीमों ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और मुखबिर के जरिए आरोपियों की पहचान की और चार मुख्य आरोपियों शेर सिंह उर्फ भुणिया निवासी राठियों की ढाणी, सुरेंद्र सिंह, विजय कुमार और राहुल उर्फ बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया। दो अन्य आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। गिरफ्तारी के बाद चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पीसी रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस उनसे घटना में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है। वहीं, जो अन्य आरोपी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दी जा रही है। परेड के बाद थाना प्रभारी धर्मेंद्र मीणा ने कहा कि जो भी कानून हाथ में लेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।





# आलिया निभाएंगी सीता का रोल?

फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है, लेकिन रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है। सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना।



### स्क्रिप्ट तैयार है, लेकिन किरदार नहीं हैं

उन्होंने खुलासा किया, 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है। उसी के लिए, मैंने 2009 में सूर्या से राम का किरदार निभाने के लिए संपर्क किया था। हालांकि बजट मेरे हिसाब से ठीक नहीं था, इसलिए बात नहीं बन पाई। फिल्म का निर्देशन राघवेंद्र राव करने वाले थे। मेरे पिता रावण का किरदार निभाने वाले थे। मेरे पास इसकी स्क्रिप्ट और संवाद तैयार हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं कभी इसे निभा पाऊंगा या नहीं।'

### बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर सकी कन्नप्पा

विष्णु मांचू ने हाल ही में एक बड़े बजट की पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा बनाई, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई। अभिनेता अक्षय कुमार, प्रभास और मोहनलाल ने क्रमशः भगवान शिव, रुद्र और किरात की भूमिकाएं निभाईं। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा नहीं चली। इसने सिर्फ 41.75 करोड़ रुपए कमाए।

### भगवान राम के किरदार में दिखे रणबीर

इस बीच, नितेश तिवारी ने हाल ही में रामायण के अपने संस्करण की एक झलक साझा करके अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया, जिसमें अभिनेता रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेत्री साईं पल्लवी देवी सीता और यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का पहला भाग अगले साल दिवाली पर रिलीज होने वाला है।



मेघालय हत्याकांड पर आमिर खान ने दिखाई गहरी रुचि



# राजा हत्याकांडः राजा-सोनम रघुवंशी पर बनेगी फिल्म?

बॉलीवुड के फेमस एक्टर आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर बॉक्स ऑफिस पर लगी हुई है। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही हैं। अब इसी बीच एक खबर है कि एक्टर देश में बड़े हत्याकांड में से एक रहे राजा और सोनम रघुवंशी की स्टोरी पर काफी ध्यान दे रहे हैं। उनकी टीम ने बताया कि वह इस केस पर नजर रख रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार सामने आया है कि आमिर खान मेघालय हत्याकांड पर आधारित एक प्रोजेक्ट पर काम करने में रुचि दिखा रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, 'आमिर खान मेघालय मर्डर केस की अपडेट्स पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस मामले पर नजर रखी है और अपने करीबी लोगों से इस बारे में बात भी की है। हो सकता है कि उनके प्रोडक्शन की तरफ से भी इस विषय पर कोई काम शुरू हो। हालांकि कहा ये भी जा रहा है कि अभी काम शुरुआती चरण में है और कौन एक्ट्रेस होगी और कौन एक्टर होगा, इसकी लिस्ट बनाने के पहले तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं है। आमिर इसमें अभिनय करेंगे या सिर्फ निर्माता के तौर पर जुड़े रहेंगे, यह तो कुछ महीनों बाद ही पता चलेगा।

गौरतलब है कि मेघालय मर्डर केस से आप सभी वाकिफ होंगे, राजा रघुवंशी मर्डर केस पिछले काफी समय से सुर्खियों में रहा है, राजा रघुवंशी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ शादी के कुछ दिन बाद हनीमून पर मेघालय गए थे। वहीं सोनम ने अपने पति राजा को मरवा डाला था, क्योंकि सोनम किसी और से प्यार करती थीं, लेकिन घरवालों ने जबरन उसकी शादी राजा से करवा दी थी, इस वजह से अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर सोनम ने राजा की हत्या कर दी थी।



### जल्द आने वाली आमिर की नई फिल्में

वहीं, आमिर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही लोकेश कनगराज की 'कुली' में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वह अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत पर भी काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ आमिर खान सनी देओल के साथ लाहौर 1947 भी बना रहे हैं।

# डॉन के निर्देशक चंद्र बरोट का निधन

### लंबे समय से बीमार चल रहे थे बरोट

अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'डॉन' के निर्देशक चंद्र बरोट का रविवार को मुंबई में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी पत्नी दीपा बरोट ने इस खबर की पुष्टि की। बरोत पिछले कई वर्षों से अपने फेफड़ों का इलाज करा रहे थे। निधन से पहले, शहर के गुरु नानक अस्पताल में डॉ. मनीष शेट्टी उनका इलाज कर रहे थे। इससे पहले, उन्हें जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी पत्नी दीपा बारोट ने को बताया कि वह पिछले सात सालों से पल्मोनरी फाइब्रोसिस से जूझ रहे थे।



### अमिताभ बच्चन ने किया रिएक्ट

अमिताभ ने अपने ब्लॉग में इस पर रिएक्ट भी किया। एक्टर ने लिखा, 'मेरे प्रिय मित्र और डॉन के निर्देशक,चंद्रा बरोट का आज सुबह निधन हो गया... इस क्षति को शब्दों में बयां करना मुश्किल है.. हमने साथ काम किया था, लेकिन वह किसी और से ज्यादा एक पारिवारिक मित्र थे..मैं केवल प्रार्थना कर सकता हूं।'

### तंजानिया में हुआ था फिल्म निर्देशक का जन्म

बरोट का जन्म और पालन-पोषण तंजानिया में हुआ था। एक बैंक में नौकरी करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया। इसके बाद मनोज कुमार के मार्गदर्शन में वो फिल्म इंडस्ट्री में शामिल हो गए। चंद्रा ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक 'डॉन' दी, बल्कि 'पूरब और पश्चिम', 'यादगार', 'शोर' और 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया।

# उस्ताद भगत सिंह में अब राशि खन्ना पवन कल्याण के साथ आएंगी नजर



पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी, लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, फिल्म में श्रीलीला के अलावा भी एक और साउथ एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है।

पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। निर्माता इस महीने के आखिर तक पवन कल्याण के हिस्से की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। साथ ही, उनके जन्मदिन पर एक खास टीजर भी रिलीज करने की योजना है। श्रीलीला इस एक्शन ड्रामा में मुख्य अभिनेत्री हैं। स्क्रिप्ट में एक और नायिका की जगह है। जानकारी के मुताबिक, राशि खन्ना दूसरी मुख्य नायिका हो सकती हैं। राशि पहले साईं धर्म तेज और वरुण तेज के साथ मेगा कैंप की सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रशंसक इस खबर से उत्साहित हैं, हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।



# साउथ तक पहुंचा सैयारा का क्रेज

### महेश बाबू ने अहान पांडे और अनीत पड्डा की तारीफों के बांधे पुल

रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा सैयारा नोट छापने के साथ-साथ दर्शकों की तारीफें भी बटोर रही है। फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इतना शानदार काम किया है कि कोई भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहा है। बॉलीवुड सेलेब्स के अलावा साउथ इंडस्ट्री में भी सैयारा का ही क्रेज है।



हाल ही में, साउथ सिनेमा के सुपरस्टार महेश बाबू ने मोहित सूरी निर्देशित सैयारा की जमकर तारीफ की है। अहान पांडे और अनीता पड्डा स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की है और दर्शकों के साथ-साथ कई सेलेब्रिटीज का भी दिल जीत लिया है। महेश भी उन्हीं सितारों में शुमार हैं।

महेश बाबू ने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर सैयारा का रिव्यू शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'सैयारा टीम को सलाम। क्या शानदार फिल्म बनाई है, जिसमें ईमानदारी से कहानी कही गई है, बेहतरीन प्रदर्शन और नेक्स्ट लेवल का एग्जीक्यूशन। अहान पांडे और अनीता पड्डा को उनके किरदारों को इतनी सहजता से जीने के लिए बहुत-बहुत प्यार। यह फिल्म हर उस प्यार की हकदार है जो इसे मिल रहा है।'

### सैयारा का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

सैयारा 2025 की हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों की लिस्ट में शुमार होने के करीब है। इस फिल्म ने पहले ही दिन 21 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है, जो किसी भी डेब्यूटेंट कलाकारों वाली फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। यशराज फिल्म्स निर्मित इस फिल्म ने दूसरे दिन भी अपना जलवा कायम रखते हुए कुल 24 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। सिर्फ भारत में दो दिन में फिल्म ने 45 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



# थिएटर्स में तेल से भी महंगा पानी?

### स्नैक्स-पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक्स की बेहिसाब कीमतें



जब किसी वस्तु के दाम से थोड़ा अधिक पैसे चार्ज किया जाता है, तो लोगों को समझ आता है, लेकिन अगर किसी वस्तु का दाम 20 रुपए है और थिएटर में उसकी कीमत 200 रुपए चार्ज कर दिया जाता है, तो ये कही से भी ठीक नहीं है। ठीक ऐसा ही एक एक्टर के साथ हुआ। जब वह एक फिल्म देखने हाल ही में थिएटर में गए।

### आसमान छूती कीमतों पर हैरानी

तेलुगू सिनेमा के उभरते सितारे निखिल सिद्धार्थ ने थिएटर्स में खाने-पीने की वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों पर हैरानी जताते हुए प्रशासन से अपील की है कि वह दर्शकों को थिएटर में कम से कम पानी की बोतल ले जाने की इजाजत दें। निखिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' हैंडल पर अपनी बात रखते हुए लिखा, 'टिकटों की ऊंची कीमतों पर अंकुश लगाना चाहिए, लेकिन उससे भी बड़ी समस्या थिएटर्स में पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक्स की बेहिसाब कीमतें हैं। हाल ही में मैंने एक फिल्म देखी और हैरान रह गया कि मैंने स्नैक्स पर फिल्म के टिकट से ज्यादा खर्च किए।'



उन्होंने आगे कहा, 'मैं डिस्ट्रीब्यूटर्स से अनुरोध करता हूं कि इस समस्या को हल करें, ताकि ज्यादा दर्शक बड़े पर्दे पर फिल्मों का आनंद ले सकें। कम से कम हमें अपनी पानी की बोतल थिएटर में ले जाने की अनुमति दी जाए।' निखिल की यह अपील दर्शकों की उस चिंता को दिखाती है जो देशभर में थिएटर्स में महंगे खाने-पीने की चीजों को लेकर है। उनकी यह मांग सिनेमा अनुभव को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक कदम है।

### पैन-इंडिया फिल्म 'स्वयंभू' में नजर आएंगे निखिल



वर्कफ्रंट की बात करें तो निखिल जल्द ही निर्देशक भरत कृष्णमाचारी की आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'स्वयंभू' में नजर आएंगे। यह एक पीरियड-एक्शन फिल्म है, जिसे इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फिल्म में निखिल के साथ संयुक्ता और नभा नटेश मुख्य किरदारों में हैं। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब एक शानदार टीजर तैयार किया जा रहा है, जिससे दर्शकों को इस भव्य कहानी की पहली झलक मिलेगी। फिल्म में निखिल एक योद्धा के रोल में दिखेंगे। हाल ही में आए पोस्टर में उन्हें तलवार लेकर युद्ध करते हुए और संयुक्ता को धनुष-बाण के साथ दिखाया गया है। पोस्टर की बैकग्राउंड में 'सेंगोल' भी नजर आता है, जो शक्ति और धर्म के प्रतीक के रूप में दिखाया गया है। फिल्म का म्यूजिक रवि बसरूर ने दिया है, कैमरा वर्क केके सेंथिल कुमार ने संभाला है और एडिटिंग तम्मीराजू ने की है।



# हंसिका मोटवानी की शादी में आई दरार!

### सोहेल से अलग रहने की अफवाहें तेज, एक्ट्रेस के पति ने कहा-यह सच नहीं है

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी और उनके पति सोहेल कथुरिया की शादी को अभी करीब ढाई साल ही हुए हैं, लेकिन अब दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। दोनों को लेकर खबरें हैं कि वो इस वक्त एक साथ नहीं रह रहे हैं।

एक सूत्र ने बताया कि हंसिका अब अपनी मां के साथ रह रही हैं, जबकि सोहेल अपने माता-पिता के साथ रह रहे हैं। दिसंबर 2022 में शादी के बाद शुरुआत में हंसिका ने सोहेल के परिवार के साथ ही रहना शुरू किया था, लेकिन बड़े परिवार के साथ एडजस्ट करना थोड़ा मुश्किल हो गया। इसलिए दोनों ने उसी बिल्डिंग में एक अलग फ्लैट ले लिया। अब खबर है कि उनके बीच फिर भी परेशानी बनी हुई है। वहीं, जब हंसिका से बात करने की कोशिश की गई, तो उनका कोई जवाब नहीं मिला, जबकि उनके पति सोहेल ने सिर्फ एक टेक्स्ट भेजा कि ये सच नहीं है, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि कौन-सी बात झूठ है अलग रहना या रिश्ता टूटना, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

गौरतलब है कि हंसिका और सोहेल की शादी जयपुर के एक किले में हुई थी। दोनों की शादी इसलिए भी चर्चा में थी क्योंकि यह खबरें थीं कि सोहेल की पहली पत्नी रिंकी बजाज, हंसिका की अच्छी दोस्त थीं। हालांकि, हंसिका और सोहेल ने बाद में साफ किया था कि वे पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे, क्योंकि सोहेल, हंसिका के भाई के दोस्त हैं।

### ठेकेदारों पर निर्भर सरकार, फीडर, रीडर, पंप मैन, प्लंबर, मेसन जैसे पदों पर भर्ती नहीं

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा जलदाय विभाग, 33 साल से नहीं हुई भर्ती

## जलदाय विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान भी उठाया गया था यह विषय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** घर-घर पानी की आपूर्ति करने वाला जलदाय महकमा लंबे समय से कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। इस कारण विभाग में पेयजल आपूर्ति गड़बड़ा रही है। जलदाय विभाग कर्मचारी संगठनों का कहना है कि कर्मचारियों की नियमित भर्ती नहीं होने से विभाग को ठेकेदारों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि विभाग में वर्ष 1992 के बाद से कोई भर्ती नहीं हुई है। गहलोत सरकार के दूसरे कार्यकाल में 1300 कर्मचारियों की भर्ती निकली थी, लेकिन वह भी कागजों में ही रह गई है। 1992 से पहले विभाग में 44 हजार से ज्यादा कर्मचारी थे, जो घटकर अब करीब 13 हजार रह गए हैं। आपूर्ति के हिसाब से आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन उस हिसाब से सरकार कर्मचारियों की भर्ती नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि फीडर, रीडर, पंप मैन, प्लंबर, मेसन जैसे पदों पर भर्ती नहीं हुई है। इधर कर्मचारियों की कमी के चलते मौजूदा कर्मचारी 16 घंटे से भी ज्यादा काम कर रहे हैं। शहरों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। चूंकि शहरों में तो बिजली आती है, लेकिन गांव में बिजली कम आती है और बिजली अगर रात को आती है तो कर्मचारियों को रात में ही पंप चालू करके पानी सप्लाई करना होता है। ऐसे में कर्मचारी 16 घंटे से भी ज्यादा समय तक काम कर रहे हैं।

### सब कुछ ठेकेदारों पर निर्भर, शिकायतों का समाधान नहीं

पहले विभाग में कोई शिकायत आती थी तो कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करते थे, लेकिन अब कर्मचारियों की कमी के चलते सब कुछ ठेकेदारों पर निर्भर हो गया है। कर्मचारी चाह कर भी जनता के पास नहीं पहुंच पाते हैं। इधर इन दो माह में गर्मी पड़ने के साथ ही जलापूर्ति बढ़ाए जाने की मांग तेज हो गई थी। कई जगह पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं होने पर लोगों की नाराजगी भी झेलनी पड़ी। हाल ही सरकार ने भी जलदाय विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जनता को पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। इस दौरान विभाग में कर्मचारियों की कमी का विषय भी उठाया गया था।

#### इनका कहना है...

"विभाग लंबे समय से कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। समाधान नहीं होने से समस्याएं बढ़ गई हैं। सरकार इस विषय को लेकर गंभीरता से विचार करे।

*संजय सिंह शेखावत, प्रदेशाध्यक्ष, जलदाय विभाग इंटक*

### सरकारें बदलती रहीं, लेकिन भर्ती अटकी ही रही

नियमित भर्ती के लिए भाजपा हो या कांग्रेस की सरकार, कई बार ज्ञापन दिए गए हैं। हर बार आश्वासन ही मिला है, लेकिन भर्ती नहीं होती है। यही हाल मौजूदा भजनलाल सरकार का है। सरकार की ओर से विभाग में कर्मचारियों की कमी को शीघ्र पूरा करने की बात कही जाती है, लेकिन हुआ कुछ भी नहीं। कर्मचारियों के अभाव के चलते मौजूदा कार्यरत कर्मचारियों को अवकाश भी नहीं मिल पाते हैं, अगर किसी कर्मचारी को आवश्यक काम भी हो तो भी उसे पहले अपना काम पूरा करना होता है, उसके बाद ही वह जा सकता है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल ला रही रंग

# विकेंद्रित सौर ऊर्जा में राजस्थान बन रहा देश का प्रमुख हब

- एक वर्ष में विकसित हुए 1190 मेगावाट क्षमता के 592 प्लांट
- पीएम कुसुम योजना में देश का अग्रणी राज्य बना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। सौर ऊर्जा के साथ-साथ विकेंद्रित सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश देश का प्रमुख हब बनकर उभर रहा है। बीते करीब एक साल में इस क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। यह संभव हुआ है प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (कुसुम योजना) के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन से। इसकी बदौलत राज्य में कुल 1305 मेगावाट क्षमता के 684 विकेंद्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल और त्वरित निर्णय क्षमता का ही परिणाम है कि इनमें से 1190 मेगावाट क्षमता के 592 प्लांट मात्र एक साल में विकसित किए जा चुके हैं। योजना के कंपोनेंट-ए में अधिकतम 2 मेगावाट तथा कंपोनेंट-सी में अधिकतम 5 मेगावाट क्षमता तक के ग्रिड कनेक्टेड प्लांट लगाए जाने का प्रावधान है। कंपोनेंट-सी में संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र सरकार की ओर से प्रति मेगावाट अधिकतम 1 करोड़ 5 लाख रुपए (लागत का 30 प्रतिशत) की सहायता देय है। काबिलेगौर यह है कि यह प्लांट उद्योगपतियों अथवा बड़े वाणिज्यिक समूहों द्वारा नहीं लगाए जा रहे हैं। किसानों द्वारा स्वयं अथवा किसी डवलपर के साथ मिलकर खेत के समीप अपनी अनुपजाऊ भूमि पर लगाए जा रहे हैं। इन सौर संयंत्रों के माध्यम से अन्नदाता किसान अब ऊर्जादाता भी बन रहे हैं और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता के नए युग की शुरुआत हुई है।

राज्य में कुसुम कंपोनेंट-ए के अंतर्गत 457 मेगावाट क्षमता के 354 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं कंपोनेंट-सी में 848 मेगावाट क्षमता के 330 सौर संयंत्र लग चुके हैं। यह प्रगति इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दिसंबर 2023 में वर्तमान सरकार के गठन से पूर्व प्रदेश में कुसुम योजना के दोनों घटकों को मिलाकर 123 मेगावाट क्षमता ही सृजित हो पाई थी। गत सरकार के समय कंपोनेंट-ए में 119 मेगावाट के 91 प्लांट लगे थे। वहीं कुसुम कंपोनेंट-सी में तो 4 मेगावाट क्षमता का मात्र एक प्लांट ही स्थापित किया जा सका था।

राज्य में योजना के सफल क्रियान्वयन को देखते हुए केंद्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कुसुम कंपोनेंट-ए में वित्त वर्ष 2024-25 में 397 मेगावाट तथा वर्ष 2025-26 में 5 हजार मेगावाट क्षमता का आवंटन बढ़ाया है। वहीं कंपोनेंट-सी में दोनों वर्षों में कुल 2 लाख सोलर पंप क्षमता का अतिरिक्त आवंटन किया है। केंद्र सरकार ने इस योजना के तहत अब तक राजस्थान को कंपोनेंट-ए में कुल 5,500 मेगावाट तथा कंपोनेंट-सी में 4 लाख सोलर पंप के लक्ष्य आवंटित किए हैं। पूर्व में प्रदेश में घटक-ए का क्रियान्वयन राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के माध्यम से किया जाता था, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के क्रम में 23 जुलाई 2024 से कंपोनेंट-सी के साथ-साथ कंपोनेंट-ए का भी क्रियान्वयन वितरण कंपनियों को सुपुर्द कर दिया गया।

### राजस्थान के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह योजना



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के किसानों को वर्ष 2027 तक कृषि कार्य के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की क्रियान्विति में यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। अब तक स्थापित संयंत्रों से करीब 1 लाख किसानों को दिन में बिजली सुलभ होने लगी है। करीब 90 हजार करोड़ के घाटे से त्रस्त राजस्थान डिस्कॉम्स के बढ़ते ऋणभार का मूल कारण महंगी बिजली खरीद तथा थर्मल प्लांटों से पैदा हो रही महंगी बिजली है। ऐसे में इन संयंत्रों से मात्र ढाई से 3 रुपए प्रति यूनिट की दर से सस्ती बिजली मिलना डिस्कॉम्स के लिए बड़ी राहत की बात है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस योजना के महत्व को ध्यान में रखा और इसे फ्लैगशिप योजना के रूप में सम्मिलित किया। राजस्थान में इन प्लांटों के माध्यम से जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर वितरण कंपनियों को 2 रुपए 9 पैसे से लेकर 3 रुपए प्रति यूनिट की दर से सस्ती, सुलभ एवं शून्य कार्बन उत्सर्जन आधारित बिजली मिल रही है।

### डिस्कॉम्स को मिल रही सस्ती बिजली

इसके अंतर्गत बड़े-बड़े सोलर प्लांटों के बजाय ग्रिड कनेक्टेड लघु क्षमता के सौर संयंत्र लगाए जाते हैं। कुसुम योजना में ग्रिड सब स्टेशन से अधिकतम 5 किमी के दायरे में प्लांट स्थापित किए जाने का प्रावधान है। इनसे पैदा होने वाली बिजली का उपयोग उसी ग्रिड सब स्टेशन पर होने से विद्युत निगमों को अलग से वितरण अथवा प्रसारण तंत्र विकसित करने की आवश्यकता नहीं होती है। डिस्ट्रिब्यूशन लॉसेज भी न्यूनतम होते हैं, जिसका लाभ वितरण कंपनियों को सस्ती एवं प्रदूषण रहित बिजली की उपलब्धता के रूप में होता है।

### जोधपुर विद्युत वितरण निगम है अव्वल

कुसुम योजना में प्रदेश में जयपुर डिस्कॉम में 169.22 मेगावाट, जोधपुर डिस्कॉम में 997.50 मेगावाट तथा अजमेर डिस्कॉम में 137.33 मेगावाट की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

### कंपोनेंट-ए में अग्रणी तो कंपोनेंट-सी में तीसरे स्थान पर

राजस्थान प्रदेश कंपोनेंट-ए में देश में अग्रणी राज्य है। घटक-ए में 457 मेगावाट के प्लांट अकेले राजस्थान में हैं। वहीं कंपोनेंट-सी में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद राजस्थान तीसरे स्थान पर है। विगत एक साल में जिस गति से प्रदेश आगे बढ़ा है उसे देखते हुए और बेहतर स्थान पर आने की उम्मीद है।

### इन प्रयासों से आया फर्क

इस योजना में डिस्कॉम्स के स्तर पर प्लांट स्थापित करने की राह में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए गए। लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी करने के बाद सोलर प्लांट स्थापित करने तथा पावर परचेज एग्रीमेंट करने से संबंधित प्रक्रियाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। कुसुम से संबंधित फाइलें जल्द निस्तरित करने के लिए मुख्यालय स्तर पर अधीक्षण अभियंता (कुसुम) का पद सृजित किया गया। मीटर टेस्टिंग, ट्रांसमिशन लाइन डालने तथा ट्रांसफार्मर से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए एसओपी जारी की गई। रास्ते तथा लीज भूमि के विवादों को दूर करने तथा वित्तीय संस्थाओं से ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग किया गया, जिससे कि सोलर पावर जनरेटर्स अपने प्रोजेक्ट्स को शीघ्रता से पूर्ण कर पा रहे हैं। सर्किलों में कुसुम के प्लांटों के काम को गति देने के लिए नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# टोंक फाटक पुलिया के पास वाली जमीन खाली नहीं करा पाया जेडीए

### दो साल बाद भी जाम से मुक्त नहीं हो पाया लक्ष्मी मंदिर तिराहा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए ने लक्ष्मी मंदिर तिराहे को जाम मुक्त करने की दिशा में दो साल पहले काम शुरू किया था, इसके लिए 65 करोड़ रुपए की लागत से अंडरपास बनाकर तिराहे को सिग्नल फ्री तो कर दिया, लेकिन अभी तक जाम से मुक्ति नहीं मिल पाई है। गांधी नगर स्टेशन की तरफ से आने वाले और टोंक रोड से सहकार मार्ग जाने वाले वाहन चालक टोंक फाटक पुलिया के पास जाम में फंस रहे हैं। जेडीए की टोंक फाटक पुलिया के पास बने स्ट्रक्चर को हटाकर इस जगह पर चौड़ी सड़क बनाने की योजना थी, ताकि यहां पर होने वाले जलभराव से साथ जाम से आमजन को मुक्ति मिल सके।

जेडीए ने साल 2023 में 65 करोड़ रुपए की लागत से मुख्य लक्ष्मी मंदिर तिराहे को अंडरपास बनाकर सिग्नल फ्री कर दिया। इससे टोंक रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल गई। सहकार मार्ग से नेहरू बाल उद्यान टोंक रोड तक दो लेन अंडरपास बनाया गया। टोंक रोड और गांधी नगर की तरफ से आने वाला यातायात टोंक फाटक पुलिया के नीचे से होकर सहकार मार्ग पर जाता है। इसके लिए टोंक फाटक पुलिया के नीचे सड़क मार्ग को चौड़ा किया जाना जरूरी है। जेडीए द्वारा जमीन खाली नहीं करवा पाने के चलते यातायात सुगम बनाने के काम में बाधा आ रही है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में रोड चौड़ी करने के लिए जेडीए को यहां 1350 स्क्वायर मीटर जमीन की जरूरत है। खास बात यह है कि गांधी नगर स्टेशन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने का काम भी चल रहा है। यहां जब पूरी तरह से लोगों का आवागमन शुरू हो जाएगा तो जमीन नहीं मिलने की सूरत में टोंक फाटक पुलिया के नीचे लगने वाले जाम की समस्या और विकराल रूप धारण कर लेगी।



### पत्राचार में जेडीए ने गुजार दिए दो साल

टोंक फाटक के पास खाली पड़ी बेशकीमती जमीन पर उत्तर-पश्चिमी रेलवे का कब्जा है। जेडीए इस जमीन को खाली करवाने के लिए दो साल से लगातार रेलवे प्रशासन से पत्राचार में लगा हुआ है। जेडीए ने रेलवे को पत्र लिखकर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। जेडीए द्वारा लिखे गए पत्र में बताया गया है कि रामपुरारूपा के खसरा नंबर 280/490 और 280/291 टोंक पुलिया से रेलवे लाइन के बीच का भाग आता है। सरकारी रिकॉर्ड में यह जमीन जेडीए के नाम दर्ज है, जबकि लंबे समय से इस जमीन पर रेलवे ने कब्जा कर रखा है। स्वामित्व संबंध दस्तावेज जमा करवाने को लेकर जेडीए कई बार रेलवे को पत्र लिख चुका है, लेकिन रेलवे ने एक भी पत्र का जवाब नहीं दिया।



# भेड़ निष्क्रमण कार्य में शिक्षकों की नहीं लगाई जाए ड्यूटी

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने उदयपुर जिला प्रशासन की ओर से शिक्षकों की ड्यूटी भेड़ निष्क्रमण कार्य में लगाए जाने को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। दिलावर ने उदयपुर कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में नहीं लगाएं तथा भेड़ निष्क्रमण में लगाई गई शिक्षकों की ड्यूटी को तत्काल प्रभाव से निरस्त करें। उल्लेखनीय है कि उदयपुर जिला प्रशासन ने एक आदेश जारी कर भेड़ों पर नजर रखने के लिए सरकारी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई थी, जिसका शिक्षकों ने विरोध कर शिक्षा मंत्री दिलावर से आदेश निरस्त करवाने की मांग की थी। इस पर शिक्षा मंत्री दिलावर ने उदयपुर कलेक्टर को यह आदेश निरस्त करने के निर्देश दिए हैं।

# इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 29 तक ट्रेनों के संचालन में होगा बदलाव

- जोधपुर मंडल की कुल 13 ट्रेनें प्रभावित, सात का मार्ग परिवर्तित
- दिल्ली के सराय रोहिल्ला स्टेशन पर चल रहा इलेक्ट्रिक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 20 से 29 जुलाई तक ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इस दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की कुल 13 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी, जिनमें 6 ट्रेनें पूरी तरह रद्द की जाएंगी और 7 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार यह कार्य स्टेशन के सिग्नलिंग सिस्टम को इलेक्ट्रिक इंटरलॉकिंग में बदलने के लिए किया जा रहा है। वहीं सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की स्थिति जानने के लिए रेल सेवा 139 या अन्य माध्यमों का उपयोग करने की अपील की है।

### बदले मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

जो 22 व 25 जुलाई को (2 ट्रिप) हावड़ा से प्रस्थान करने वाली 12323 हावड़ा-बाड़मेर सुपरफास्ट परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेल नगर होकर संचालित होगी। 26 व 27 जुलाई को (2 ट्रिप) दिल्ली से रवाना होने वाली 14088 जैसलमेर-दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पटेलनगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 21 से 28 जुलाई तक (8 ट्रिप) बाड़मेर से प्रस्थान करने वाली 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पटेलनगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 26 व 27 जुलाई (2 ट्रिप) जम्मूतवी से प्रस्थान करने वाली 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेलनगर होकर संचालित होगी। 25 जुलाई को कामाख्या से प्रस्थान करने वाली 15624 कामाख्या-भगत की कोठी एक्सप्रेस साप्ताहिक परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेलनगर होकर संचालित होगी। वहीं 22 जुलाई को (1 ट्रिप) दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 20488 दिल्ली-बाड़मेर मालानी सुपरफास्ट परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेलनगर होकर संचालित होगी।



जानकारी के अनुसार 22421 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सालासर सुपरफास्ट 21 से 28 जुलाई (8 ट्रिप), 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सालासर सुपरफास्ट 21 से 29 जुलाई (9 ट्रिप), 12464 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 24 जुलाई (1 ट्रिप), 22664 बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट 26 जुलाई (1 ट्रिप), 22663 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बीकानेर सुपरफास्ट 25 व 27 जुलाई (2 ट्रिप), 22481 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट 20 से 27 जुलाई (8 ट्रिप), 22482 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर सुपरफास्ट 21 से 28 जुलाई तक (8 ट्रिप) पूरी तरह से रद्द रहेंगी।

# कांग्रेस की रामसेतु पर दोहरी नीति हो रही उजागर : शेखावत

### केंद्रीय मंत्री ने जोधपुर एयरपोर्ट पर कांग्रेस और पूर्व सीएम गहलोत को घेरा



महानगर संवाददाता

**जयपुर/जोधपुर।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को रामसेतु मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रामसेतु जैसी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक पर दोहरी नीति अब ज्यादा दिन नहीं छिप सकती।

शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जब कांग्रेस केंद्र में थी, तब उसने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर रामसेतु के अस्तित्व को नकारा था। अब कांग्रेस और अशोक गहलोत को देश को बताना चाहिए कि उस समय की पार्टी लाइन और उनके व्यक्तिगत विचारों में क्या फर्क है। उन्होंने कहा कि यह जनता को साफ होना चाहिए कि कांग्रेस इस मुद्दे पर किस पक्ष में है। शेखावत ने दोहराया कि रामसेतु सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि आस्था का प्रतीक है और इससे जुड़े सवालों पर कांग्रेस की चुप्पी बहुत कुछ कहती है।

# डिजिटल अरेस्ट के फैले जाल में साइबर ठगों से बचें

### राजस्थान पुलिस ने जारी की चेतावनी: सीबीआई, ईडी अधिकारी बन ठग रहे अपराधी, रहें सावधान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** साइबर अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है और अपराधी अब लोगों को ठगने के लिए नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने डिजिटल अरेस्ट नामक एक धोखाधड़ी के संबंध में महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इस तरीके में अपराधी खुद को सीबीआई, मुंबई पुलिस, कस्टम, आयकर विभाग या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी बताकर लोगों को वीडियो कॉल पर डराते हैं और उन्हें गंभीर अपराधों में फंसाने की धमकी देकर उनके बैंक खातों से पैसे ऐंठ लेते हैं।

एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी पीड़ितों को वीडियो कॉल करते हैं और वर्दी व फर्जी वारंट दिखाकर उन्हें धमकाते हैं। वे दावा करते हैं कि पीड़ित के बच्चों या परिवार ने ड्रग्स, रेप जैसे अपराध किए हैं, उनके मोबाइल नंबर का उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में हुआ है या उनके बैंक खातों में मनी लॉन्ड्रिंग या देश विरोधी गतिविधियों से संबंधित बड़ी रकम जमा है। साइबर अपराधी पीड़ितों को धमकाकर कहते हैं कि पुलिस वेरिफिकेशन के लिए उन्हें अपने सभी बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और अन्य निवेश की पूरी धनराशि उनके बताए गए बैंक खातों में ट्रांसफर करनी होगी। वे यह भी आश्वासन देते हैं कि वेरिफिकेशन सही पाए जाने पर पैसे वापस कर दिए जाएंगे। अपराधी पीड़ितों को तब तक वीडियो कॉल पर ही रहने के लिए मजबूर करते हैं, जब तक वेरिफिकेशन पूरा नहीं हो जाए और उन्हें किसी अन्य व्यक्ति या पुलिस को इसकी सूचना नहीं देने की धमकी देते हैं। डर के मारे पीड़ित लोग अक्सर इन अपराधियों के बताए यूपीआई या बैंक खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर कर देते हैं। एसपी सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार अपने तरीकों में बदलाव कर रहे हैं। सतर्क रहें, जागरूक रहें, और अपनी व्यक्तिगत व वित्तीय जानकारी को सुरक्षित रखें। आपकी सावधानी ही आपको इन धोखेबाजों से बचा सकती है।



### बचने के लिए सलाह

- पुलिस या कोई भी सरकारी विभाग कभी भी वीडियो कॉल पर किसी को गिरफ्तार करने या अपराध में संलिप्तता की धमकी नहीं देता है। यह एक स्पष्ट संकेत है कि आप ठगी का शिकार हो रहे हैं।
- इस तरह की किसी भी वीडियो कॉल पर कभी भी किसी अन्य खाते में धनराशि ट्रांसफर नहीं करें। सरकारी एजेंसियां कभी भी सत्यापन के नाम पर आपसे पैसे ट्रांसफर करने को नहीं कहेंगी।

#### अगर आप ऐसी घटना का शिकार होते हैं तो क्या करें

- तत्काल अपने निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन में संपर्क करें।
- साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराएं।
- साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके सहायता प्राप्त करें।
- आप साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 या 9257510100 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25